

आपकी बात, निर्भीकता के साथ

# प्रातःनागपुरी

आरएनआई पंजीयन सं. JHABIL/2023/86791

वर्ष : 02, अंक : 49 | रांची, बुधवार, 29 जनवरी 2025 (माघ कृष्ण अमावस्या, संवत 2081), पृष्ठ : 12, मूल्य : 3 रुपये | email: jharkhandwanitaudyog@gmail.com



# महाकुंभ में मची भगदड़, 30 श्रद्धालुओं की मौत की सूचना

## ○ संगम तट के पास हुआ हादसा ○ 50 से अधिक घायल

एजेंसियां

**प्रयागराज।** संगम नगरी मंगलवार की रात अमंगल हो गई। महाकुंभ में भीड़ का दबाव इतना बढ़ा कि भगदड़ मच गई। इसमें 30 लोगों की मौत हो गई, हालांकि मरने वालों की संख्या कहीं अधिक बताई जा रही है। बड़ी संख्या में लोग घायल हैं। मेलाधिकारी विजय किरन आनंद ने बताया कि अफवाह के कारण भगदड़ हुई, इसमें 17 श्रद्धालुओं की मौत हुई है। 50 से ज्यादा लोग गंभीर रूप से घायल हैं। सभी को महाकुंभ नगर के केंद्रीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है महाकुंभ के अस्पताल में घायलों को लेकर आने वाली एंबुलेंस का तांता लगा हुआ है। राहत और बचाव कार्य में पूरा प्रशासन जुटा हुआ है। दर्दनाक हादसा रात करीब दो बजे संगम तट के पास हुआ।



**जो नीचे गिर पड़ा वह उठ नहीं सका :** महाकुंभ में मौनी अमावस्या के लिए मंगलवार सुबह से ही श्रद्धालुओं का रेला उमड़ा हुआ था। दोपहर में बेकाबू भीड़ ने कई स्थानों की बैरिकेडिंग भी तोड़ी। रात में स्नान शुरू होने के बाद संगम में भीड़ अधिक बढ़ गई। संगम तट और उसके आसपास लाखों श्रद्धालु जमा हो गए।

अखाड़ों के लिए बनाई गई बैरिकेडिंग भी कुछ स्नानार्थियों ने तोड़ने का प्रयास किया। जिसको जहां से जगह मिलती उधर ही चला जाता। आधी रात के बाद स्नानार्थियों की भीड़ संगम तट के करीब ठहर गई, जिससे स्थिति बिगड़ने लगी। रात करीब दो बजे स्थिति नियंत्रण से बाहर हुई तो भगदड़ मच गई। इधर-उधर भागती भीड़ में जो नीचे गिर पड़ा वह उठ नहीं सका। जिसने भागने का प्रयास किया वह भी दब गया। मेला कंट्रोल रूम और पुलिस कंट्रोल रूम को यह सूचना मिली तो हड़कंप मच गया।

शेष पेज 08 पर

### अखाड़ों ने रोका अपना स्नान

महाकुंभ में भगदड़ की वजह से अखाड़ों ने अमृत स्नान का कार्यक्रम फिलहाल स्थगित कर दिया है। महानिर्वाणी और अटल अखाड़े के संत अपने शिविर में वापस लौट रहे हैं। शाही जुलूस रोक दिया गया है। संत महात्मा वापस लौटने लगे हैं। फिलहाल अमृत स्नान के लिए नहीं जाने का फैसला लिया गया है। बताते चले हैं मंगलवार की देर रात अमृत स्नान के लिए शाही जुलूस निकल गया था।



## दूसरा अमृत स्नान आज, श्रद्धालुओं का उमड़ा जनसैलाब

**प्रयागराज।** प्रयागराज महाकुंभ में बुधवार (29 जनवरी, 2025) को मौनी अमावस्या के अवसर पर दूसरा अमृत स्नान होना है। विभिन्न अखाड़ों के साधु संत इस अमृत स्नान का हिस्सा होंगे और संगम में डुबकी लगाएंगे। इसी के साथ मौनी अमावस्या के दिन करीब 10 करोड़ श्रद्धालुओं के भी प्रयागराज आने का अनुमान है।



**सबसे पहले महानिर्वाणी अखाड़े के नागा संन्यासी करेंगे स्नान :** मौनी अमावस्या का अमृत स्नान ब्रह्म मुहूर्त सुबह चार बजे से शुरू होगा। सबसे पहले महानिर्वाणी अखाड़े के नागा संन्यासी स्नान करेंगे। महानिर्वाणी अखाड़े के साथ श्री शंभू पंचायती अटल अखाड़ा भी स्नान करेगा।

**प्रशासन की ओर से किए गए खास इंतजाम :** मेला प्रशासन और यूपी पुलिस ने अमृत स्नान पर्व को देखते हुए व्यापक तैयारियां की हैं। न केवल कुंभ बल्कि आने वाले श्रद्धालुओं के लिए रेलवे की ओर से भी कई इंतजामात किए गए हैं। मौसम को देखते हुए 1000 से अधिक मेडिकल कर्मियों को भी तैनात किया गया है।

श्रद्धालुओं की बड़ी संख्या को देखते हुए प्रयागराज रेल मंडल ने भी विशेष प्रबंध किए हैं। मौनी अमावस्या पर्व के दिन प्रयागराज रेल मंडल ने शहर के सभी स्टेशनों पर यात्रियों के आने और जाने के लिए विशेष योजना बनाई है।

शेष पेज 08 पर

### संक्षिप्त खबरें

#### आज 100वां मिशन लॉन्च करेगा इसरो

**श्री हरिकोटा।** इसरो के 100वें मिशन जीएसएलवी-एफ 15 रॉकेट के साथ सैटेलाइट एनवीएस-02 को लॉन्च करने का काउंटडाउन शुरू हो गया है। स्वदेशी क्रायोजेनिक स्टेज वाले रॉकेट को बुधवार को सुबह 6.23 बजे सतीश धवन अंतरिक्ष केंद्र श्रीहरिकोटा के दूसरे लॉन्च पैड से प्रक्षेपित किया जाएगा। 27 घंटे का काउंटडाउन पूरा करने के बाद रॉकेट सैटेलाइट को लेकर रवाना होगा। इसके साथ ही यह इसरो के नए अध्यक्ष वी नारायणन का पहला मिशन होगा। इसरो ने बताया कि जीएसएलवी-एफ15, एनवीएस-02 सैटेलाइट को भू-स्थिर स्थानांतरण कक्षा में स्थापित करेगा। इसकी 27.30 घंटे की उल्टी गिनती मंगलवार सुबह 02.53 बजे शुरू हुई।

लातेहार में दो लाख का इनामी नक्सली हथियार के साथ गिरफ्तार पेज 08

रांची में सीसीएल के दो घूसखोर क्लर्कों को हुई जेल की सजा पेज 08

जल संसाधन विभाग के रिश्वतखोर इंजीनियर बृज बिहारी सिंह दोषी करार, भेजे गए जेल पेज 08

अनियंत्रित वाहन ने छह लोगों को मारी टक्कर, एक की मौत पेज 08

## 20,000 करोड़ के निवेश से होगा बोकारो स्टील प्लांट का विस्तार : एच डी कुमारस्वामी

- पीएम मोदी का विजन पूरा करने में बोकारो की होगी महत्वपूर्ण भूमिका, 12.5 हजार लोगों को मिलेगा रोजगार

विजय कुमार झा



**बोकारो।** केन्द्र सरकार बोकारो स्टील प्लांट का विस्तार 5.6 मिलियन टन से बढ़ाकर 7.4 मिलियन टन करने जा रही है, जिसमें 15,000 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश किया जा रहा है। केवल यही नहीं, बोकारो में हम एक ब्लास्ट फर्नेस का विस्तार भी कर रहे हैं और स्टील मेल्टिंग शॉप पर 5,000 करोड़ रुपये खर्च कर रहे हैं। कुल मिलाकर, हम बोकारो स्टील प्लांट के विस्तारीकरण पर 20,000 करोड़ रुपये का निवेश करने जा रहे हैं। विस्तारीकरण के इस अभियान के तहत बोकारो स्टील प्लांट से 2,500 प्रत्यक्ष और 10,000 अप्रत्यक्ष नौकरियां पैदा होंगी। उक्त बातें केंद्रीय इस्पात एवं भारी उद्योग मंत्री एच डी कुमार स्वामी ने बोकारो हवाई अड्डे पर संवाददाताओं से बातचीत करते हुए कहीं।

उन्होंने कहा कि इसके साथ ही, बोकारो एयरपोर्ट से वाणिज्यिक उड़ानों को शुरू करने के लिए हम एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया से बातचीत कर रहे हैं।

शेष पेज 08 पर

## अबुआ बजट की तैयारी में जुटे मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन

प्रातः नागपुरी संवाददाता

**रांची।** झारखंड बजट में ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के साथ साथ हेमंत सरकार कृषि, शिक्षा, सिंचाई और स्वास्थ्य पर फोकस करने जा रही है। झारखंड मंत्रालय में आगामी वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिए तैयार किए जा रहे अबुआ बजट की तैयारी को लेकर संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

दो दिवसीय इस संगोष्ठी के अंतिम दिन मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने संबोधित करते हुए कहा कि इस बार के बजट को लेकर मिले सुझाव को अध्ययन करने को कहा गया है। इस संगोष्ठी में बजट के ऊपर एक से बढ़कर एक अच्छे सुझाव सुनने को मिले हैं। जितने दिन कार्यशाला चली है, उतने दिन के सभी दस्तावेजों को एकत्रित करने का सचिव को आदेश दिया है और उस पर अध्ययन होगा।

**ग्रामीण अर्थव्यवस्था कृषि, शिक्षा स्वास्थ्य और सिंचाई पर फोकस**



**केंद्र गार्जियन, झारखंड पर दे विशेष ध्यानः** सीएम हेमंत ने कहा कि मुझे लगता है कि इस बार का बजट झारखंड राज्य के लिए बहुत खास होने जा रहा है। केन्द्रीय बजट को लेकर मीडियाकर्मियों के सवाल का जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि झारखंड पिछड़े राज्यों में से एक है और केंद्र गार्जियन के रूप में है, तो झारखंड पर उन्हें विशेष ध्यान देना चाहिए।

**योजना मद की राशि का कितना मिला है लाभ सरकार करेगी अध्ययनः वित्त मंत्री-** झारखंड मंत्रालय में अबुआ बजट पर दो दिनों तक चली संगोष्ठी के अंतिम दिन मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर की मौजूदगी में विशेषज्ञों ने अपनी-अपनी राय रखी।

शेष पेज 08 पर

### झारखंड कैबिनेट की बैठक आज

**रांची।** झारखंड कैबिनेट की बैठक 29 जनवरी (बुधवार) को होगी। सीएम हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में कैबिनेट की बैठक प्रोजेक्ट भवन में होगी। शाम चार बजे से बैठक शुरू होगी। इसमें जनहित के कई प्रस्तावों पर मंत्रिपरिषद मुहर लगाएगी। झारखंड के मंत्रिमंडल सचिवालय एवं निगरानी विभाग (समन्वय) ने मंगलवार को इसकी जानकारी दी।

## माओवादी गुट जेएसएमएम के मुखिया की पीट-पीटकर हत्या




प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि

**लातेहार।** झारखंड के लातेहार जिले में माओवादियों से अलग हुए गुट 'झारखंड संघर्ष मुक्ति मोर्चा' (जेएसएमएम) के प्रमुख को ग्रामीणों ने बुरी तरह पीटा, जिसके बाद अस्पताल में उसने दम तोड़ दिया। पुलिस ने 28 जनवरी, 2028 दिन मंगलवार को यह जानकारी देते हुए बताया कि इस घटना में झासमुमो के दो सदस्य गंभीर रूप से घायल भी हुए हैं।

शेष पेज 08 पर

## 35 लाख के गहने व डेढ़ लाख कैश की चोरी

**जमशेदपुर**

- राष्ट्रपति पुरस्कार में मिले गोल्ड मेडल भी उड़ा ले गए चोर

प्रातः नागपुरी संवाददाता

**जमशेदपुर।** बड़ी खबर जमशेदपुर से आई है। नकाबपोश चोर गिरोह ने एक बार फिर गोविंदपुर थाना क्षेत्र के प्रकाश नगर स्थित रॉक गार्डन सोसाइटी में बंद छह फ्लैट का ताला तोड़कर करीब 35 लाख रुपए के गहने और करीब डेढ़ लाख रुपए नकद की चोरी कर ली। एमएम महतो के फ्लैट से चोर राष्ट्रपति पुरस्कार में मिले गोल्ड मेडल भी ले गए। चोर गिरोह ने पिछले दो दिनों में तीसरी चोरी की बड़ी घटना को अंजाम दिया है। घटना सोमवार देर रात की है।



चोरी की वारदात के बाद सोसाइटी के लोगों ने जमकर हंगामा किया। चोरी की सूचना मिलने के बाद गोविंदपुर पुलिस, फॉरेंसिक टीम और डीएसपी सिटी सुनील चौधरी मौके पर पहुंचे। सभी फ्लैट में हुई चोरी की घटना की छानबीन की। चोर गिरोह ने सोसाइटी के टोपाज ब्लॉक के फ्लैट नंबर 304, 401 के पाल बाबू और 403 के राम कुमार सिंह के फ्लैट का ताला तोड़ कर चोरी की घटना को अंजाम दिया है। ब्लॉक एमरॉल्ड के फ्लैट नंबर-104 के एमएम महतो, 201 के पदमा लोचन मिश्रा और 303 के अनिल कुमार मिश्रा के घर से गहने और नकद की चोरी की है। फॉरेंसिक टीम ने कई जगहों से फिंगर प्रिंट का अन्य नमूना लिया है। चोर गिरोह की तस्वीर भी सीसीटीवी कैमरा में कैद हुई है।

**क्या कहते हैं पीड़ित परिवारः** घटना के संबंध में फ्लैट नंबर 201 के पदमलोचन मिश्रा ने बताया कि उनका गांव हल्दीपोखर में है।

शेष पेज 08 पर

## झारखंड के कल्याण मंत्री चमरा लिंडा ने जारी किया शिक्षा कैलेंडर



- एकलव्य मॉडल विद्यालयों को सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की तर्ज पर संचालित करने का दिया निर्देश

प्रातः नागपुरी संवाददाता

**रांची।** झारखंड के अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति एवं पिछड़ा वर्ग कल्याण मंत्री चमरा लिंडा ने मंगलवार को शिक्षा कैलेंडर जारी किया। उन्होंने सभी एकलव्य मॉडल एवं आश्रम विद्यालयों को सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की तर्ज पर संचालित करने का निर्देश दिया। मोरहाबादी स्थित कल्याण कॉम्प्लेक्स में एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालयों में नामांकन और विद्यार्थियों के अध्ययन से संबंधित कई महत्वपूर्ण निर्देश भी दिए।

शेष पेज 08 पर

### प्रधानमंत्री ने भुवनेश्वर में दो दिवसीय 'मेक इन ओडिशा' सम्मेलन का किया उद्घाटन, कहा

## बेफिक्र होकर यहां निवेश करें उद्योगपतिः मोदी

एजेंसियां

भुवनेश्वर। ओडिशा सरकार की तरफ से आयोजित दो दिवसीय 'मेक इन ओडिशा' सम्मेलन का उद्घाटन करने आज पीएम मोदी भुवनेश्वर के स्थानीय जनता मैदान में पहुंचे। यहां उन्होंने 'उत्कर्ष ओडिशा 2025' का उद्घाटन किया। प्रधानमंत्री ने 'उत्कर्ष ओडिशा 2025' में लगी प्रदर्शनी की जानकारी भी ली। पीएम मोदी ने इस दौरान निवेशकों को संबोधित किया।



**भारत को समझने के लिए ओडिशा एक बेहतरीन स्थल :** भारत को समझने के लिए ओडिशा एक बेहतरीन स्थल है। यहां हर चीज के दर्शन होते हैं। यह राज्य विकास विरासत का अद्भुत मॉडल है। इसी भाव के साथ ही हमने जी 20 के कल्चर से जुड़े इवेंट ओडिशा में रखे थे। कोणार्क सूर्य मंदिर के चक्र को जी-20 के मेन इवेंट का हिस्सा बनाया था।

शेष पेज 08 पर

### देहरादून में पीएम ने 38वें राष्ट्रीय खेलों का किया उद्घाटन

**देहरादून।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मंगलवार को देहरादून के राजीव गांधी स्टेडियम में 38वें नेशनल गेम्स का उद्घाटन किया। इस अवसर पर उत्तराखंड की धार्मिक विरासत और जैव विविधता का झलक पेश करते रंगारंग उद्घाटन समारोह में 38वें राष्ट्रीय खेलों के शुरू होने की घोषणा की। इससे पहले अल्मोड़ा के रहने वाले भारतीय बैडमिंटन स्टार लक्ष्य सेन ने प्रधानमंत्री को राष्ट्रीय खेलों की तेजस्विनी मशाल सौंपी। राष्ट्रीय खेलों में 32 खेलों में लगभग 10 हजार खिलाड़ी पदक जीतने के लिए चुनौती पेश करेंगे। प्रधानमंत्री ने इस मौके पर कहा ,"जब कोई देश खेल में आगे बढता है तो देश की साख भी बढती है और प्रोफाइल भी बढता है । यहां कई रिकॉर्ड टूटेंगे, नये रिकॉर्ड बनेंगे लेकिन यह राष्ट्रीय खेल सिर्फ खेल स्पर्धा नहीं बल्कि 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' का मजबूत मंच भी है ।' प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस मौके कहा कि देश के खिलाड़ी मुझे प्रधानमंत्री नहीं, परम मित्र बुलाते हैं। बाबा केदार की पूजा के साथ नेशनल गेम्स शुरू हो रहे हैं। इन गेम्स में देश के कोने-कोने से आए युवा अपना हुनर दिखाएंगे। यहां मुझे एक भारत, श्रेष्ठ भारत की तस्वीर दिख रही है। इस बार के नेशनल गेम्स एकता के ग्रीन गेम्स भी हैं। इनमें एनवायरमेंट फ्रेंडली चीजों का उपयोग हो रहा है। यहां भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी लक्ष्य सेन मशाल लेकर आए। सभी राज्यों के खिलाड़ियों ने परेड ऑफ स्टेट्स में हिस्सा लिया। सेरेमनी में उत्तराखंड के राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (सेवानिवृत्त), सीएम पुष्कर सिंह धामी और IOA की प्रेसिडेंट पीटी ऊषा मौजूद रहे।

शेष पेज 08 पर

## चुनाव आयोग ने पानी में जहर वाले बयान पर केजरीवाल से कल तक मांगे सबूत

एजेंसियां

**नई दिल्ली।** चुनाव आयोग ने दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को पत्र लिखा है। इसमें आयोग ने केजरीवाल से उनके द्वारा लगाए गए आरोपों के संबंध में सबूत देने को कहा है। इतना ही नहीं चुनाव आयोग ने कहा है कि अगर अरविंद केजरीवाल कोई ठोस तथ्य और जवाब नहीं देते तो उनके खिलाफ आदेश पारित किया जाएगा, जिसके तहत अलग-अलग धाराओं के तहत कार्रवाई की जाएगी। जवाब देने के लिए अरविंद केजरीवाल को बुधवार रात 8 बजे तक का समय दिया गया है। दरअसल, सोमवार को आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने हरियाणा की भाजपा सरकार पर यमुना के पानी को जहरीला करने का आरोप लगाया था। उन्होंने कहा था कि यमुना में हरियाणा से पानी दिल्ली में आता है। भाजपा की हरियाणा सरकार ने यमुना के पानी को जहरीला कर दिया है। हालांकि, दिल्ली जल बोर्ड ने उस पानी को दिल्ली में आने से रोक दिया। भाजपा सरकार ने पानी में ऐसा जहर मिलाया है, जिसे जल उपचार संयंत्रों द्वारा भी साफ नहीं किया जा सकता है। इसकी वजह से दिल्ली के एक तिहाई हिस्से में पानी की किल्लत हो गई है।



केजरीवाल के इस बयान के बाद से दिल्ली में यमुना के पानी को लेकर सियासी बयानबाजी जारी है। बीजेपी ने इन आरोपों को खारिज कर दिया।

शेष पेज 08 पर

## संक्षिप्त

### पुलिस ने अफीम की खेती को किया नष्ट



**सिल्ली।** अफीम की खेती अब तेजी सिल्ली में भी होने लगी है। सिल्ली पुलिस ने मंगलवार को सिल्ली थाना क्षेत्र के दोबाडू पंचायत के काशीडीह गांव में करीब चार एकड़ जमीन पर लगे अफीम की खेती को नष्ट कर दिया। सिल्ली डीएसपी अनुज उरांव के निर्देश पर सिल्ली पुलिस ने मंगलवार को दोपहर थाना क्षेत्र के बसंतपुर गांव के निकट करीब दस एकड़ जमीन पर लगी अफीम की खेत को नष्ट कर दिया। ज्ञात हो कि अभी हाल में ही कुछ दिन पहले सिल्ली थाना क्षेत्र के बसंतपुर इलाके में भी पुलिस ने अफीम की खेती नष्ट किया है। थाना प्रभारी दिनेश ठाकुर ने बताया कि पुलिस की टीम पूरे दिन अफीम की खेती को नष्ट करने में जुटी रही। इस मामले में किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है।

### विद्यार्थियों ने किया शैक्षणिक भ्रमण



**खूंटी।** बिरसा कॉलेज खूंटी के नागपुरी विभाग के विद्यार्थियों का दो दिवसीय एजुकेशनल टूर 27 और 28 जनवरी को संपन्न हुआ। इस दौरान विद्यार्थी पालकोट के ऐतिहासिक और धार्मिक स्थल, आंजन धाम, हापामुनि के महामाया मंदिर, नेतहाट, लोध फोल (बुढ़ा घाघ), टांगीनाथ का भ्रमण कर ऐतिहासिक तथ्य और दंतकथा से परिचित हुए। नेतरहाट में आवासीय बिद्यालय, शैले हाउस, पाइन फारेस्ट, सनसेट पॉइंट, कोइल व्यू, सनराइज पॉइंट जाकर जानकारी प्राप्त की। छात्र-छात्राओं ने सूर्योदय का लुप्त उठाया। कॉलेज की प्राचार्या जे.किड़ो ने कहा कि ज्ञानार्जन के लिए एजुकेशनल टूर फायदेमंद साबित होता है। यह पढ़ाई का ही हिस्सा है। विद्यार्थियों के साथ नागपुरी विभाग के डॉ कोरनेलियुस मिंज, असिस्टेंट प्रोफेसर सुनिता टोप्पो भी गए थे। विद्यार्थियों में बसंत कांशी, दीपक बैठा, मनीषा कुमारी, मुकेश राम, प्रीतम कुमार, सुकृति कुमारी, सुनिता बारला, किरण कुमारी, नेहा कुमारी, सरिता कुमारी, नंदी मुंडू सहित अन्य विद्यार्थी शामिल थे।

# गांव में शिविर लगाकर कुष्ठ रोग के प्रति भ्रांतियों को करें दूर : डीसी



**प्रातःनागपुरी प्रतिनिधि**

**रामगढ़।** राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की पुण्यतिथि पर पूरे देश में स्पर्श कुष्ठ जागरूकता अभियान सह कुष्ठ रोग खोज अभियान पखवाड़ा चलाया जाएगा।

30 जनवरी से 14 फरवरी तक चलाए जाने वाले अभियान को लेकर मंगलवार को डीसी चंदन कुमार की अध्यक्षता में जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक हुई। इस दौरान राज्य समन्वयक राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन कार्यक्रम डॉक्टर गौतम के द्वारा डीसी, सिविल सर्जन एवं बैठक में उपस्थित अन्य अधिकारियों को राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन अभियान के तहत आयोजित किए जाने वाले विभिन्न कार्यक्रमों की जानकारी दी गई। कुष्ठ रोग के उपचार और रोकथाम को लेकर सरकार गंभीर है। 2027 तक कुष्ठ रोग के तहत जीरो स्टिग्मा का लक्ष्य रखा गया है। डीसी ने अभियान के तहत जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में आयोजित किए जाने वाले शिविरों के माध्यम से लोगों को कुष्ठ रोग से जुड़े भ्रांतियों को दूर करने, रोग की पहचान एवं त्वरित रूप से उपचार के लिए नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में जाने को लेकर जागरूक करने का निर्देश दिया। डीसी ने लोगों को जागरूक करने के लिए ज्यादा से ज्यादा ग्राम सभा आयोजित करने, विद्यालय स्तर पर बच्चों को कुष्ठ रोग से जुड़ी भ्रांतियों के प्रति जागरूक करने का निर्देश दिया। जिला समाज कल्याण पदाधिकारी को आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से लोगों को कुष्ठ रोग से जुड़ी भ्रांतियों एवं रोग के उपचार आदि के प्रति जागरूक करने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान डीसी ने सभी को जिले को कुष्ठ मुक्त करने में कोई कसर नहीं छोड़ने को कहा। कुष्ठ रोगियों की यथाशीघ्र पहचान के लिए।

### लक्ष्य पाने के लिए हर संभव करें प्रयास

जिले में उपलब्ध संसाधनों का यथासंभव उपयोग करने, जो भी व्यक्ति कुष्ठ रोग से ग्रसित हैं, उनके साथ किसी भी प्रकार का भेदभाव नहीं करने, ना ही किसी अन्य को इसकी इजाजत देने, व्यक्तिगत एवं सामूहिक रूप से कुष्ठ रोग से प्रभावित व्यक्तियों के प्रति भेदभाव एवं घृणा खत्म करने के लिए कार्य करने और उन्हें मुख्य धारा में लाने के लिए अपना महत्वपूर्ण योगदान देने से संबंधित शपथ दिलाई। राष्ट्रीय कुष्ठ उन्मूलन अभियान के तहत विगत पांच वर्षों में जिन भी गांव में कुष्ठ रोग से पीड़ित पाए गए हैं, उन गांवो में सर्वे किया जाएगा।

### अनियमितता संबंधित मामले में प्रधान लिपिक पर कार्रवाई

**रामगढ़।** रामगढ़ जिले में एनएच 33 के चौड़ीकरण अंतर्गत अधिग्रहित भूमि के मुआवजा भुगतान में वित्तीय अनियमितता संबंधित मामले में भू अर्जन कार्यालय के तत्कालीन प्रधान लिपिक प्रवीण कुमार सिन्हा के विरुद्ध कार्रवाई की गई है। मंगलवार को डीसी चंदन कुमार ने बताया कि प्रवीण सिन्हा के विरुद्ध प्रतिवेदित आरोप, उनके जरिये संचालन पदाधिकारी के समक्ष समर्पित बचाव बयान एवं संचालन पदाधिकारी के मंतव्य की समिक्षोपरांत आरोपों को प्रमाणित किया गया है। प्रवीण कुमार सिन्हा के विरुद्ध झारखंड पेंशन नियमावली के नियम 45 बी के तहत स्थाई तौर पर 10 प्रतिशत पेंशन से राशि कटौती का दंड डीसी के जरिये अधिरोपित किया गया है।

# इटकी : सिरासीता नाले पैदल दर्शन यात्रा में उमड़ी भीड़

### सरना समाज ने जगह-जगह पर किया भव्य स्वागत



**प्रातःनागपुरी प्रतिनिधि**

**इटकी।** इटकी मोड़ स्थित मंगलवार को सिरासीता नाले पैदल दर्शन यात्रा के स्वागत के लिए लोगों उमड़ी भीड़। 12 पड़हा आदिवासी सरना समाज के सैंकड़ों लोगों ने सिरासीता नाले पैदल दर्शन यात्रा को पारंपरिक तरीके से जोरदार स्वागत किया।

27 जनवरी को ओरमांझी सदमा सरना स्थल से चली पैदल दर्शन यात्रा के स्वागत के लिए महिलाएं माथे में कलश, फुल माला और पुरुष हाथों में झंण्डा ढोल नगाड़ा के साथ पहुंचे थे। घंटों इंतिजार के बाद जैसे ही पैदल दर्शन यात्रा उक्त स्थल पहुंची लोग जय सरना का जयकारा लगाने लगे इसके बाद महिलाओं ने फुलों की वर्षा कर पारंपरिक रिति रिवाज के साथ यात्रा में शामिल लोगों का स्वागत किया। यहां से पैदल दर्शन यात्रा आगे बढ़ने के बाद कुर्गी, पलमा, गड़गांव और बेड़ो में भी जगह जगह पर लोगों ने पैदल दर्शन यात्रा का भव्य रूप से स्वागत किया। डब्बू केरकेट्टा ने जानकारी दी कि अंजन मुण्डा सहित तीन अन्य लोगों को सरना उपवास मिलने के बाद 27 जनवरी को ओरमांझी सदमा सरना स्थल से सिरासीता नाले पैदल दर्शन यात्रा शुरू होकर सोमवार शाम को पिस्का नगड़ी के केशारो गांव पहुंची वहां रात्रि विश्राम के बाद मंगलवार को पैदल दर्शन यात्रा इटकी मोड़ होते आदिवासियों के धर्म स्थल छत्तीसगढ़ के चैनपूर सिरा सीता नाले ककड़ों लता के लिए आगे बढ़ गया। दो फरवरी को पैदल दर्शन यात्रा अपनी मंजील पूरा करेगा। स्वागत में इटकी, कुन्दी, वारीडीह ,मल्टी , डोला, सौका, मोरो, सहित कई अन्य गांवों के लोग शामिल थे।

## डीडीसी ने की विकास कार्यों की समीक्षा, दिए कई निर्देश



**प्रातःनागपुरी प्रतिनिधि**

**रामगढ़।** रामगढ़ डीडीसी रोबिन टोप्पो की अध्यक्षता में मंगलवार को जिले में अनाबद्ध निधि, पर्यटन विकास एवं डीएमएफटी के माध्यम से हो रहे विकास कार्यों की समीक्षा की गई। इस दौरान डीसी ने कई दिशा निर्देश दिए।

इस दौरान डीडीसी ने डीएमएफटी के तहत संचालित विभिन्न कार्यकारी एजेंसियों के जरिए किए जा रहे कार्यों की जानकारी ली। उन्होंने सभी कार्यकारी एजेंसियों को उनके तहत किए जा रहे हैं। योजनाओं को जल्द से जल्द पूर्ण करने का निर्देश दिया। जिला अनाबद्ध निधि एवं डीएमएफटी के माध्यम से संचालित योजनाओं की समीक्षा करते हुए डीडीसी ने अब तक हुए कार्यों की विस्तार से जानकारी ली। वित्तीय वर्ष 2024-25 में स्वीकृत योजनाओं को पूर्ण कराने का निर्देश दिया। पर्यटन विकास की दिशा में जिले में हो रहे कार्यों की समीक्षा के क्रम में डीडीसी ने पर्यटन स्थलों पर चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा की। उन्हें जल्द से जल्द पूर्ण करने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने जिले में अन्य पर्यटन स्थलों को चयनित कर उन्हें पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने का निर्देश दिया। बैठक के दौरान सिविल सर्जन, प्रभारी पदाधिकारी विकास शाखा, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, जिला योजना पदाधिकारी, जिला शिक्षा अधीक्षक, जिला स्तरीय पदाधिकारियों, कार्यपालक अभियंताओं, सहायक अभियंताओं सहित अन्य उपस्थित थे।

### 6 घरों में लाखों के जेवरात और नगद राशि की हुई चोरी

**सोनाहातू ।** सोनाहातू थाना क्षेत्र के सारमाली और भकुवाडीह गांव में सोमवार की रात अज्ञात चोरों ने छःघरों में ताला तोड़कर लाखों की जेवरात और नगद राशि की चोरी कर लिया गया है। सारमाली गांव के नन्द किशोर महतो उर्फ फतु ,के घर में ताला तोड़कर घर में रखे बक्सा को निशाना बनाया लेकिन कुछ नहीं मिला वहीं पर बगल के घर में प्रयाग महतो को भी निशाना साधा लेकिन वहां भी कछ नहीं मिला।उसके बाद गांव के ग्राम प्रधान के तीनों भाई के घर को भी ताला तोड़कर घुसकर आलमारी बक्सा तोड़ा ।भकुवाडीह गांव के खंजन महतो ,कर्ण महतो, अरूण कुमार महतो के घर में ताला तोड कर अलमीरा से ढाई लाख रूपए के चांदी के जेवरात, मलिन्दर नाथ महतो के घर से नगद पांच लाख रुपए तथा अलमारी में रखा लाखों की सोना चांदी लेकर जेवरात की चोरी किया गया है। सोनाहातू ओर राहे थाना क्षेत्र में लगातार चोरी होने की घटना हो रही है। अज्ञात चोर बंद घरों को निशाना बनाते है या घर के लोग बाहर होते है।

### उपायुक्त ने की नार्को को-ऑर्डिनेशन सेंटर की बैठक, कहा

# अफीम की अवैध खेती के खिलाफ विशेष अभियान चलाएं अधिकारी



**प्रातःनागपुरी प्रतिनिधि**

**खूंटी।** उपायुक्त लोकेश मिश्रा ने सभी पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों के साथ ही संबंधित विभाग को स्पष्ट निर्देश दिया है कि वे अफीम की अवैध खेती के खिलाफ एक महीने तक लगातार अभियान चलायें।

उपायुक्त मंगलवार को समाहरणालय स्थित सभागार में नार्को को ऑर्डिनेशन सेंटर की बैठक को संबोधित कर रहे थे। बैठक में उपायुक्त ने मादक द्रव्य पदार्थों के नियंत्रण के लिए विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की। बैठक में पुलिस विभाग एवं एनकॉर्ड से संबंधित अधिकारियों के जरिये अफीम की खेती के मामले में की गई एफआइआर एवं अन्य कार्रवाई की जानकारी ली गई।

प्रस्तुत प्रतिवेदनों के सभी बिंदुओं की उपायुक्त के जरिये समीक्षा की गयी और सभी संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए। उपायुक्त ने कहा कि 30 जनवरी से अगले एक माह तक जिले में विशेष अभियान चलाते हुए अफीम विनष्टीकरण को सुनिश्चित किया जाए। ट्रैक्टर, ग्रास कटर एवं अन्य माध्यमों से अफीम के फसलों को नष्ट करने एवं एफआइआर समेत अन्य कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। बैठक में थाना प्रभारी और अंचल अधिकारी को आपसी समन्वय के साथ अपने संबंधित क्षेत्र में हो रही । अवैध अफीम की खेती एवं मादक द्रव्य पदार्थों को चिह्नित कर कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। साथ ही जिले की सीमाओं एवं विद्यालयों के आसपास के क्षेत्रों में विशेष निगरानी को लेकर निर्देशित किया गया। अवैध अफीम की खेती के विरुद्ध अभियान चलाने के क्रम में वैकल्पिक कृषि को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सभी अंचल अधिकारी को लोगों को जागरूक करने का निर्देश दिया गया। बैठक में उपायुक्त ने छापेमारी एवं अन्य कार्रवाई सुनिश्चित करने का भी निर्देश दिया। उपायुक्त ने कहा कि 30 जनवरी से अगले एक माह के लिए नशा मुक्ति अभियान प्राथमिकता के आधार पर चलाते हुए निरंतर कार्रवाई जारी रखने की आवश्यकता है।

उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि इस दिशा में आवश्यक रूप से छापेमारी अभियान चलाया जाए, साथ ही दोषियों के विरुद्ध त्वरित एवं विधि-सम्मत कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। वैकल्पिक खेती के लिए लोगों को प्रेरित करें। जन प्रतिनिधियों से भी सहयोग करने की अपील की गई। जिला कृषि पदाधिकारी को वैकल्पिक खेती के लिए मिट्टी एवं क्षेत्र के अनुसार स्थानीय लोगों की रूचि को ध्यान में रखकर योजना तैयार करने का निर्देश दिया गया। बैठक में पुलिस अधीक्षक अमन कुमार, डीएफओ, अपर समाहर्ता, एसडीओ, एसडीपीओ, डीसीएलआर, एनकॉर्ड के सदस्य, कार्यपालक दंडाधिकारी, सभी थाना प्रभारी, सभी अंचल अधिकारी एवं अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

# बेहतर मनुष्य का निर्माण करता है हिंदी साहित्यः प्रो जे किड़ो



**प्रातःनागपुरी प्रतिनिधि**

**खूंटी।** बिरसा कॉलेज खूंटी के हिंदी विभाग में मंगलवार को कर्तव्योन्मुखी सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम शुरूआत प्रभारी प्राचार्या जे कीड़ों ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए छात्र-छात्राओं को हिंदी साहित्य से जुड़ने के लिए बधाई दी।

उन्होंने कहा कि हिंदी साहित्य उनके जीवन को बेहतर बनाता चला जाएगा। यह विषय अन्य विषयों से इसलिए अच्छा है, क्योंकि यह आपको बेहतर मनुष्य बनाता है। उन्होंने विद्यार्थियों को विभाग में होनेवाले कार्यक्रमों की जानकारी दी। साथ ही बच्चों को उसमें शामिल होने के लिए प्रेरित भी किया। विभाग के डॉ सुधांशु शर्मा ने हिंदी साहित्य के विभिन्न पहलुओं की चर्चा की। उन्होंने सभी विद्यार्थियों को एनईपी में जुड़े अन्य विषयों के बारे में भी बताया। उन्होंने बताया कि साहित्य कैसे बेहतर समाज के निर्माण में अपनी भूमिका रखता है। डॉ प्रियंका ने अपने जीवन के अनुभवों से बच्चों को प्रेरणा दी। उन्होंने सभी को नियमित कक्षा में आने की प्रेरणा दी। डॉ प्रशांति सांगा ने विद्यार्थियों को अनुशासन का महत्व बताया। उन्होंने बच्चों को नियमित लिखने की बात कही। इस अवसर पर माटिल्डा कंडुलना, सिंगा, ताबीदा आदि विद्यार्थियों ने भी अपनी बातें रखीं।

## शिक्षण संस्थानों के 100 मीटर दायरे में नहीं बिकेगा तंबाकू



**प्रातःनागपुरी प्रतिनिधि**

**रामगढ़।** रामगढ़ ज़िला तंबाकू नियंत्रण कोषांग के जरिये मंगलवार को सिविल सर्जन कार्यालय मे शिक्षकों का एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। ज़िला नोडल पदाधिकारी डॉ तूलिका रानी की अध्यक्षता मे संपन्न हुए प्रशिक्षण शिविर में डॉ नितेश कुमार और परामर्शी बिनय शर्मा की ओर से शिक्षकों को विभिन्न बिंदुओं पर जानकारी दी गई। इस दौरान तंबाकू मुक्त शिक्षण संस्थान के गाइड लाइन को पूर्ण कैसे किया जाय इस पर चर्चा हुई। गाइड लाइन के अनुसार किसी भी शैक्षणिक संस्थान के 100 गज के दायरे यानी लगभग 300 फुट के दायरे मे किसी भी दुकानदार के जरिये तंबाकू उत्पाद नही बेचा जाएगा। यदि ऐसा होता है तो शिक्षण संस्थान उसकी शिकायत नजदीकी थाना प्रभारी से लिखित रूप से करेंगे। शिक्षण संस्थानों द्वारा सभा मे तंबाकू निषेध शपथ का आयोजन करेंगे। सभी शैक्षणिक संस्थानों द्वारा अपने मुख्य द्वार पर तंबाकू मुक्त शैक्षणिक संस्थान का साइनेज एवं परिसर के अंदर तंबाकू मुक्त परिसर का साइनेज लगाया जाना हैं। साथ ही शैक्षणिक संस्थान 100 गज को चिंहित करते हुए पीले रंग के जरिये तंबाकू मुक्त क्षेत्र का प्रदर्शन करेंगे।

### अस्वस्थ बिनोद चौधरी से मिले सुदेश कुमार महतो, जाना हालचाल




**सिल्ली।** आजसू पार्टी प्रमुख व पुर्व उपमुख्यमंत्री सुदेश कुमार महतो ने सिल्ली व्यवसायी संघ के अध्यक्ष सह आजसू पार्टी बुद्धिजीवी मंच के सदस्य बिनोद चौधरी के स्टेशन रोड स्थित आवास पर मुलाकात कर उनका हालचाल जाना। ज्ञात हो कि बिनोद चौधरी पिछले कई दिनों से बिमार हैं एवं घर पर ही उनका इलाज चल रहा है। मौके पर उनके पत्नी प्रतिमा चौधरी, पुत्र अमित चौधरी, पुत्री खुशबू एवं दामाद आशीष वर्मा से चल रही इलाज की जानकारी ली। वहीं उनके जल्द स्वस्थ होने कामना की। मौके पर जयपाल सिंह, समीर सिंह, आनंद राव आदि उपस्थित थे।

### वुशु खिलाड़ी सोनाली नेशनल गेम के लिए रवाना



**सिल्ली।** सिल्ली वूशु एकाडमी की खिड़की सोनाली कुमारी 38 वीं नेशनल गेम्स में भाग लेने के लिए सोमवार को मुरी स्टेशन से देहरादून के लिए रवाना हुई। कोच वाहिद अली ने बताया कि झारखंड के 28 सदस्यीय वूशु दल में सिल्ली के लगाम गांव निवासी एवं सिल्ली कॉलेज की छात्रा सोनाली कुमारी सामील है। नेशनल गेम्स का आयोजन उत्तराखण्ड के देहरादुन में 28 जनवरी से 14 फरवरी तक किया गया है। खिलाड़ी के सफलता के लिए वूशु एकाडमी के संरक्षक सुदेश कुमार महतो, गूंज के संयोजक जयपाल सिंह, अध्यक्ष सुनील सिंह, पुर्व जिप सदस्य गौतम कृष्ण साहु, सुशील महतो, कोच वाहिद अली, सिल्ली कॉलेज के प्राचार्य अनंत कुमार महतो, खेल प्रभारी प्रभा मेहता आदि ने शुभकामना दी है।

### नहीं रहे सरना समाज के वयोवृद्ध सनिका मुंडा



**खूंटी।** अखिल भारतीय सरना समाज के वरिष्ठ नेता और आरएसएस के पूर्व जिला कार्यवाह सनिका मुंडा का मंगलवार को रेफरल अस्पताल तोरपा में निधन हो गया। 80 वर्षीय सनिका मुंडा सरना समाज के सर्वमान्य नेता के साथ ही भाजपा के वरिष्ठ नेता थे। सनिका मुंडा के निधन पर पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जन मुंडा, तोरपा कें विधायक सुदीप गुड़िया, खूंटी के विधायक राम सूर्या मुंडा, पूर्व विधायक नीलकंठ सिंह मुंडा, पूर्व विधायक कोचे मुंडा, डॉ निर्मल सिंह, आरएसएस के शशि कुमार पांडेय, संतोष जयसवाल, विनोद भगत, पूर्व सांसद प्रतिनिधि मनोज कुमार, भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष काशीनाथ महतो, आनंद राम, दीपक तिग्गा, संजय नाग, नारायण साहू, निखिल कंडुलना सहित कई लोगों ने गहरी संवेदना व्यक्त की है। सनिका मुंडा का अंतिम संस्कार 29 जनवरी को उनके पैतृक गांव चंपाबाहा, तपकारा में होगा। सनिका मुंडा अखिल भारतीय सरना समाज के केंद्रीय अध्यक्ष और राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के जिला कार्यवाह भी रह चुके हैं। अपने शोक संदेश के पूर्व केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने कहा कि उनक निधन से भाजपा के साथ ही सरना समाज को अपूरणीय क्षति हुई है।

# रेलवे स्टेशन और रेल लाइन को सुदृढ़ करने की उठाई गई मांग



**प्रातःनागपुरी प्रतिनिधि**

**रामगढ़।** धनबाद रेल मंडल संसदीय समिति की बैठक में रामगढ़ जिले के रेलवे स्टेशन और रेल लाइन को सुदृढ़ करने की मांग उठाई गई। मंगलवार को डीआरएम कार्यालय में आयोजित बैठक में हजारीबाग लोकसभा के सांसद मनीष जायसवाल के निर्देश पर सांसद प्रतिनिधि राजीव जायसवाल शामिल हुए।

इस दौरान कहा गया कि पतरातु में टोकीसूद रेलवे लाइन के अंतर्गत (किरीगढ़ा) पहले से रेल लाइन है। गांव की दूसरी छोर से एक और रेलवे लाइन एनटीपीसी के लिए प्रस्तावित है। इससे किरीगढ़ा गांव रेलवे लाइन से चारो ओर से घिर जाएगा। इसलिए जहां पर पूर्व से रेलवे लाइन है,वहां पर्याप्त जमीन भी है। ग्रामीणों की सुविधा और रेलवे की जमीन भी अधिग्रहण नहीं करना पड़ेगा। वहीं पर रेलवे लाइन निर्माण कराया जाए। रांची रोड स्टेशन के समीप मरार में पोल संख्या 92/8 से 92/9 के बीच फुट ओवर ब्रिज का निर्माण किया जाए। ग्राम सेवटा,बरकाकाना से गोमो जंक्शन रूट नंबर 32/ बी 1 टी के समीप ओवर ब्रिज बनाया जाए। आसनसोल से हटिया इंटरसिटी एक्सप्रेस (ट्रेन नंबर - 22350,22349) का बरही स्टेशन में स्टॉपेज दिया जाए। साथ ही इस ट्रेन को प्रतिदिन चलाया जाए। गया मुंबई ट्रेन नंबर 22357,22358 सप्ताह में मात्र एक दिन चलता है। इसे सप्ताह में कम से कम दो दिन किया जाए और इसका स्टॉपेज बरही स्टेशन में दिया जाए। भोपाल- हावड़ा ट्रेन नंबर - 13025, 13026 अहमदाबाद कोलकाता ट्रेन नंबर 19413, 19414 का रांची रोड स्टेशन में स्टॉपेज दिया जाए। कोडरमा हजारीबाग बरकाकाना रेलवे लाइन को डबल लाइन किया जाए। बरकाकाना जंक्शन में वर्तमान में निर्माण कार्य चल रहा है। इसमें लगभग 100 से ज्यादा दुकानदारों को हटाया जा रहा है। उन लोगो को इस परिसर में दुकान का निर्माण कर आवंटित किया जाए। हजारीबाग में ट्रेनों की साफ सफाई एवं अन्य कार्य के लिए कोचिंग डिपो का टेंडर हो गया है, इस कार्य को जल्द से जल्द शुरू कराया जाए। हजारीबाग से कोलकाता ,दिल्ली और वेल्लोर के लिए कोई भी ट्रेन नहीं है। यहां से कोलकाता दिल्ली और वेल्लोर के लिए ट्रेन सेवा शुरू किया जाए। बगोदर सरिया विष्णुगढ़, टाटी झरिया, दारू और सदर प्रखंड का आबादी लगभग 5 लाख है। यहां की इतनी बड़ी आबादी के लिए नई रेलवे लाइन का निर्माण आवश्यक है।कोडरमा-बरकाकाना पैसेंजर ट्रेन नंबर 53371, 53372, 53373, 53374 में तीन चार बोगी ही रहता है। इसमें बोगी की संख्या बढ़ाई जाए। बैठक में सांसद प्रतिनिधि ने रेलवे साइडिंग में चारकोल मिक्सिंग और प्रदूषण का मुद्दा भी उठाया। इस पर बेहतर कार्रवाई करने की अपील की। बैठक में गिरिडीह सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी, चतरा सांसद कालीचरण सिंह, जीएम रेलवे हाजीपुर जोन छत्रसाल सिंह,डीआरएम धनबाद कमल किशोर सिन्हा,एडीआरएम धनबाद,सीनियर डीसीएम,मुख्य प्रशासनिक पदाधिकारी निर्माण सहित रेलवे विभाग के वरीय पदाधिकारी उपस्थित थे ।

## संक्षिप्त

### अशोक लेलैंड का तीन डीलरशिप खुला

रांची। अशोक लीलैंड ने आज झारखंड में साहू एंड संस ट्रकिंग्स के तीन नए एमएंडएचसीवी डीलरशिप आउटलेट का उद्घाटन किया। इनमें रांची में दो और सेरेंगदाग में एक आउटलेट शामिल है। इन आउटलेट के साथ, अशोक लीलैंड के अब राज्य भर में 30 एमएंडएचसीवी टचपॉइंट हैं।

### अहिल्याबाई होलकर त्रिशताब्दी जयन्ती महोत्सव आज

रांची : राष्ट्र सेविका समिति और रांची विश्वविद्यालय स्नातकोत्तर इतिहास विभाग के तत्वाधान में बुधवार (29 जनवरी) को अहिल्याबाई होलकर त्रिशताब्दी जयंती मनाने का निर्णय लिया गया है। इस कार्यक्रम का आयोजन रांची विश्वविद्यालय के आर्यभट्ट सभागार में अपराह्न 3 बजे से लेकर शाम 5 बजे तक किया जाएगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता रांची विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. अजीत कुमार सिन्हा करेंगे तथा मुख्य अतिथि झारखंड के राज्यपाल संतोष गंगवार और मुख्य वक्ता राष्ट्र सेविका समिति के प्रमुख संचालिका वी. शांता कुमारी होंगी।

### विवाह व चेक अनादरण से संबंधित विशेष लोक अदालत 22 को

रांची : झालसा के निर्देश पर न्यायायुक्त-सह-अध्यक्ष के मार्गदर्शन में विवाह एवं चेक अनादरण से संबंधित विशेष लोक अदालात का आयोजन 22 फरवरी को होना सुनिश्चित हुआ है। दिनांक 17 फरवरी से 21 फरवरी, 2025 तक विवाह एवं चेक अनादरण से संबंधित मामलों पर बातचीत के लिए प्री-लोक अदालत की बैठकें आयोजित की जायेगी। डालसा रांची की तैयारी जोरों पर है। पारिवारिक न्यायालयों व एन.आई. एक्ट न्यायालय से वादकारियों को अधिक से अधिक नोटिस भेजा जा रहा है, ताकि अधिक से अधिक वादों का निस्तारण किया जा सके।

### राज्यपाल से जमशेदपुर महिला विवि की कुलपति ने की मुलाकात

रांची : राज्यपाल-सह-झारखंड राज्य के विश्वविद्यालयों के कुलाधिपति संतोष कुमार गंगवार से मंगलवार को जमशेदपुर महिला विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो० अंजिला गुप्ता ने राज भवन में भेंट की। इस दौरान उन्होंने विश्वविद्यालय की शैक्षणिक एवं प्रशासनिक गतिविधियों की जानकारी दी। साथ ही, राज्यपाल को विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित आगामी द्वितीय दीक्षांत समारोह में सम्मिलित होने के लिए आमंत्रित किया।

बताते चलें कि विशेष लोक अदालत की सफलता के लिए पूर्व में ही डालसा सचिव की अध्यक्षता में न्यायिक पदाधिकारियों, मध्यस्थों व अधिवक्ताओं के साथ बैठक की गयी है। डालसा सचिव कमलेश बेहरा ने कहा है कि इस विशेष लोक अदालत में अधिक से अधिक विवाह एवं चेक अनादरण संबंधित वादों का निस्तारण करने का लक्ष्य है। इसी के मद्देनजर आज इसके लिए न्यायिक पदाधिकारियों के साथ बैठकें की जा रही हैं और संबंधित लोगों को नोटिस भी भेजा जा रहा है। जनमानस की आम सूचना हेतु पोस्टर बैनर लगाया गया है।

### राज्य सरकार प्रयागराज में नोडल अधिकारी व कर्मचारियों की करें नियुक्ति

रांची : भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाह देव ने हेमंत सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि सरकार ने अपना सनातन विरोधी चेहरा दिखा दिया है। विश्व का सबसे बड़ा धार्मिक आयोजन महाकुंभ उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में हो रहा है। करोड़ों की संख्या में देश-विदेश से श्रद्धालु महाकुंभ में पुण्य की डुबकी लगाने के लिए पहुंच रहे हैं लेकिन दुर्भाग्यपूर्ण तरीके से झारखंड की हेमंत सरकार ने इस अवसर पर प्रदेश के श्रद्धालुओं के लिए कोई विशेष व्यवस्था नहीं की है। प्रतुल शाह देव ने कहा कि अनेक राज्यों की सरकारों ने कुंभ स्नान के अवसर पर अपने-अपने राज्यों से नोडल अधिकारियों को प्रयागराज में नियुक्त किया है। साथ ही अलग-अलग राज्यों के कर्मचारियों और अधिकारियों की बड़ी फौज भी लगातार कैंप करके उन राज्यों से आने वाले श्रद्धालुओं का विशेष ध्यान रख रही है।

## रांची उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री की अध्यक्षता में सड़क सुरक्षा समिति की बैठक

# ओवर स्पीडिंग पर कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश

### स्कूल, बस, वैन एवं ऑटो की उचित जांच के निर्देश




**प्रातः नागपुरी संवाददाता**

**रांची।** सड़क सुरक्षा समिति की बैठक रांची उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री की अध्यक्षता में 28 जनवरी, 2025 को हुई। समाहरणालय स्थित उपायुक्त सभागार में आयोजित बैठक में अनुमंडल पदाधिकारी, सदर उत्कर्ष कुमार, पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) सुमित कुमार, जिला परिवहन पदाधिकारी अखिलेश कुमार, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी उर्वशी पांडेय एवं सड़क सुरक्षा समिति के अन्य सदस्य उपस्थित थे।

**जिले में 746 सड़क दुर्घटनाएं**

बैठक में जिला परिवहन पदाधिकारी ने पीपीटी में माध्यम से रांची जिले में वर्ष 2024 में हुई सड़क दुर्घटनाओं की जानकारी दी। डीटीओ ने बताया कि 1 जनवरी से 31 दिसंबर, 2024 तक रांची जिले में 746 सड़क दुर्घटनाएं हुईं। इसमें 550 लोगों की जान गई, जबकि गंभीर रूप से 392 लोग घायल हुए। 73 लोगों को हल्की चोटें आईं। उपायुक्त द्वारा किन कारणों से सड़क दुर्घटना हुई, इसकी रिपोर्ट उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। उन्होंने कहा कि यातायात नियमों का अनुपालन सुनिश्चित करते हुए ओवर स्पीडिंग पर नियमानुसार कार्रवाई करें।

**रांची में चार ब्लैक स्पॉट्स**

जिला परिवहन पदाधिकारी ने जानकारी दी कि रांची में चार स्थानों पर ब्लैक स्पॉट है। उन्होंने बताया कि खेलगांव, नगड़ी में 1-1 और नामकुम थाना क्षेत्र में 2 ब्लैक स्पॉट हैं। वर्ष 2020, 2021 और 2022 में रांची जिला में 19 स्थानों पर ब्लैक स्पॉट्स थे, जो अब सिर्फ 4 ही रह गए हैं। उपायुक्त द्वारा इस संबंध में भी आवश्यक कार्रवाई का निर्देश दिया गया।

**उपायुक्त गंभीर, दी चेतावनी**

समिति द्वारा सड़क सुरक्षा की पूर्व की बैठक में लिए गये निर्णय की भी आज की बैठक में समीक्षा की गई। उपायुक्त द्वारा समिति के पूर्व के निर्णय पर कार्य पूरा नहीं होने को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभाग को पत्र प्रेषित करने का निर्देश जिला परिवहन पदाधिकारी को दिया गया। उन्होंने सख्त लहजे में कहा कि पदाधिकारी यह सुनिश्चित करें कि इस तरह की पुनरावृत्ति ना हो।

**उचित जांच के निर्देश**

बच्चों की सुरक्षा के मद्देनजर उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री द्वारा स्कूल बसों, वैन एवं ऑटो के उचित जांच के निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि ओवर स्पीड और ओवरलोडिंग के साथ-साथ वाहनों की स्थिति, दस्तावेज और ड्राइवर के लाइसेंस की प्रॉपर जांच करें। समिति द्वारा इस दिशा में अभिभावकों को जागरूक करने का भी निर्णय लिया गया कि वो अच्छी स्थिति के वाहन और लाइसेंसधारी ड्राइवर के साथ ही अपने बच्चों को स्कूल भेजें।

**अवैध पार्किंग पर कार्रवाई**

रांची के प्रमुख चौक-चौराहों, सड़कों एवं स्थानों पर अवैध पार्किंग को लेकर उपायुक्त ने फौरन कार्रवाई के निर्देश दिए हैं। उन्होंने पदाधिकारियों से कहा कि यातायात व्यवस्था बाधित नहीं हो, यह सुनिश्चित करते हुए अवैध पार्किंग पर फौरन कार्रवाई करें। उपायुक्त द्वारा लोगों से भी अपील की गयी है कि सुगम यातायात व्यवस्था बनायें रखने के लिए प्रशासन का सहयोग करें, जहां-तहां पार्किंग नहीं करें।

**गोल चक्कर बनाने का निर्णय**

काठीटांड चौक पर गोल चक्कर बनाने के संबंध में समिति द्वारा निर्णय लिया गया कि एनएचआई एवं जिला परिवहन पदाधिकारी द्वारा स्थल भ्रमण कर उचित निर्णय लिया जायेगा। बैठक में अन्य बिन्दुओं पर भी समिति द्वारा विचार-विमर्श करते हुए उचित निर्णय लिये गये।

### अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण पर कार्रवाई, वसूला 84.45 लाख जुर्माना

#### जिलास्तरीय खनन टास्क फोर्स की बैठक



**रांची।** उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री की अध्यक्षता में 28 जनवरी, 2025 को अवैध खनन की रोकथाम के लिए जिलास्तरीय टास्क फोर्स समिति की बैठक आयोजित की गयी। समाहरणालय स्थित उपायुक्त सभागार में आयोजित बैठक में पुलिस अधीक्षक ग्रामीण सुमित कुमार, अनुमण्डल पदाधिकारी, सदर उत्कर्ष कुमार, जिला खनन पदाधिकारी एवं समिति के अन्य सदस्य उपस्थित थे।

**433 अभियुक्तों के विरुद्ध 120 एफआईआर**

बैठक में सर्वप्रथम उपायुक्त द्वारा अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण की रोकथाम के लिए की गई कार्रवाई की समीक्षा की गयी। जिला खनन पदाधिकारी द्वारा बताया गया कि रांची जिला अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2024-25 में 27 जनवरी, 2025 तक अवैध खनन, परिवहन, भंडारण को लेकर विभिन्न थानों में 433 अभियुक्तों के विरुद्ध 120 प्राथमिकी दर्ज की गई है। साथ ही, 84.45 लाख का जुमार्ना भी वसूला गया है। डीएमओ ने बताया कि अवैध उत्खनन में प्रयुक्त 421 वाहनों को भी जब्त किया गया और 122 के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गयी।

**अवैध खनन, परिवहन, भंडरण रोकें**

उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री द्वारा बालू खनिज के अवैध खनन, भंडारण, परिवहन के विरुद्ध कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया। उन्होंने संबंधित अंचलाधिकारियों को अपने क्षेत्र के थाना प्रभारी के सहयोग से अवैध खनन, परिवहन, भंडारण पर रोक लगाने को कहा। पुलिस उपाधीक्षक (ग्रामीण) सुमित कुमार ने सभी सीओ से कहा कि कार्रवाई के लिए पुलिस बल की आवश्यकता हो तो ससमय जानकारी दें।

## एसबीयू में नाइट स्काई ऑब्जर्वेशन कार्यशाला का समापन




**प्रातः नागपुरी संवाददाता**

**रांची।** सरला बिरला विश्वविद्यालय और सिनोदिक स्पेस लैब्स के संयुक्त तत्वावधान में नाइट स्काई ऑब्जर्वेशन पर हो रही कार्यशाला का समापन 28 जनवरी को हो गया। एसबीयू परिसर में हुई दो दिवसीय इस कार्यशाला में विभिन्न स्कूल-कॉलेजों के सैकड़ों विद्यार्थियों और शिक्षकों ने खगोलीय रहस्यों और घटनाओं के विषय में रोचक और नवीनतम जानकारियां प्राप्त की।

साथ ही रात्रिकालीन खगोलीय अवलोकन के माध्यम से अंतरिक्ष और आकाशगंगा के बारे में जाना। कार्यशाला के प्रैक्टिकल सत्र के दौरान विभिन्न खगोलीय घटनाओं के प्रत्यक्ष अनुभव के लिए डॉबसोनियन, न्यूटोनियन एवं अन्य अत्याधुनिक टेलीस्कोप की सहायता ली गई।

कार्यशाला के समापन के अवसर पर एसबीयू के महानिदेशक प्रो गोपाल पाठक ने उपस्थित प्रतिभागियों को शुभकामनाएं देते हुए उन्हें सीखने की प्रक्रिया से लगातार जुड़े रहने की सलाह दी। भारत में चंद्रयान 2 की असफलता के बाद चंद्रयान-3 की सफलता का जिक्र करते हुए उन्होंने असफलता से न घबराते हुए सफलता के लिए लगातार डटे रहने की युवाओं से अपील की। निकट भविष्य में सरला बिरला विश्वविद्यालय में एयरोस्पेस इंजीनियरिंग कोर्स शुरू करने के विवि परिवार के प्रयासों पर भी उन्होंने जानकारी दी।

अपने संबोधन में विवि के कुलपति प्रो सी जगनाथन ने अंतरिक्ष के क्षेत्र में भारत और भरतवंशियों की उपलब्धियों का जिक्र किया। उन्होंने कार्यशाला के उद्देश्यों पर भी संक्षेप में प्रकाश डाला। स्पेस सेक्टर में भरमार अवसरों पर भी उन्होंने जानकारी दी। इस क्षेत्र में अग्रणी भारत के विभिन्न संस्थानों के बारे मे बताया। कार्यशाला के थ्योरी सत्र में सिनोदिक स्पेस लैब्स के सीईओ प्रखर जैन ने अंतरिक्ष विज्ञान से जुड़ी विभिन्न शब्दावलियों और इस संदर्भ में जुड़ी जानकारियां उपस्थित श्रोताओं से साझा की। इस दौरान विवि के शिक्षक और शिक्षकेत्तर कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित हुए।

विवि के प्रतिकुलाधिपति बिजय कुमार दलान और राज्यसभा सांसद डॉ. प्रदीप कुमार वर्मा ने कार्यक्रम के आयोजन पर अपनी शुभकामनाएं प्रेषित की।

## राष्ट्रीय जतरा महोत्सव में मुख्यमंत्री को किया आमंत्रित



**प्रातः नागपुरी संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय परिसर में राष्ट्रीय जतरा केंद्रीय समिति के प्रतिनिधि मंडल ने 28 जनवरी को मुलाकात की। उन्हें राजधानी रांची के मोरहाबादी में 31 जनवरी से आयोजित होने वाले दो दिवसीय राष्ट्रीय जतरा महोत्सव में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया।

प्रतिनिधि मंडल ने मुख्यमंत्री को बताया कि इस महोत्सव में झारखंड की सभी 32 जनजातीय समुदायों की भागीदारी होगी। मुख्यमंत्री से मुलाकात करने वालों में राष्ट्रीय जतरा केंद्रीय समिति की श्रीमती नीलम बिरुली, अमित तिर्की, कमिश्नर मुंडा और बादल मुंडा समेत अन्य सदस्य शामिल थे।

## रांची में फुटपाथ दुकानदारों को परेशान कर रहा नगर निगम : सेठ



**प्रातः नागपुरी संवाददाता**

**रांची।** केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री एवं सांसद संजय सेठ ने रांची नगर निगम प्रशासन पर फुटपाथ दुकानदारों को परेशान करने का आरोप लगाया है। उन्होंने कहा कि क्या रांची में फुटपाथ दुकानदारों को जीने का अधिकार नहीं है। वे अपने बच्चों का कैसे पालन पोषण करेंगे? अतिक्रमण हटे परंतु ऐसे छोटे दुकानदार जिनकी जीविका फुटपाथ पर दुकान चला कर चल रही हो, बिना व्यवस्थित किए इनको हटाना गलत है ' उनके सामने परिवार चलाने का संकट उत्पन्न हो गया है ' आखिर यह कहां जाएंगे। रांची नगर निगम एवं रांची प्रशासन को इस पर विचार करना चाहिए।

संजय सेठ ने मंगलवार को कहा कि नगर निगम को सभी क्षेत्रों का सर्वे करके एक सुनिश्चित जगह तय कर इन फुटपाथ दुकानदारों को जगह उपलब्ध कराए ताकि यह अपना जीवन यापन कर सकें। इन्हें व्यवस्थित करने की जिम्मेदारी नगर निगम और रांची प्रशासन की है ' 2016 में नगर निगम के द्वारा सर्वे कराया गया था जिसमें रांची के विभिन्न जगहों पर 5901 वेंडर लाइसेंस निर्गत किए गए थे।

सर्वे के मुताबिक जहां पर वेंडर अपनी दुकान लगाकर व्यापार कर रहे हैं, वहां से हटाने पर उन्हें दूसरी जगह स्थान मुहैया कराया जाएगा लेकिन प्रशासन अतिक्रमण के नाम पर दुकान उजड़ रही है। यही नहीं बिना नोटिस के दुकानदारों की दुकान उजाड़ दी जा रही हैं जो बिल्कुल ही गलत है।

## झारखंड चैंबर की महाकुंभ स्पेशल अतिरिक्त ट्रेनें चलाने की मांग



**प्रातः नागपुरी संवाददाता**

**रांची।** प्रयागराज और वाराणसी जानेवाली ट्रेनों में लंबी वेटिंग के कारण यात्रियों को होनेवाली असुविधा को देखते हुए झारखंड चैंबर ने दक्षिण पूर्व रेलवे से रांची और टाटानगर से अतिरिक्त स्पेशल ट्रेनों का परिचालन करने की मांग की। चैंबर भवन में संपन्न हुई एक बैठक में कहा गया कि ट्रेनों में आरक्षित सीट उपलब्ध नहीं होने के कारण यात्रियों को भारी कठिनाई हो रही है।

सह सचिव नवजोत अलंग ने कहा कि एक तरफ ट्रेनों में सीट नहीं है दूसरी तरफ फ्लाईट के किराये में बेतहाशा वृद्धि हुई है, जिसका भुगतान करना सामान्य लोगों के लिए आसान नहीं है। डीआरयूसीसी सदस्य संजय अखौरी ने कहा कि यात्रियों की सुविधा को देखते हुए स्पेशल ट्रेनें जरूर चलाई गईं थीं, किंतु वह पर्याप्त नहीं है।

चैंबर अध्यक्ष परेश गट्टानी और महासचिव आदित्य मल्होत्रा ने संयुक्त रूप से कहा कि ट्रेनों की कमी के कारण सड़क मार्ग से यात्रियों को किराये के रूप में अधिक खर्च करना पड रहा है। रांची से प्रयागराज और बनारस जानेवाली बसों में भी सीटें नहीं मिल रही हैं, जिससे लोग परेशान हैं। यात्रियों की असुविधा को देखते हुए जरूरी है कि महाकुंभ मेला चलने तक रांची और टाटानगर से नियमित रूप से ट्रेनों का परिचालन किया जाय।

बैठक में चैंबर अध्यक्ष परेश गट्टानी, उपाध्यक्ष राहुल साबू, महासचिव आदित्य मल्होत्रा, सह सचिव विकास विजयवर्गीय, नवजोत अलंग, कार्यकारिणी सदस्य रोहित पोद्दार, आस्था किरण, सदस्य अरूण जोशी, राजीव चौधरी समेत अन्य सदस्य उपस्थित थे। उक्त जानकारी प्रवक्ता सुनील सरावगी ने दी।

## मुख्यमंत्री को शिव बारात में शामिल होने के लिए आमंत्रण पत्र सौंपा

**प्रातः नागपुरी संवाददाता**

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में शिवरात्रि महोत्सव समिति, बाबा वैद्यनाथधाम, देवघर के सदस्यों ने 28 जनवरी को मुलाकात की। उन्होंने मुख्यमंत्री को 26 फरवरी को बाबा मंदिर में आयोजित होने वाले शिव बारात में शामिल होने के लिए आमंत्रण पत्र सौंपा।

मुख्यमंत्री से मुलाकात करने वालों में शिवरात्रि महोत्सव समिति देवघर के अध्यक्ष अभिषेक आनंद, पंडा धर्मरक्षिणी सभा देवघर के पूर्व महासचिव कार्तिक नाथ ठाकुर, मंत्री अरुणानंद झा, चंद्रशेखर खवाड़े, अपूवार्नंद झा और धर्मेंद्र सिंह शामिल थे।



## राजा बागची ने वित्त मंत्री राधा कृष्ण किशोर से की मुलाकात



**प्रातः नागपुरी संवाददाता**

**रांची।** इंडियन स्टार्टअप एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष रथिन भद्रा और राष्ट्रीय उपाध्यक्ष राजा बागची ने 28 जनवरी 2025 को वित्त मंत्री श्री राधा कृष्ण किशोर से मुलाकात की। इस बैठक में झारखंड में स्टार्टअप्स द्वारा झेली जा रही गंभीर चुनौतियों पर चर्चा की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य राज्य की स्टार्टअप नीति को लागू करने और राज्य योजना कार्यालय के तहत आने वाले इनोवेशन फंड का सही उपयोग सुनिश्चित करना था।

यह फंड वित्त विभाग के अंतर्गत आता है, जिसकी देखरेख वित्त सचिव और विकास आयुक्त करते हैं। बैठक के दौरान, रथिन भद्रा और राजा बागची ने झारखंड में स्टार्टअप्स की वर्तमान स्थिति का विस्तार से अवलोकन प्रस्तुत किया। उन्होंने चौंकाने वाले आंकड़े साझा किए, जिनसे पता चला कि झारखंड के लगभग 80% स्टार्टअप्स या तो अन्य राज्यों में स्थानांतरित हो गए हैं या बंद हो गए हैं।

इसका मुख्य कारण नीति का लागू न होना और पर्याप्त सहायता प्रणाली की कमी है। प्रतिनिधिमंडल ने जोर देकर कहा कि झारखंड में स्टार्टअप्स के अस्तित्व और विकास को सुनिश्चित करने के लिए तत्काल कदम उठाने की आवश्यकता है। उन्होंने बताया कि एक मजबूत स्टार्टअप इकोसिस्टम राज्य के आर्थिक और सामाजिक विकास के लिए कितना महत्वपूर्ण है।

वित्त मंत्री श्री राधा कृष्ण किशोर ने उठाए गए मुद्दों पर सकारात्मक प्रतिक्रिया दी। उन्होंने लोकतंत्र और न्याय के महत्व को दोहराते हुए कहा, जनता ही अधिनायक है, जनता ही जनार्दन है; हम सेवक हैं और हम यहां आप सभी की सेवा के लिए हैं।

मंत्री ने स्टार्टअप्स की समस्याओं को हल करने के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की और प्रतिनिधिमंडल को आश्वासन दिया कि इस मामले को सभी संबंधित अधिकारियों के संज्ञान में लाया जाएगा। उन्होंने यह भी वादा किया कि वे अपनी शक्ति का उपयोग यह सुनिश्चित करने के लिए करेंगे कि स्टार्टअप नीति को प्रभावी ढंग से लागू किया जाए और राज्य के इनोवेशन फंड से स्टार्टअप्स को लाभ मिले।

इंडियन स्टार्टअप एसोसिएशन द्वारा की गई यह पहल झारखंड में उद्यमियों के लिए एक अधिक सहायक वातावरण बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। एसोसिएशन को उम्मीद है कि वित्त मंत्री द्वारा दिए गए आश्वासन ठोस सुधारों में तब्दील होंगे, जो राज्य के स्टार्टअप इकोसिस्टम को पुनर्जीवित करेंगे और नवाचार और उद्यमिता को प्रोत्साहन देंगे।

उपायुक्त की अध्यक्षता में पीसी-पीएनडीटी एक्ट- 1994 से संबंधित जिला सलाहकार समिति की बैठक का आयोजन

# लिंग परीक्षण से संबंधित समेकित जांच रिपोर्ट जिला कार्यालय को कराएं उपलब्ध : उपायुक्त

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि

**देवघर** : उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी श्री विशाल सागर की अध्यक्षता में आज दिनांक 28.01.2025 को पीसी-पीएनडीटी एक्ट-1994 से संबंधित जिला सलाहकार समिति की बैठक का आयोजन उपायुक्त कार्यालय में किया गया। इस दौरान उपायुक्त द्वारा जानकारी दी गयी कि पीसी-पीएनडीटी एक्ट के माध्यम से शिशु लिंग अनुपात में कमी को रोकने में मदद मिलती है और महिलाओं के सशक्तीकरण से जुड़े मुद्दों का समाधान होता है। बैठक में उपायुक्त श्री विशाल सागर द्वारा जानकारी दिया गया कि वर्तमान में देवघर जिला में कुल 38 अल्ट्रासाउंड केंद्र हैं। सभी निबंधित अल्ट्रासाउंड केंद्रों में जिला स्तर पर गठित टीम के द्वारा औचक निरीक्षण कर जांच किया जा रहा है कि इस संस्थानों में भ्रूण हत्या, जन्म पूर्व लिंग परीक्षण और अन्य



किसी भी माधयम से बेटियों की हत्या आदि का कार्य तो नकहि किह जा रहा है। अगर उपरोक्त मामलों में कोई भी संस्थान संलिप्त पाए जाते हैं तो उक्त संस्थान के लाइसेंस को रद्द करते हुए जिला स्तर से विधिसम्मत कार्यवाई की जाएगी।

**क्या है पीसी-पीएनडीटी एक्ट....**

गभार्धान और प्रसव पूर्व निदान तकनीक अधिनियम, 1994 भारत में कन्या भुग्र हत्या और गिरते लिंगानुपात को रोकने के लिए भारत की संसद द्वारा पारित एक संघीय कानून है। इस अधिनियम से प्रसव पूर्व लिंग निर्धारण पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। प्री-नेटल डायग्नोस्टिक टेक्निक (पीसी-पीएनडीटी एक्ट- 1994) के तहत जन्म से पूर्व शिशु के लिंग की जांच पर पाबंदी है। ऐसे में अल्ट्रासाउंड या अल्ट्रासोनोग्राफी कराने वाले जोड़े या करने वाले डाक्टर, लैब कर्मी को तीन से पांच साल सजा और 10 से 50 हजार जुमार्ने की सजा का प्रावधान है।

**अल्ट्रासाउंड केंद्रों द्वारा ऑनलाइन फॉर्म-ऋसंधारण का हो विधिवत जांच**

उपायुक्त सह जिलादण्डाधिकारी श्री विशाल सागर द्वारा पीसी-पीएनडीटी एक्ट 1994 से संबंधित सलाहकार समिति की बैठक के माध्यम से सभी संबंधित अधिकारियों को निदेशित करते हुए कहा कि वैसे अल्ट्रासाउंड केंद्र जिनके द्वारा पीसी-पीएनडीटी वेबसाइट गरिमा झारखंड पर 10 से कम गर्भवती महिलाओं का ऑनलाइन फॉर्म-एफ का संधारण किया गया हो का समिति के अधिकारियों द्वारा जांच कराते हूए विस्तृत प्रतिवेदन जिला कार्यालय को उपलब्ध कराया जाय ताकि सबंधित विरुद्ध विधिसम्मत कार्यवाही की जा सके। आगे उन्होंने कहा कि जिले दिनांक-24.01.2025 से दिनांक-31.01.2025 तक save the girl child सफ्ताह मनाया जा रहा है। जिसके तहत जिले के विभिन्न प्रखंडों के स्कूल, कॉलेज में पीसी-पीएनडीटी एक्ट की विस्तृत जानकारी के साथ साथ बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ के संबंध में जागरूकता का आयोजन किया जा रहा है। उपायुक्त द्वारा समिति सभी सदस्यों को निदेशित करते हुए कहा कि सभी एक दूसरे के साथ समन्वय स्थापित करते हुए २५ी ३ॅ१ ूँ’ि ूॅस्र्ॅल्ल का व्यपाक प्रचार प्रसार कराया जाय ताकि अधिक से अधिक लोगो को जागरूक किया जा सके।

बैठक में उपरोक्त के अलावा सिविल सर्जन देवघर डॉ० युगल किशोर चौधरी, जीपी श्री बालेश्वर मंडल, संबंधित विभाग के अधिकारी, चिकित्सकों की टीम व सदस्य आदि उपस्थित थें।

टायो कॉलोनी पहुंचे पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन

## टाटा प्रबंधन से वार्ता कर कहा प्रभावितों को करें सहयोग



प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि

**गम्हरिया।** टाटा स्टील की अनुषंगी इकाई टायो आवासीय सेक्टर के फ्लैट गिरने के मामले पर पूर्व मुख्यमंत्री चंपई सोरेन ने संज्ञान लेते हुए फ्लैट में रह रहे लोगों को इंसाफ दिलाने का भरोसा दिलाया है। मंगलवार को घटनास्थल का जायजा लेने पहुंचे पूर्व मुख्यमंत्री ने टाटा प्रबंधन से फोन पर वार्ता की और मजदूरों को नया फ्लैट उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। इससे पूर्व प्रभावित लोगों ने पूर्व मुख्यमंत्री के समक्ष अपनी पीड़ा बयां की और इंसाफ दिलाने की मांग की।

मालूम हो कि टायो कंपनी बंद होने के बाद मजदूरों को उनका फाइनल सेटलमेंट नहीं मिला है। मामला न्यायालय में लंबित है। जिससे मजदूर कंपनी के ही फ्लैट में रह रहे थे जो काफी जर्जर हो चुका था। बताया जा रहा है कि पिछले 9 साल से फ्लैट का मेंटेनेंस नहीं हुआ था। सोमवार को 16 फ्लैट एक साथ जमींदोज हो गया। गनीमत रही कि इस हादसे में किसी इंसानी जान की क्षति नहीं हुई।

वैसे मजदूरों का सामान मलबे में दब गया है। पूर्व मुख्यमंत्री ने भरोसा दिलाया कि सभी को उचित मुआवजा और फ्लैट आवंटित कराया जाएगा। मौके पर मौजूद गम्हरिया अंचल अधिकारी को पूर्व मुख्यमंत्री ने प्रभावित मजदूरों के लिए वैकल्पिक रास्ता निकालने का निर्देश दिया। उधर टाटा प्रबंधन से बुधवार को वार्ता तय हुआ है। पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने भरोसा जताया कि प्रबंधन के साथ वार्ता कर बीच का रास्ता निकाला जाएगा और मजदूरों को इंसाफ मिलेगा।

## हथियार के साथ नक्सली गिरफ्तार

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि

**गिरिडीह** : गिरिडीह पुलिस लगातार सर्च ऑपरेशन के जरिये प्रतिबंधित भाकपा माओवादियों के नक्सलियों को गिरफ्तार कर रही है। इसी क्रम में एक बार फिर सीआरपीएफ के साथ जिला पुलिस ने एसपी डॉक्टर विमल कुमार को मिले गुप्त सूचना पर दो नक्सली पति -पत्नी को गिरफ्तार कि है।

मंगलवार को मधुबन थाना में प्रेसवार्ता कर एएसपी अभियान सुरजीत कुमार और एसडीपीओ सुमित प्रसाद ने संयुक्त रूप सेबताया कि जमुआ थाना इलाके के गनियाडीह गांव निवासी तालेश्वर हांसदा उर्फ सेरमा अपनी पत्नी मालती मुर्मू उर्फ गुडी उर्फ गुड़िया के साथ मधुबन थाना इलाके के टेसाफुली जंगल के पहाड़ी इलाके में किसी बड़े नक्सली दस्ते के शीर्ष नेताओं से मिलने जा रहे थे।

इस सूचना के आधार पर एएसपी सुरजीत कुमार और एसडीपीओ सुमित प्रसाद के नेतृत्व में सीआरपीएफ और जिला पुलिस बल की टीम ने सर्च ऑपरेशन के तहत हार्डकोर प्रयाग मांझी दस्ते के सक्रिय सदस्य रहे पति पत्नी नक्सली तालेश्वर हांसदा और मालती मुर्मू को गिरफ्तार करने में सफल रही।

इनके पास से नाइन एमएम पिस्टल और दो गोली बरामद किया गया है। पूछताछ के दौरान दोनो नक्सली पति- पत्नी ने कबूला कि वो दोनों नक्सली संगठन से जुड़े हुए हैं। प्रेसवार्ता के दौरान एएसपी अभियान सुरजीत ने कहा कि दोनो के खिलाफ कोई नक्सली कांड का केस दर्ज है या नहीं। इसकी जांच की जा रही है।



### उपायुक्त कार्यालय में जनता दरबार का हुआ आयोजन

**हजारीबाग** : उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी नैंसी सहाय ने मंगलवार को समाहरणालय स्थित अपने कार्यालय कक्ष में जनता दरबार का आयोजन किया। जिले के विभिन्न प्रखंडों से पहुंचे ग्रामीणों ने उपायुक्त को अपनी-अपनी समस्याओं से अवगत कराते हुए समाधान करने हेतु अनुरोध किया। जनता दरबार में आये समस्याओं का अवलोकन करते हुए उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को आवेदन अग्रसारित करते हुए निर्धारित समय सीमा पर निष्पादन करने का निर्देश दिया। जनता दरबार में मोसमात नगीया मोसफ्फिल, थाना, गुलाम सरवार कटकमसांडी क्षेत्र के निवासी ने उपायुक्त से ऑनलाइन रसीद निर्गत करने और बरही के रहने वाले भगत कुमार सिंह ने सर्वे के रास्ते में बनी हुई नाली को मिट्टी तथा पत्थर भर दिए जाने के संबंध में निवेदन किया। राजेश्वर महतो विष्णुगढ़ ने, धान अधिप्राप्ति केंद्र में धन जमा नहीं लेने के संबंध में, मालती कुमारी ओकनी ने अपनी जमीन का बंदोबस्ती किए जाने के संबंध में निवेदन किया।

कटकमसांडी पुलिस की बड़ी कामयाबी

## २७२ बोतल नकली अंग्रेजी शराब की जब्त



प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि

**कटकमसांडी** : गुप्त सूचना के आधार पर कटकमसाडी थाना अंतर्गत ग्राम कोन्हर के जंगल में अवैध तरीके निर्माण किए जा रहे नकली अंग्रेजी शराब बनाने वालों के विरुद्ध छापामारी कर नकली शराब बनाने में प्रयुक्त लेबल, ढक्कन एवं रैपर, करीब 272 बोतल नकली अंग्रेजी शराब बरामद किया गया।

घटना के विरुद्ध कटकमसांडी थाना कांड संख्या 28/25, दिनांक 27/01/2025 धारा 274/275/292/318(4)/336(3)/338/340(2)/349/3(5)bns & 47(a)/55 jharkhand excise act दर्ज किया गया। कांड में गिरफ्तार प्राथमिकी अभियुक्त सजूब अंसारी, उम्र 30 वर्ष पिता अजीम अंसारी ग्राम कोनहर थाना कटकमसांडी जिला हजारीबाग को माननीय न्यायालय में उपस्थापन हेतु।

भेजा गया साथ 1 टेम्पो, पानी का जार, अल्कोहल मीटर, खाली शराब का बोतल तथा अन्य अवैध निर्माण में प्रयुक्त होने वाले सामग्री को बरामद किया गया है, घटना में कुछ अन्य लोग भी शामिल है जिनके विरुद्ध गिरफ्तारी हेतु छपमारी किया जा रहा है। थाना प्रभारी राजबल्लभ कुमार ने बताया कि इस तरह की कार्रवाई लगातार जारी रहेगी और इस तरह का कार्य करने वाले को हमारे क्षेत्र में कहीं पर से खोज निकालना हमारी प्राथमिकता है और वह बक्से नहीं जायेंगे।

### संक्षिप्त

#### अभिप्रेरण सप्ताह के तहत सघन विद्यालय भ्रमण कार्यक्रम जारी

**गुमला** : उपायुक्त कर्ण सत्यार्थी के नेतृत्व में गुमला जिले में 'शिक्षा कर भेंट' गतिविधि के अंतर्गत इस सप्ताह को छात्र अभिप्रेरण सप्ताह के रूप में मनाया जा रहा है। इस विशेष अभियान के तहत, जिला और प्रखंड स्तरीय वरीय पदाधिकारियों द्वारा सघन विद्यालय भ्रमण कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है। उपायुक्त के निर्देशानुसार, कक्षा 10वीं और 12वीं की बोर्ड परीक्षा में सम्मिलित होने वाले छात्र-छात्राओं की अंतिम समय की तैयारियों का जायजा लेने और उन्हें प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से यह पहल की गयी है।

#### मध्य विद्यालय बहेरा की प्रबंधन समिति का चुनाव सम्पन्न

**चरही** : सोमवार को हजारीबाग जिला के मुखिया संघ उपाध्यक्ष सह चूरचू प्रखंड मुखिया संघ अध्यक्ष सह बहेरा पंचायत मुखिया देवकी महतो के अध्यक्षता में उत्क्रमित मध्य विद्यालय बहेरा के प्रांगण मे प्रबंधन समिति का चुनाव किया गया, जिसमें अध्यक्ष अजय सोरेन, उपाध्यक्ष मनीता सोरेन,संयोजका अंजु देवी, और सदस्य के रूप में उमेश मुंडा, चरकू महतो, जितेंद्र राय, उमेश रविदास, अजय सोरेन, विदेशी साव, बबीता देवी, इंदु देवी, अंजू देवी, सरिता कुमारी,पार्वती सोरेन, आशमुनि टुडू को, विधिवत पर्यवेक्षक जॉन सर के दिशा निर्देश को ध्यान में रखते हुए सभी को चयनित किया गया, इस दौरान मुखिया देवकी महतो ने कहा कि मैं आशा करता हूं की, नए प्रबंधन समिति के साथ हमारे विद्यालय और भी अच्छा करेगी, मौके पर मुखिया देवकी महतो, प्रधानाध्यापक महेंद्र राणा, शिक्षक शुभंकर मिश्रा, नंदलाल राम, सुशीला देवी, किरण देवी, आशा देवी, बीरसा टुडू, विनोद कुमार केसरी, रेखा देवी, उषा देवी, जितेंद्र राय, सहित कई ग्रामीण जनता मौके पर मौजूद थे।

#### सड़क दुर्घटना में घायल युवक की इलाज के दौरान मौत

**बरकट्ठा।** प्रखंड क्षेत्र के ग्राम बरवां निवासी अंकित कुमार 17 वर्ष पिता स्व सिकंदर प्रसाद की इलाज के दौरान निधन हो गई। जानकारी हो कि 25 जनवरी की रात्रि सूर्यकुण्ड में हुई सड़क दुर्घटना में अंकित गंभीर रूप से घायल हो गया था। जिसका भगवान महावीर मेडिका अस्पताल रांची में इलाज के दौरान 27 जनवरी की रात मौत हो गई। जिसकी सूचना मिलने पर विधायक अमित कुमार यादव, पूर्व विधायक जानकी प्रसाद यादव, पूर्व मुखिया गोपाल प्रसाद मृतक के घर पहुंचे। मौके पर रीतलाल प्रसाद, ज्ञानी प्रसाद, रंजीत कुमार, विनोद प्रसाद, भुनेश्वर प्रसाद, पिंटू कुमार, भागीरथ प्रसाद समेत अन्य लोग उपस्थित थे।

## सड़क सुरक्षा को लेकर रिलायंस जिओ ने चलाया जागरूकता अभियान

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि

**सरायकेला।** आदित्यपुर थाना अंतर्गत आकाशवाणी चौक के समीप रिलायंस जिओ ने सड़क सुरक्षा को लेकर जागरूकता अभियान चलाया। सड़क से गुजरने वाले रहांगीरों को सड़क सुरक्षा को लेकर जागरूक किया। वहीं नशे कर वाहन चलाने, ट्रिपल लोडिंग एवं बिना हेलमेट चलने वाले लोगों को जागरूक किया गया।

साथी ही दो पहिया और चार पहिया वाहन चलाते समय फोन पर बातें करने से दूर रहने की सलाह दी गई। इस संबंध में रिलायंस जिओ के अधिकारी ने बताया कि सड़क



दुर्घटनाओं के कारण कई सारे परिवार को विभिन्न तरह की कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। अगर छोटी-छोटी चीजों पर सावधानी बरती जाए तो सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाया जा सकता है। इस मौके पर अमित उपाध्याय, विजय कुमार, राजीव नयन, अविनाश मिश्रा, राजेश कुमार एवं जिओ के कर्मी के साथ स्थानीय लोग मौजूद रहे।

## भ्रष्ट पदाधिकारियों की संपत्ति की कराई जाएगी जांच : विधायक

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि

**गढ़वा।** रंका विधायक एवं सामान्य प्रयोजन समिति के सभापति सत्येंद्र नाथ तिवारी ने कहा कि अगर मैं जनता से किए वादे पर खरा नहीं उतरा, तो विधायक पद से इस्तीफा दे दूंगा। विधायक ने कहा कि पूर्व मंत्री ने बैकडोर से भ्रष्ट पदाधिकारियों के माध्यम से गढ़वा जिले/विधानसभा में आउट ऑफ टर्न और बिना प्रशिक्षण के सरकार के महत्वपूर्ण पदों पर अपने चहेतों को बैठाया है।

ऐसे भ्रष्ट अधिकारियों की पूर्व मंत्री के इशारे पर उन्हें खुश करने के लिए भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका रही है।

श्री तिवारी ने कहा कि रंका एवं मेराल थाना में रात भर अवैध बालू उत्खनन का कार्य चल रहा है। ऐसी पुष्ट सूचना नहीं, बल्कि वीडियो भी भारतीय जनता पार्टी के कई कार्यकताओं ने मुझे भेजा है। इसका मैं घोर विरोध करता हूं। बालू लोगों को अवश्य मिले, पर निःशुल्क मिले। बालू का गोरखधंधा रात में नहीं चले। लोगों को कम दाम पर बालू उपलब्ध हो। ट्रैक्टर मालिक की भी थोड़ी कमाई हो, पर यह सरकार और उनके भ्रष्ट पदाधिकारी मानते ही नहीं।

विधायक ने कहा कि सभी भ्रष्ट एवं आउट ऑफ टर्न सेवा दे रहे



पदाधिकारियों की सूची तैयार कर रहा हूं। उनके सगे संबंधियों की आय में बेतहाशा वृद्धि हुई है, जो आय से अधिक संपत्ति के दायरे में आता है। उसकी जांच विधानसभा के माध्यम से कराके उन्हें दंडित कराकर ही दम लूंगा। विधानसभा के पटल पर रखने के बावजूद इनकम टैक्स, सीबीआई, ईडी के साथ ही साथ भारत सरकार को भी लिखूंगा। चाहे जालसाज संवेदक हो, पदाधिकारी हो, किसी को भी किसी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा।

सत्येंद्र नाथ तिवारी ने कहा कि अभी मैं बीमार हूं। इलाज करा रहा हूं। स्वस्थ हो रहा हूं। भ्रष्ट लोगों को ज्यादा पुआ बनाकर खाने की आवश्यकता नहीं है। मैं बहुत जल्द भ्रष्टाचारियों के विरुद्ध सड़क पर भी उतरूंगा। सदन में तो लड़ूंगा ही।

### बाजार से गायब नाबालिग लड़की बरामद

**कोडरमा** : गुरपा से एक नाबालिक लड़की अपनी मां के साथ तिलैया बाजार करने आई थी। बाजार में जाने के बाद वह कोडरमा रेलवे स्टेशन के बाहर ठेले पर नाश्ता करने गई, तभी वह गायब हो गई। लड़की के परिजनों ने उसकी काफी खोजबीन की, लेकिन उसका कोई पता नहीं चला। इस संबंध में लड़की की मां ने तिलैया थाना में आवेदन दिया, जिसके आधार पर कांड संख्या-18/2025 दर्ज कर अनुसंधान शुरू किया गया।कांड की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक, कोडरमा ने अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के नेतृत्व में एक टीम का गठन किया।

## बैद्यनाथ धाम पहुंची अंतर्राष्ट्रीय मंदिर प्रबंधक परिषद की महासंगम यात्रा

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि

**देवघर।** अंतर्राष्ट्रीय मंदिर प्रबंधक परिषद और भगवा ऐप द्वारा आयोजित पवित्र महासंगम यात्रा के तहत 27 जनवरी को देवघर स्थित बैद्यनाथ धाम पहुंची। इस पवित्र महासंगम यात्रा का संयोजन परिषद के राष्ट्रीय महामंत्री एवं एवीपीएल इंटरनेशनल के चेयरमेन दीप सिहाग सिसाय कर रहे हैं। इस आयोजन में लाखों श्रद्धालु ने भाग ले रहे हैं। बैद्यनाथ धाम पहुंचने पर परिषद के महामंत्री दीप सिहाग सिसाय ने यात्रा के अन्य सदस्यों के साथ मिलकर साथ लाए गए शिव मूर्ति और शिव लिंग का रुद्राभिषेक किया। इसके बाद संध्या आरती का आयोजन किया गया। साथ ही, भक्तों द्वारा भजन कीर्तन का आयोजन किया गया। शिव भजनों से पूरा बैद्यनाथ धाम भक्तिभय हो गया।

28 जनवरी को यात्रा के दौरान दीप सिहाग सिसाय ने बैद्यनाथ धाम में 12 ज्योतिलिंगों में से एक ज्योतिलिंग का रुद्राभिषेक किया। यात्रा के दौरान 12 त्रिशूलों का भी पूजन किया गया। इसके आलावा महाकुंभ प्रयागराज में स्थित महामंडलेश्वर स्वामी दयानंद सरस्वती के आश्रम में 108 त्रिशूलों का पूजन 108 पंडितों द्वारा सुबह और संध्या को किया जा रहा है। यह पूजन 30 दिन की इस यात्रा के दौरान लगातार जारी रहेगा।



भजन कीर्तन और ज्योतिर्लिंग के रुद्राभिषेक के दौरान भोले शंकर के जयकारों से गूंजा परिसर

इस पवित्र महासंगम यात्रा का आयोजन एवं समर्थन भगवा ऐप द्वारा दिया जा रहा है। यह भारत के सभी मंदिरों और धार्मिक अनुष्ठानों सहित मंदिरों के पुजारियों को एक डिजिटल मंच देती है। इस यात्रा में हर शहर से यात्रा सेवक जुड़ रहे हैं। इनके माध्यम से भारी संख्या में हिन्दू सेवकों को जोड़ा जा रहा है, जोकि बतौर परिषद के वॉलंटियर के रूप में कार्य करेंगे। इसके आलावा मंदिरों से जुड़े पूजा सामग्री बेचने वाले छोटे और बड़े दुकानदारों के लिए ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन भी कराया जा रहा है। प्राचीन मंदिरों की सफाई, स्किल डेवलपमेंट सेंटर, महिला सशक्तिकरण और डिजिटल मन्दिर प्रबंधन पर भी ध्यान दिया जा रहा है।

अंतर्राष्ट्रीय मंदिर प्रबंधक परिषद के कार्यकारी अध्यक्ष राजेश यादव ने बताया कि इस यात्रा के माध्यम से परिषद का लक्ष्य 1 लाख वॉलंटियर को जोड़ने का है। वे देशभर में धार्मिक स्थलों को पुनः जीवित करेंगे। मंदिरों के लिए आवश्यक कार्यों को अंजाम देंगे। मंदिरों को डिजिटल रूप से भी विकसित किया जाएगा, ताकि धार्मिक पर्यटन डिजिटल किया जा सके। देश की प्राचीन धरोहर को बड़े टूरिज्म में बढ़ावा मिल सके।

## संक्षिप्त

### बच्चे का शव कुएं से बरामद

**बोकारो।** जिले के ऊपरघाट स्थित पेंक-नारायणपुर थाना की पुलिस ने मंगलवार की सुबह मुंगो-रांगामाटी पंचायत के कोठी गांव के एक कुएं से प्रिंस राज पटेल नामक एक सात वर्षीय बच्चे का शव बरामद किया। वह अपने नाना बासुदेव महतो के घर में रहकर पढ़ाई करता था। उसका पैतृक गांव पेटरवार का ओबरा है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि सोमवार की देर शाम से वह नहीं मिल रहा था। अगल-बगल में काफी खोजबीन की गई, लेकिन उसका कुछ पता नहीं मिला। दूसरे दिन ग्रामीणों व परिजनों ने अंदेशा व्यक्त करते हुए कुएं की छानबीन की तो वहीं बच्चे का शव देखा गया। शव मिलते ही लोगों की भीड़ जुटी गई। वहीं अंदेशा जताया गया कि वह शाम को कुआं के तरफ गया होगा, किसी कारणवश पैर फिसलने से वह कुआं में गिरकर डूब गया होगा, जिससे उसकी मौत हो गई। सूचना मिलने पर थाना प्रभारी अनिल लिंडा दल-बल के साथ घटनास्थल पहुंचे ओर शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद उसके परिजनों को सौंप दिया गया। परिजन शव को लेकर पैतृक गांव ओबरा चले गए। वहीं घटना की सूचना मिलने पर डुमरी विधायक जयराम महतो कोठी गांव पहुंचे और पीड़ित परिवार को ढांढस बंधाया।

### मोर्चा के कोषाध्यक्ष ने दिया इस्तीफा

**बोकारो थर्मल।** बोकारो थर्मल पावर प्लांट स्थित सप्लाई मजदूरों की यूनियन, असंगठित मजदूर मोर्चा के कोषाध्यक्ष रंजीत कुमार ने मंगलवार को अपने पद से इस्तीफा दे दिया। मोर्चा के अध्यक्ष और सचिव को भेजे गए इस्तीफा पत्र में उन्होंने निजी कारणों का हवाला दिया है।

### सड़क दुर्घटना में बाइक सवार घायल

**बोकारो।** बेरमो थाना क्षेत्र के करगली गेट-चार नंबर मुख्य मार्ग के राम विलास प्लस टू उच्च विद्यालय समीप मंगलवार को सड़क दुर्घटना में बाइक सवार ढोरी स्टाफ क्वार्टर निवासी कृष्ण कुमार चौहान घायल हो गया। उसे स्थानीय लोगों द्वारा रीजनल अस्पताल करगली लाया गया, जहां चिकित्सक ने प्राथमिक इलाज के बाद गंभीर स्थिति देखते हुए बोकारो रेफर कर दिया। जानकारी के अनुसार ढोरी स्टाफ क्वार्टर निवासी कृष्ण कुमार चौहान बाइक जेएच 09 बीएच 0404 से चार नंबर जा रहा था।

# केंद्रीय इस्पात मंत्री ने किया बोकारो स्टील की मेगा विस्तार योजना का अनावरण

**प्रातःनागपुरी प्रतिनिधि**

**बोकारो।** केंद्रीय इस्पात और भारी उद्योग मंत्री एच डी कुमारस्वामी ने बोकारो स्टील प्लांट में उत्पादन क्षमता को बढ़ाने के लिए एक महत्वाकांक्षी विस्तार योजना का अनावरण किया। 20,000 करोड़ रुपये के निवेश के साथ ब्राउनफील्ड विस्तार का लक्ष्य हॉट मेटल उत्पादन को मौजूदा 5.25 मिलियन टन से बढ़ाकर 7.55 मिलियन टन करना है, जिससे स्टील सेक्टर में भारत के आत्मनिर्भर भारत की ओर बढ़ने की गति को मजबूती मिलेगी।



**रोजगार सृजन और डी-कार्बोनाइजेशन पर जोर**

कुमारस्वामी ने बोकारो स्टील प्लांट में डी-काबोर्नाइजेशन के प्रयासों पर भी जोर दिया और कहा कि बोकारो स्टील प्लांट 2030 तक अपने कार्बन उत्सर्जन को 2.67 टन प्रति टन कच्चे इस्पात से घटाकर 2.2 टन से कम करने के लिए प्रतिबद्ध है। संयंत्र अपनी नवीकरणीय ऊर्जा पहलों को आगे बढ़ा रहा है, जिसमें 30 मेगावाट फ्लोटिंग सौर ऊर्जा उत्पादन, 20 मेगावाट भूमि-आधारित सौर ऊर्जा तथा पीपीए के माध्यम से एसईसीआई से प्राप्त 100 मेगावाट नवीकरणीय ऊर्जा प्राप्त करना शामिल है। कुमारस्वामी ने कहा कि यह कदम ऊर्जा खपत को अनुकूलित करते हुए क्षमता उपयोग को अधिकतम करने पर हमारे फोकस को दर्शाते हैं, जिससे भारत के इस्पात उद्योग के लिए एक स्थायी भविष्य सुनिश्चित होता है।

**तसरा कोयला खदान और चासनाला वाशरी का किया निरीक्षण**

केन्द्रीय इस्पात मंत्री ने घरेलू कोयला आपूर्ति को मजबूत करने की दृष्टि से बोकारो स्टील प्लांट की तसरा कोयला खदान और चासनाला वाशरी का दौरा किया। तसरा कोयला खदान एक प्रमुख परियोजना है, जिसका उद्देश्य आयातित कोकिंग कोयले पर भारत की निर्भरता को कम करना है। सितंबर 2025 में चालू होने के बाद यह खदान 3.5 मिलियन टन घरेलू कोकिंग कोयले का उत्पादन करेगी, जिससे इस्पात उत्पादन के लिए कच्चे माल की सुरक्षा मजबूत होगी। कुमार स्वामी ने मंगलवार को चासनाला वाशरी का भी दौरा किया, जिसकी स्थापित क्षमता 2 एमटीपीए है और यह कोयले में राख की मात्रा को 28% से घटाकर 17% कर देगी, जिससे इस्पात निर्माण में बेहतर दक्षता सुनिश्चित होगी। इस परियोजना पर 6500 करोड़ रुपए का निवेश किया जा रहा है। कुमारस्वामी ने कहा कि तसरा और चासनाला का विकास भारत को कोयला आपूर्ति में आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जो विकसित भारत 2047 के विजन के अनुरूप है। उन्होंने कहा कि यह सभी परियोजनाएं बोकारो स्टील प्लांट को मजबूत करने के लिए हैं।

## शातिर चोरों ने बर्मन ज्वेलर्स से पांच लाख के आभूषण और नकदी चुराया



**प्रातःनागपुरी प्रतिनिधि**

**धनबाद।** निरसा थाना क्षेत्र के जामताड़ा रोड स्थित बर्मन ज्वेलर्स में हुई चोरी, स्थानीय क्षेत्र में चर्चा का विषय बनी हुई है। अज्ञात चोरों ने पहले शटर और ग्रिल गेट को तोड़ा और फिर दुकान में प्रवेश गए। इसके बाद दुकान में जमकर लूटपाट मचाते हुए लाखों रुपये के आभूषण और नकदी लेकर फरार हो गए।

दुकान मालिक मुन्ना बर्मन ने मंगलवार को बताया कि चोरी में लगभग 5 लाख रुपये मूल्य के सोने के आभूषण, जिसमे एक चैन, एक जोड़ा बाला और कुछ अंगूठियां शामिल हैं, इसके साथ 20 हजार नकद की चोरी हुई है। चोरों ने लोहे की मुख्य तिजोरी को भी तोड़ने की कोशिश की, लेकिन असफल रहे।

फिलहाल निरसा थाना पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचकर मामले की जांच शुरू कर दी है। चोरी में इस्तेमाल किए गए तरीकों से स्पष्ट होता है कि चोरों ने इस वारदात को बड़ी ही योजनाबद्ध तरीके से घटना को अंजाम दिया है। पुलिस फिलहाल सीसीटीवी फुटेज और अन्य सबूतों के आधार पर अपराधियों की पहचान करने की कोशिश कर रही है।

## हरिश्चंद्र विद्या मंदिर के वार्षिकोत्सव पर दौड़ और खेल प्रतियोगिता शुरू

**प्रातः नागपुरी संवाददाता**



**कांड्रा।** कांड्रा स्थित हरिश्चंद्र विद्या मंदिर का वार्षिकोत्सव प्रतिवर्ष सरस्वती पूजा के अवसर पर हर्षोल्लासपूर्वक मनाया जाता है। इसके लिए मंगलवार से दौड़ प्रतियोगिताएं प्रारंभ हो चुकी हैं। प्रथम दिन वर्ग एक से दस के छात्र - छात्राओं की क्रमशः 250, 200,150 और 100 मीटर की और विभिन्न वर्गों की छात्राओं की म्यूजिकल चेयर प्रतियोगिताएं सम्पन्न हुईं। छात्र-छात्राओं के कुल बारह ग्रुप बनाये? गये। सभी विजयी विद्यार्थियों को सरस्वती पूजा के दिन पुरस्कृत किया जायेगा। सहायक शिक्षक रंजीत श्रीवास्तव, कुमारी तुलसी, कुमारी संजू ने विद्यार्थियों के बीच दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया। उच्च और मध्य विद्यालय के प्रभारी जेडी महतो, विनोद वार्ष्णेय, डी साव, केसी महतो, पीएल महतो, रिपोर्टर जगन्नाथ मिश्रा का सहयोग मिला। प्रतियोगिता के दूसरे दिन बुधवार 29 जनवरी को एसकेजी मैदान में छात्रों की क्रिकेट प्रतियोगिता होगी।

## सड़क दुर्घटना में सीसीएल कामगार घायल

**बोकारो थर्मल।** बोकारो थर्मल थाना अंतर्गत सीसीएल गोविंदपुर बी टाइप कॉलोनी के समीप बाइक और कार के बीच आमने-सामने की टक्कर में सीसीएल कामगार अपनी बेटी सहित घायल हो गए। सड़क दुर्घटना में बाइक पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि मंगलवार की रात लगभग सात बजे सीसीएल गोविंदपुर के ओवरमैन जयदेव मंडल अपनी नई फ्रांक्स कार लेकर बी टाइप कॉलोनी जा रहे थे कि उसी दौरान कॉलोनी से गोविंदपुर के ही कांटा बाबू चंदन साव अपनी बेटी रिया गुप्ता के साथ अपनी बाइक (जेएच09वाई-3408) से ट्यूशन लेकर जा रहे थे। इसी क्रम में कार और बाइक में आमने-सामने की टक्कर हो गई।

**बोकारो में जमशेदपुर के विधायक का समारोहपूर्वक अभिनन्दन**

## कचरा-निस्तारण की समुचित व्यवस्था बेहद जरूरी : सरयू

**प्रातःनागपुरी प्रतिनिधि**

**बोकारो।** जमशेदपुर पश्चिमी के विधायक एवं दामोदर बचाओ आंदोलन के प्रणेता सरयू राय ने इंदौर का उदाहरण देते हुए कहा है कि कचरा निस्तारण की समुचित व्यवस्था अति आवश्यक है।




शहरी क्षेत्रों का कचरा और औद्योगिक इकाइयों का कचरा दामोदर को प्रदूषित किए जा रहा है। यह पर्यावरण के साथ सरासर खिलवाड़ है। श्री राय मंगलवार को बोकारो इस्पात नगर के स्थानीय सिटी पार्क में युगांतर भारती दामोदर बचाओ आंदोलन व देवनद दामोदर क्षेत्र विकास ट्रस्ट एवं बोकारो जदयू की ओर से उनके सम्मान में आयोजित अभिनंदन समारोह को संबोधित कर रहे थे। समारोह में जदयू के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं पूर्व बियाडा चेयरमैन अशोक चौधरी, भाजपा नेता डॉ. प्रहलाद वर्णवाल, बीएमएस के वरीय नेता व पदाधिकारी कृष्णा राय, राजीव कंठ, पूर्व जिलाध्यक्ष भरत यादव, मधुसूदन सिंह, भाजपा धनबाद के पूर्व जिलाध्यक्ष विजय कुमार झा, जनसंख्या फाउंडेशन के बोकारो जिला महामंत्री व भाजपा नेता विक्रम कुमार महतो, गोपाल साव, करमचंद गोप सहित जदयू के प्रवीण कुमार, वाल्मीकि सिंह व अन्य कार्यकर्ता तथा ट्रस्ट व युगांतर भारती से जुड़े अन्य उपस्थित थे। समारोह की अध्यक्षता सुरेंद्र सिन्हा ने की तथा संचालन श्रवण कुमार ने किया। अन्य वक्ताओं ने भी अपने विचार व्यक्त करते हुए कचरा निस्तारण प्लांट के निर्माण पर जोर दिया।

## संस्कार भारती ने किया भारतमाता पूजनोत्सव का आयोजन

**प्रातःनागपुरी प्रतिनिधि**

**बोकारो।** भारतीय साहित्य, संगीत व ललित कलाओं की अखिल भारतीय संस्था संस्कार भारती की बोकारो जिला इकाई के तत्वावधान में गणतंत्र दिवस के अवसर पर भारतमाता पूजनोत्सव का आयोजन किया गया।



चीरा चास के वास्तु विहार फेज 4 में आरआर नृत्यशाला एंड आर्टस परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम का शुभारंभ संस्कार भारती के प्रांतीय चित्रकला सह प्रमुख सरोज मिश्रा, संस्कार भारती, बोकारो जिला इकाई के अध्यक्ष अमरजी सिन्हा, मंत्री स्वरुप शेखर पांडेय, साहित्य प्रमुख अरुण पाठक, नृत्य प्रमुख रजनी पाढ़ी, चित्रकला प्रमुख नागेन्द्र सिंह, रुपक पांडेय ने भारतमाता की तस्वीर पर माल्यार्पण व पुष्पार्चन एवं उनकी तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया। रजनी पाढ़ी ने आगंतुकों का स्वागत किया। मंत्री स्वरुप शेखर पांडेय ने आयोजन के उद्देश्य पर प्रकाश डाला। अमरजी सिन्हा ने संस्कार भारती के ध्येय गीत 'साधयति संस्कार भारती, भारते नवजीवनम...' व देशभक्ति गीत की सुमधुर प्रस्तुति की। अरुण पाठक ने देशभक्ति गीत 'प्रेम के पुजारी हम हैं..', 'हम उस देश के वासी हैं जिस देश में गंगा बहती है...', रुपक पांडेय ने 'जहां डाल डाल पर सोने की चिड़िया करती है बसेरा...', राज कुमारी मिश्रा, समृद्धि व अन्य कलाकारों ने देशभक्ति गीतों की सुमधुर प्रस्तुति से सभी को आनंदित किया। तबले पर शुभम कुमार व रेवंत जयेन्द्र पाढ़ी, हारमोनियम पर सुभाष राय ने संगति की। इस अवसर पर राजा राजेश्वरी नृत्यपाठशाला एंड आट्र्स की छात्राओं ने नृत्य की सुंदर प्रस्तुति से सभी का मन जीत लिया। कार्यक्रम का संचालन रजनी पाढ़ी व धन्यवाद ज्ञापन स्वरूप शेखर पांडेय ने किया।

## सीओ से मिला प्रतिनिधिमंडल, जमीन संबंधी समस्याएं सुलझाने की मांग



**प्रातःनागपुरी प्रतिनिधि**

**बोकारो।** नगर विकास समिति का प्रतिनिधिमंडल अभय कुमार मुन्ना के नेतृत्व में मंगलवार को चास के अंचल अधिकारी दिवाकर दुबे से मिला। प्रतिनिधिमंडल ने चास अंचल क्षेत्र में जमीन संबंधी समस्याओं को लेकर खास तौर से वार्ता की तथा 11 सूत्री मांगपत्र सौंपा।

वार्ता के क्रम में चास अंचल क्षेत्र में आवेदित सभी आय, आवासीय, जाति, पारिवारिक सूची, दाखिल-खारिज के आवेदन को अविलंब निष्पादित करने, चास अंचल क्षेत्र में मालगुजारी के नियमित व सहज रूप से भुगतान, ऑनलाइन प्रक्रिया के दौरान सिकमी किस्म की जमीन की त्रुटि में सुधार, राजस्व कर्मचारी का उनके अपने क्षेत्र में रहना सुनिश्चित करने सहित अन्य मांगें रखी गईं। विशेषकर, चास अंचल कार्यालय को बिचौलियों के शिकंजे से पूर्णतः मुक्त किए जाने की मांग की गई। कहा कि चास अंचल कार्यालय में आम जन के लिए शिकायत पेटिका लगाई जाए। प्रतिनिधिमंडल से वार्ता में अंचल अधिकारी चास दिवाकर दुबे ने कहा कि म्यूटेशन में किसी प्रकार की गड़बड़ी में सुधार करने के लिए प्रज्ञा केंद्र में जाकर परिशोधन एप के माध्यम से आवेदन किया जाए। तीन महीने तक सर्वर खराब रहने के कारण म्यूटेशन नहीं हुआ था। पुनः जिनका म्यूटेशन नहीं हुआ है, वे अपना आवेदन करें। सिक्मि किस्म की जमीन को परिशोधन एप में डालकर उसे अंचल कार्यालय में जमा किया जाए। श्री दुबे ने कहा कि वृद्धा, विधवा, विकलांग पेंशन 17 जनवरी से सभी के खाते में आना शुरू हो गया है। साथ ही आम जन को किसी भी प्रकार की शिकायत देने के लिए त्वरित शिकायत पेटिका लगाने की बात भी उन्होंने कही। समिति के प्रतिनिधि मंडल में संरक्षक सदस्य सह जन संघर्ष मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष विक्रम महतो, नागरिक कल्याण मंच के संरक्षक बालकृष्ण कुमार, डॉ. एस कुमार, सेवानिवृत्त कर्मचारी संघ के मल्लिक प्रसाद यादव, सुबोध कुमार सिंह, करमचंद गोप, लाल मुनी देवी, अतीश कुमार सिंह, रामकिंकर माहथा, गोपाल साव, प्रदीप कुमार, विन्दा देवी, रानी देवी, कैलाश जायसवाल आदि शामिल थे।

## इस्पात मंत्री के दौरे से जगी आशा की नई किरण : देव शर्मा

▸ विस्थापितों, मजदूरों की समस्याएं हल होने की जताई उम्मीद

**प्रातःनागपुरी प्रतिनिधि**

**बोकारो।** सिटी पार्क में विस्थापित युवा लायंस फोर्स की बैठक मंगलवार को रंजीत महतो की अध्यक्षता और संजय रजवार के संचालन में हुई। बैठक में मुख्य रूप से युवा कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष सह युवा लायंस फोर्स के केंद्रीय अध्यक्ष देव शर्मा मौजूद थे।



श्री शर्मा ने कहा कि केंद्रीय इस्पात मंत्री एचडी कुमारस्वामी के बोकारो आने से विस्थापितों, मजदूरों एवं पूरे बोकारोवासियों में एक नई उम्मीद की किरण जगी है। उन्होंने कहा कि बीएसएल प्रबंधन को विस्थापितों ने अपना गांव, घर, खेत, खलिहान आदि सारी जमीन इसी उम्मीद से दी थी कि बीएसएल 10 मिलियन टन का स्टील प्लांट बने, जिससे उनके परिवार को स्थाई नियोजन, शिक्षा, स्वस्थ, चिकित्सा, आवास आदि की सुविधा मिलेगी तथा संविदा आदि में भी प्राथमिकता मिलेगी। लेकिन, अफसोस की बात है कि तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी से लिखित वार्ता होने के बाद भी बीएसएल प्रबंधन आज ऐसा नहीं कर सका है।

खासकर, जब से देश में भाजपा की सरकार आई है, बीएसएल समेत सभी पूंजीपति तथा उद्योगपति मिलकर विस्थापितों और मजदूरों का खुलेआम शोषण कर रहे हैं। श्री शर्मा ने इस्पात मंत्री से अनुरोध करते हुए कहा कि वह बोकारो प्लांट का विस्तारीकरण कर 10 मिलियन टन तक पहुंचाएं, अन्यथा विस्थापितों की खाली पड़ी जमीन वापस दिलाएं। विस्थापित खेती कर अपनी रोजी-रोटी का जुगाड़ कर लेंगे। उन्होंने स्थानीय मजदूरों को सीधी बहाली, जिन विस्थापितों को नियोजन नहीं मिला है, या जो रिटायर कर गए हैं, उनके बच्चों को सीएसआर फंड का समुचित रूप से लाभ, शिक्षा-स्वास्थ्य जैसी मूलभूत आवश्यकताएं बहाल करने तथा बीएसएल के बंद स्कूलों को पुनः चालू करने, 10 हजार विस्थापितों को सीधा नियोजन देने की मांग की।

## डीवीसी बोकारो थर्मल में कामगारों और सप्लाई कर्मियों का विभागीय तबादला

**प्रातःनागपुरी प्रतिनिधि**

**बोकारो थर्मल।** बोकारो थर्मल डीवीसी पावर प्लांट के एचओपी सुशील कुमार अरजरिया के निर्देश पर मंगलवार को प्रबंधक एचआर सुनील कुमार के हस्ताक्षर से कामगारों और सप्लाई कर्मियों के विभागीय तबादले किए गए।

जिन कर्मियों का तबादला किया गया, उनमें एचआर विभाग के रवि चंद्र कुमार को भू-संपदा विभाग, वरीय जीएम कार्यालय के विवेकानंद कुमार को एचआर, एचआर के शाहिद इकराम को सेंट्रल स्टोर, सेंट्रल स्टोर के अर्घा बासु को भू-संपदा विभाग, विजिलेंस के शकील अहमद को एमएस वन, एमएस वन के पीके बाला को इएमपीसी, फ्यूल विभाग के खलासी मोती रजवार को ऐश पौंड वे ब्रिज, रामजतन को विजिलेंस से एचआर, मेहिलाल प्रजापति को एचआर से डीवीसी जमा दो विद्यालय, ऐनुल हक को भू-संपदा विभाग से वरीय जीएम सह एचओपी कार्यालय, दिनेश प्रसाद को एमएस वन, तुलसी राम को ऐश पौंड वे ब्रिज और सुब्रतो पाल को इएस वन कार्यालय में तबादला किया गया है। इसके अलावा, सप्लाई मजदूरों में बासुदेव मिस्त्री और सुनील घांसी को फाइनेंस विभाग से भू-संपदा विभाग, एचआर के देवन घांसी और बच्चा चौधरी को निदेशक भवन, भू-संपदा विभाग के सुमन कुमार देव को इएस वन, भू-संपदा विभाग के धनजीत कुमार को वे ब्रिज और के गोपाल को डीवीसी मिडिल स्कूल में तबादला किया गया है।

## सीबीएसई साइंस चैलेंज में डीपीएस बोकारो का आरुष झारखंड में अव्वल

▸ पूरे राज्य से अकेले पाई कामयाबी, प्राचार्य डॉ. गंगवार ने दी बधाई

**प्रातःनागपुरी प्रतिनिधि**

**बोकारो।** विद्यार्थियों में विज्ञान के प्रति जिज्ञासा, जागरुकता एवं वैज्ञानिक सोच विकसित करने के उद्देश्य से सीबीएसई (केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड) की ओर से आयोजित सीबीएसई साइंस चैलेंज 2024-25 में डीपीएस बोकारो की दसवीं कक्षा के छात्र आरुष रंजन ने पूरे झारखंड में अव्वल स्थान प्राप्त किया है। 10वीं कक्षा की कैटेगरी में आरुष पूरे झारखंड से इस चैलेंज को क्वालीफाई करने वाला एकमात्र विद्यार्थी है। विज्ञान, पर्यावरण एवं सस्टेनेबिलिटी विषयवस्तु पर आधारित इस चैलेंज में देश के अलग-अलग प्रांतों से सीबीएसई संबद्ध विद्यालयों के प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया था। इनमें आरुष ने उच्चस्तरीय प्रदर्शन के साथ सफलता पाकर अपने विद्यालय व शहर के साथ-साथ पूरे राज्य का नाम राष्ट्रीय स्तर पर गौरवान्वित किया है। उल्लेखनीय है कि सीबीएसई प्रत्येक वर्ष कक्षा 8 से 10वीं तक के विद्यार्थियों के लिए यह प्रतियोगिता अंतः विद्यालय एवं अंतर विद्यालय स्तर पर दो चरणों में आयोजित करता है। सीबीएसई साइंस चैलेंज में भौतिकी, रसायन विज्ञान, जीव विज्ञान और पर्यावरण विज्ञान के चुनौतीपूर्ण प्रश्न पूछे जाते हैं। विद्यालय के प्राचार्य डॉ. ए. एस. गंगवार ने आरुष की कामयाबी को विद्यालय के साथ-साथ पूरे राज्य के लिए उपलब्धि बताते हुए उसे बधाई दी। साथ ही, उसके उज्जवल भविष्य की कामना की। मंगलवार को विद्यालय में आयोजित एक विशेष प्रार्थना सभा में आरुष को सम्मानित करते हुए प्राचार्य ने कहा कि उसकी यह गौरवपूर्ण सफलता अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणास्त्रोत है। उल्लेखनीय है कि आरुष ने हाल ही में विज्ञान के क्षेत्र में देश की सबसे बड़ी प्रतियोगिता विद्यार्थी विज्ञान मंथन (वीवीएम) में भी पूरे झारखंड में पहला स्थान प्राप्त किया है। आगामी मई, 2025 में होने वाली विद्यार्थी विज्ञान मंथन की राष्ट्रीय परीक्षा के लिए वह क्वालीफाई कर चुका है। इसके अलावा, रीजनल मैथमेटिकल ओलंपियाड (आरएमओ) में भी उसने शानदार सफलता पाई।



एक निजी बीमा कंपनी में अधिकारी निरंजन कुमार एवं झारखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण (झालसा) की कर्मी आरती रंजन के होनहार पुत्र आरुष को खगोलीय भौतिकी में काफी रुचि है। वह आगे चलकर इसी क्षेत्र में शोध कर एक खगोलीय वैज्ञानिक बनना चाहता है। एक बातचीत में उसने कहा कि अगर उसे मौका मिला तो वह इसरो और नासा जैसे संस्थानों में जाकर ब्रह्मांड के रहस्यों के बारे में जानकारी प्राप्त करने का प्रयास करेगा। दो भाइयों में बड़ा आरुष रोजाना छह से सात घंटे पूरी तल्लीनता के साथ पढ़ाई करता है। पढ़ाई के अलावा उसे गिटार बजाने और फोटोग्राफी का भी काफी शौक है।

## जेईई मेन- 1 : बोकारो में 671 अभ्यर्थियों ने दी परीक्षा, 22 रहे अनुपस्थित

**प्रातःनागपुरी प्रतिनिधि**

**बोकारो।** राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) की ओर से इंजीनियरिंग संस्थानों में नामांकन के लिए जारी संयुक्त प्रवेश परीक्षा मुख्य (जेईई मेन) के प्रथम सत्र के तहत मंगलवार को बोकारो के दो परीक्षा केंद्रों पर कुल 671 अभ्यर्थियों ने परीक्षा दी। जबकि, कुल 693 परीक्षार्थियों में से 22 कैंडिडेट अनुपस्थित रहे।

एनटीए के सिटी कोआर्डिनेटर एवं डीपीएस बोकारो के प्राचार्य डॉ. ए एस गंगवार के अनुसार, आरआर टेक्नोलॉजी सेंटर पर पहली पाली में कुल 123 में 117 अभ्यर्थी परीक्षा में शामिल हुए, जबकि 06 अनुपस्थित रहे। इसी केंद्र में दूसरी पाली में कुल 130 में 126 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी और 04 अनुपस्थित रहे। वहीं, अल्फा आईसीटी सेंटर में बने केंद्र में पहली पाली में कुल 220 में 214 कैंडिडेट ने परीक्षा दी, जबकि 06 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहे। दूसरी पाली में भी यही आंकड़ा रहा। कुल 220 में 214 ने परीक्षा दी और 06 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। सिटी कोऑर्डिनेटर डॉ. गंगवार ने बताया कि परीक्षाएं शांतिपूर्ण चल रही हैं। कहीं से भी कदाचार या अन्य गड़बड़ी की कोई सूचना नहीं है। बुधवार (29 जनवरी) को आरआर टेक्नोलॉजी सेंटर पर पहली पाली में 114 और दूसरी में 115 कैंडिडेट शामिल होंगे।

# साहित्य और पर्यटन का सांस्कृतिक आयोजन भी है महाकुंभ

विवेक रंजन श्रीवास्तव

**कुंभ सदा से धार्मिक ही नहीं एक साहित्य और पर्यटन का सांस्कृतिक आयोजन रहा है और भविष्य में तकनीक के विकास के साथ और भी वृहद बनता जायेगा। इस वर्ष प्रयाग का कुंभ नये चैलेंज लिये आयोजित हो रहा है, हम सब की नैतिक व धार्मिक सामाजिक जिम्मेदारी है कि हम स्वयं का ख्याल व सावधानियां रखते हुये ही कुंभ स्नान व आयोजन में सहभागिता करें, क्योंकि यदि मन चंगा तो कठौती में गंगा। और मन तभी चंगा रह सकता है जब शरीर चंगा रहे।**

भारतीय संस्कृति वैज्ञानिक दृष्टि तथा एक विचार के साथ विकसित हुई है। बारह ज्योतिर्लिंग, इक्यावन शक्ति पीठ, बद्रीनाथ, द्वारका, जगन्नाथपुरी, रामेश्वरम के चारों धाम के दर्शनों के अतिरिक्त हमारी संस्कृति में नदियों के संगम स्थलों पर मकर संक्रांति, चंद्र ग्रहण व सूर्यग्रहण के अवसरों पर पवित्र स्नान की भी परम्परायें हैं। चित्रकूट व गिरिराज पर्वतों की परिक्रमा, नर्मदा नदी की परिक्रमा जैसे अद्भुत उदाहरण हमारी धार्मिक आस्था की विविधता के साथ पर्यटन को बढ़ावा देने के प्रामाणिक द्योतक हैं।

हरिद्वार, प्रयाग, नासिक तथा उज्जैन में आयोजित होते कुंभ के मेले तो मूलतः स्नान से मिलने वाली शारीरिक तथा मानसिक शुचिता को ही केंद्र में रखकर निर्धारित किये गये हैं। साथ ही ये पर्यटन को धार्मिकता से जोड़े जाने के विलक्षण उदाहरण हैं। ऐसे में स्नान को केंद्र में रखकर ही महाकुंभ जैसा विशाल और अद्भुत पर्व मनाया जा रहा है, जो हजारों वर्षो से हमारी संस्कृति का हिस्सा है। पीढ़ियों से जनमानस की धार्मिक भावनायें और आस्था कुंभ स्नान से जुड़ी हुई हैं। प्रयागराज के नैसर्गिक महत्व तथा माँ गंगा, यमुना और अदृश्य सरस्वती के अनुपम संगम के कारण प्रयाग कुंभ सदैव विशिष्ट ही रहा है।

प्रश्न है कि क्या कुंभ स्नान को मेले का स्वरूप देने के पीछे केवल नदी में डुबकी लगाना ही हमारे मनीषियों का उद्देश्य रहा होगा? इस तरह के आयोजनों को नियमित अंतराल पर निरंतर स्वस्फूर्त आयोजन करने की व्यवस्था बनाने का निहितार्थ समझने की आवश्यकता है। आज तो लोकतांत्रिक शासन है, हमारी ही चुनी हुई सरकारें हैं जो जनहितकारी व्यवस्था महाकुंभ हेतु कर रही है पर कुंभ के मेलों ने तो पराधीनता के युग भी देखे हैं, आक्रांता बादशाहों के समय में भी कुंभ संपन्न हुये हैं और इतिहास गवाह है कि तब भी



तत्कालीन प्रशासनिक तंत्र को इन भव्य आयोजनों का व्यवस्था पक्ष देखना ही पड़ा। समाज और शासन को जोड़ने का यह उदाहरण शोधार्थियों की रुचि का विषय हो सकता है। वास्तव में कुंभ स्नान शुचिता का प्रतीक है, शारीरिक और मानसिक शुचिता का। जो साधु संतो के अखाड़े इन मेलों में एकत्रित होते हैं वहां सत्संग होता है, गुरु दीक्षायें दी जाती हैं। इन मेलों के माध्यम से आध्यात्मिक उन्नयन के लिये जनमानस तरह तरह के व्रत, संकल्प और प्रयास करता है। धार्मिक यात्रायें होती हैं। लोगों का मिलना जुलना, वैचारिक आदान प्रदान हो पाता है। धार्मिक पर्यटन हमारी संस्कृति की विशिष्टता है। पर्यटन नये अनुभव देता है साहित्य तथा नव विचारों को जन्म देता है, हजारों वर्षो से अनेक आक्रांताओं के हस्तक्षेप के बाद भी भारतीय संस्कृति अपने मूल्यों के साथ इन्ही मेलों समागमों से उत्पन्न अमृत ऊर्जा से ही अक्षुण्य बनी हुई है।

जब ऐसे विशाल, महीने भर की अवधि तक चलने वाले भव्य आयोजन संपन्न होते हैं तो जन सैलाब जुटता है। स्वाभाविक रूप से वहां धार्मिक सांस्कृतिक नृत्य, नाटक मण्डलियों के आयोजन भी होते हैं, कला विकसित होती है। प्रिंट मीडिया व आभासी दुनिया के संचार संसाधनो में आज इस आयोजन की व्यापक चर्चा हो रही है। लगभग हर अखबार प्रतिदिन कुंभ की खबरों तथा संबंधित साहित्य के परिशिष्ट से भरा दिखता है। अनेक पत्रिकाओं ने तो कुंभ के विशेषांक ही निकाले हैं। कुंभ पर केंद्रित वैचारिक संगोष्ठियां हो रही हैं, जिनमें साधु संतो, मनीषियों और जन सामान्य की, साहित्यकारों, लेखकों तथा कवियों की भागीदारी से विकीपीडिया और साहित्य संसार लाभान्वित हुआ है। कुंभ के बहाने साहित्यकारों, चिंतकों को आंचलिक, सामाजिक परिवर्तनों की समीक्षा का अवसर मिलता है। विगत के अच्छे बुरे के आकलन के साथ साथ भविष्य की योजनायें प्रस्तुत करने तथा देश व समाज के विकास की रणनीति तय करने, समय के साक्षी विद्वानों, साधु संतों, मठाधीशों के परस्पर शास्त्रार्थो के निचोड़ से समाज को लाभान्वित करने का मौका यह आयोजन सुलभ करवाता है। क्षेत्र का विकास होता है, व्यापार के अवसर बढ़ते हैं।

कुंभ सदा से धार्मिक ही नहीं एक साहित्य और पर्यटन का सांस्कृतिक आयोजन रहा है और भविष्य में तकनीक के विकास के साथ और भी वृहद बनता जायेगा। इस वर्ष प्रयाग का कुंभ नये चैलेंज लिये आयोजित हो रहा है, हम सब की नैतिक व धार्मिक सामाजिक जिम्मेदारी है कि हम स्वयं का ख्याल व सावधानियां रखते हुये ही कुंभ स्नान व आयोजन में सहभागिता करें, क्योंकि यदि मन चंगा तो कठौती में गंगा। और मन तभी चंगा रह सकता है जब शरीर चंगा रहे। प्रयागराज में आयोजित हो रहा महाकुंभ इसी धार्मिक पर्यटन, सांस्कृतिक कार्यों की हमारी विरासत का साक्षी बना हुआ है।

## संपादकीय

### दोहरा निशाना

मतभेदों का सम्मान किया जाना चाहिए और सद्भाव से रहने की कुंजी एकजुटता है। यह कहना है राष्ट्रीय स्वयं सेवक प्रमुख मोहन भागवत ने महाराष्ट्र के भिवंडी में गणतंत्र दिवस समारोह के दौरान ध्वाजारोहण के बाद कही। भागवत ने विविधा के संदर्भ में कहा कि गणतंत्र दिवस उत्सव के साथ-साथ राष्ट्र के प्रति जिम्मेदारियों को याद करने का अवसर भी है। किसी को दबाया नहीं जाना चाहिए, आपकी अपनी विशेषताएं हो सकती हैं मगर आपको दूसरों के प्रति अच्छा व्यवहार करना चाहिए। यदि आपका परिवार दुखी है तो आप खुश नहीं रह सकते। अगर आप जीना चाहते हैं तो सामंजस्यपूर्ण जीवन जीना चाहिए। कुछ ही समय पहले भागवत द्वारा हर धर्म के देवी-देवताओं के सम्मान की भी बात की गई थी, जिस पर विवाद छिड़ गया था। सौहार्द और जिम्मेदारियों को लेकर की गई उनकी बात को लेकर एक बार फिर संदेह किया जा सकता है। संघ के तौर-तरीकों व विवादास्पद विचारों की बजाए भागवत का एकजुटता को लेकर दिया गया भाषण रणनीति भरा व दूरदर्शितापूर्ण कहा जा सकता है। मगर उनके विरोधियों को यह रास नहीं आ सकता। बहुसंख्यकों के हितों पर मुखर रूप से बोलने वाले भागवत अब देश में सभी को साथ रहने और इसे भारत की संस्कृति बताते हैं। हालांकि पिछले दिनों राम मंदिर निर्माण को देश की दूसरी आजादी से जोड़ने वाले उनके बयान पर कांग्रेस ने तल्ख टिप्पणी की थी। आरोप लगाया था कि वे संविधान को आजादी का प्रतीक नहीं मानते। यह कहना गलत नहीं है कि भागवत हिन्दुओं के नेता बनने की ललक के चलते विरोधाभाषी या विवादास्पद बयानबाजी करने से चूकना नहीं चाहते। भाजपा के संघ को दरकिनार करने के संकेतों से निपटने के लिहाज से भी वह पलटवार करते नजर आते हैं। कभी एक-दसरे के पूरक रहे भाजपा व संघ के मतभेदों को पाटने के उनके ये प्रयास भी हो सकते हैं। कड़वी गोलियों के दरम्यान कुछ मीठी चीजों को पल्रोभन के लिहाज से देते रहना भागवत की रणनीति का हिस्सा भी हो सकता है। विपटल पर अपनी छवि सुधारने और जनता के समक्ष अपना महत्त्व बनाये रखने के हथकंडों की उन्हें जरूरत है। जिस सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के बीज के दम पर भाजपा की फसल लहलहा रही है। उन बीज को संघ प्रमुख बेकार नहीं होने देना चाहेंगे, न ही उनके उन्नत संस्करणों पर पूरी तरह सत्ताधारी दल को काबिज ही होने देना चाहेंगे। विविधता व सामंजस्य की बात कर वह एक तीर से दो निशाने साधते नजर आ रहे हैं।

## चिंतन-मनन

### जो हो रहा है, उसके जिम्मेदार हम खुद

हम मनुष्यों की एक सामान्य सी आदत है कि दुःख की घड़ी में विचलित हो उठते हैं और परिस्थितियों का कसूरवार भगवान को मान लेते हैं। भगवान को कोसते रहते हैं कि हे भगवान हमने आपका क्या बिगाड़ा जो हमें यह दिन देखना पड़ रहा है। गीता में श्री कृष्ण ने कहा है कि जीव बार-बार अपने कर्मों के अनुसार अलग-अलग योनी और शरीर प्राप्त करता है। यह सिलसिला तब तक चलता है जब तक जीवात्मा परमात्मा से साक्षात्कार नहीं कर लेता। इसलिए जो कुछ भी संसार में होता है या व्यक्ति के साथ घटित होता है उसका जिम्मेदार जीव खुद होता है। संसार में कुछ भी अपने आप नहीं होता है। हमें जो कुछ भी प्राप्त होता है वह कर्मों का फल है। इश्वर तो कमल के फूल के समान है जो संसार में होते हुए भी संसार में लिप्त नहीं होता है। ईश्वर न तो किसी को दु?ख देता है और न सुख।


इस संदर्भ में एक कथा प्रस्तुत है? गौतमी नामक एक वृद्धा ब्राह्मणी थी। जिसका एक मात्र सहारा उसका पुत्र था। ब्राह्मणी अपने पुत्र से अत्यंत स्नेह करती थी। एक दिन एक सर्प ने ब्राह्मणी के पुत्र को डंस लिया। पुत्र की मृत्यु से ब्रह्मणी व्याकुल होकर विलाप करने लगी। पुत्र को डंसने वाले सांप के ऊपर उसे बहुत प्रोध आ रहा था। सर्प को सजा देने के लिए ब्राह्मणी ने एक सपेरे को बुलाया। सपेरे ने सांप को पकड़ कर ब्राह्मणी के सामने लाकर कहा कि इसी सांप ने तुम्हारे पुत्र को डंसा है, इसे मार दो। ब्राह्मणी ने संपरे से कहा कि इसे मारने से मेरा पुत्र जीवित नहीं होगा। सांप को तुम्ही ले जाओ और जो उचित समझो सो करो। संपेरा सांप को जंगल में ले आया। सांप को मारने के लिए संपेरे ने जैसे ही पत्थर उठाया, सांप ने कहा मुझे क्यों मारते हो, मैंने तो वही किया जो काल ने कहा था। संपेरे ने काल को ढूंढा और बोला तुमने सर्प को ब्राह्मणी के बच्चे को डंसने के लिए क्यों कहा। काल ने कहा ब्राह्मणी के पुत्र का कर्म फल यही था। मेरा कोई कसूर नहीं है।

सपेरा कर्म के पहुंचा और पूछा तुमने ऐसा बुरा कर्म क्यों किया। कर्म ने कहा मुझ से क्यों पूछते हो, यह तो मरने वाले से पूछो मैं तो जड़ हूं। इसके बाद संपेरा ब्राह्मणी के पुत्र की आत्मा के पास पहुंचा। आत्मा ने कहा सभी ठीक कहते हैं। मैंने ही वह कर्म किया था जिसकी वजह से मुझे सर्प ने डंसा, इसके लिए कोई अन्य दोषी नहीं है।  महाभारत के युद्ध में अर्जुन ने भीष्म को बाणों से छलनी कर दिया और भीष्म पितामह को बाणों की शैय्या पर सोना पड़ा। इसके पीछे भी भीष्म पितामह के कर्म का फल ही था। बाणों की शैय्या पर लेटे हुए भीष्म ने जब श्री कृष्ण से पूछा, किस अपराध के कारण मुझे इसे तरह बाणों की शैय्या पर सोना पड़ रहा है। इसके उत्तर में श्री कृष्ण ने कहा था कि, आपने कई जन्म पहले एक सर्प को नागफनी के कांटों पर फेंक दिया था। इसी अपराध के कारण आपको बाणों की शैय्या मिली है। इसलिए कभी भी जाने-अनजाने किसी भी जीव को नहीं सताना चाहिए।

# यूसीसी की प्रयोगशाला है उत्तराखंड



राकेश अचल



देश पर शासन करने वाली भाजपा और उसके सहयोगी दल सबको साथ लेकर सबका विकास करना ही नहीं चाहते ,इसका सबसे बड़ा प्रमाण है यूसीसी का उत्तराखंड में जबरन लागू किया जाना। भाजपा ने उत्तराखडं को यूसीसी की प्रयोगशाला बना दिया है। केंद्र यदि चाहता तो इस नए कानून को उत्तर प्रदेश समेत देश के उन तमाम राज्यों में एक साथ लागू करा सकता था जहाँ कि भाजपा की सरकारें है। लेकिन ऐसा नहीं किया गया ,क्योंकि केंद्र उत्तराखंड में इस कानून के नतीजे देखना चाहती है। इस कानून को अदालती परीक्षण से भी गुजरना चाहती है।

यूसीसी यानि समान नागरिक संहिता लागू करना भाजपा और संघ का बहुत पुराना सपना है। भाजपा के जरिये संघ अपने पुराने सपनों में खरामा-खरामा रंग भरने में जुटा है। छह साल पहले संघ ने भाजपा के जरिये जम्मू-कश्मीर से संविधान की धारा 370 हटाई और अब बारी समान नागरिक संहिता की है।भाजपा देश की विविधता को एक ही रंग में रंगना चाहती है और वो रंग है भगवा रंग। भाजपा को देश में एक भाषा,एक भूषा,एक खाना,एक चुनाव यानि सब कुछ एक चाहिए। अगर कुछ एक नहीं चाहिए तो वो है मुसलमानों की मौजूदगी।

मुझे भाजपा के इस अभियान से कोई आपत्ति नहीं है। भाजपा इस समय भारत -भाग्य विधाता है। वो जो चाहे सो करे ,कर सकती है। सत्ता उसके हाथ में है। लेकिन भाजपा भूल रही है कि पूरा देश उसके हाथ में नहीं है। केंद्र को यानि भाजपा को एक सम्मान नागरिक संहिता लागू करने से पहले ये जान लेना चाहिए कि देश में अलग-अलग क्षेत्रों की ,जातियों की परम्पराएं ,रीति-रिवाज एक नहीं है। उनमें दखल देना अक्षम्य अपराध है ,लेकिन भाजपा का चरित्र ही एक -दूसरे के मजहब में मदाखलत करने का है। इसके लिए भाजपा रोज नए रास्ते तलाश करती रहती है। पिछले दस साल से भाजपा यही सब तो कर रही है। इस मामले में भाजपा के अनुसन्धान निकाय का लोहा मानना पड़ेगा।


देश में एक सामान नागरिक संहिता और एक चुनाव ,एक भाषा लागू करने से पहले देश की तमाम आबादी का सामाजिक,शैक्षणिक और आर्थिक स्तर भी एक समान करना होगा। भाजपा भूल जाती है कि अभी देश में समानता से ज्यादा असमानता यानि की गैर बराबरी है। देश में आधी आबादी के पास न दो जून की रोटी है और न सिर पर छत या छप्पर। तन पर कपड़ा भी नहीं है। हर हाथ को काम भी नहीं है। 80 करोड़ जनता तो सरकार के पांच किलो अन्न पर जीवित है ,ऐसे में यूसीसी कैसे लागू की जा सकती है ? लेकिन इसका विस्मिल्लाह उत्तराखंड से हो गया है क्योंकि इस सूबे में यूसीसी से प्रभावित होने वालों की तादाद कमोवेश कम है और यहां इसका ज्यादा विरोध भी नहीं हो पायेगा ,होगा भी तो उससे निबट लिया जाएगा। भाजपा की सरकार के दुस्साहस का लोहा मै शुरू से मानता आया हूँ। लेकिन भाजपा में अभी इतना साहस नहीं है कि वो यूसीसी को उत्तर प्रदेश या केरल जैसे राज्यों में लागू कर दिखाए। इसके लिए भाजपा को एक -दो जन्म और लेना पड़ेंगे। भाजपा चूंकि संघ का उत्पाद है इसलिए उसे एक-दो जन्म लेने में भी कोई संकोच नहीं होगा। भाजपा को पुनः मूषक होने की आदत है। आपको याद होगा कि इसी भाजपा की अखंड,प्रचंड बहुमत वाली सरकार ने कुछ समय पहले किसनों के लिए तीन विवादास्पद कानून बनाये थे,लेकिन जब उनका देशव्यापी विरोध हुआ तब ये तीनों कानून वापस भी लेना पड़े ,ये बात और है कि भाजपा की सरकार ने कानून वापस लेने से पहले देश के 700 किसानों की बलि ले 'ऽयूसीसी भी न जाने कितने बलिदान लेकर मानेगी

केंद्र सरकार की कोशिश है कि देश में शांति न रहे। कुछ न कुछ ऐसा होता रहे जिससे लोग चैन से न सो सकें। अब केंद्र उत्तराखंड में यूसीसी लागू करने के बाद वक्फ बोर्ड में गैर मुस्लिमों की घुसपैठ के साथ ही उसके मुकाबिल सनातन बोर्ड के गठन की रूपरेखा पर अमल करने वाले हैं। इस साल का महाकुम्भ इसका प्रयोग स्थल है। धर्म के ठेकेदार इस समय देश की सत्ता को संगम स्नान करने में लगे हुए हैं। सत्ता के एजेंडे पर काम करने में इन अखाड़ा प्रमुखों को कोई संकोच नहीं है। बल्कि देश के गृहमंत्री को गंगा स्नान करने में इन्हें अपना मोक्ष नजर आ रहा है। यानि सनातन धर्म भी अब सत्ता के समाने घुटनों के बल बैठ चुका है। गंगा ने शायद कभी हिन्दू-मुसलमान नहीं किया। उसमें सभी को नहाने की छूट दी,वो सभी के पाप धो देती है ,फिर चाहे वो चोर हो,जेबकट हो ,हत्यारा हो ,तड़ीपार हो। गंगा कभी ये नहीं कहती कि पहले हिन्दू बनकर आओ तभी मुझमें डुबकी लगाओ। लेकिन गंगा पुत्रों ने यही कोशिश की है कि गंगा को विधर्मी स्पर्श न कर लें। राजनीती करने वाले और धर्म के नाम पर दुकाने चलने वाले गंगा जैसी उदारता आखिर कहाँ से ला सकते हैं।

मुझे हैरानी होती है देश कि सबसे बड़ी अदालत के मौन पर ,क्योंकि देश की सबसे बड़ी अदालत ही अतीत में यूसीसी को डैड लैटर कह चुकी है लेकिन जब इसी कानून को उत्तराखंड में लागू किया जाता है तो सबसे बड़ी अदलात मौन साध लेती है। अब कोई जाये ,इस कानून को चुनौती दे ,तब शायद सबसे बड़ी अदालत इस कानून के सामविधान विरोधी चरित्र की समीक्षा करे। संविधान ने देश में 18 साल के बच्चों को मताधिकार दे दिया लेकिन यूसीसी इस उम्र के बच्चों को अपने मन से अपने जीवन साथी को चुनने का अधिकार नहीं देता। ये कानून कहता है कि यदि किसी बालिग को किसी के साथ लिव इन रिलेशन में रहना है तो पहले मम्मी-पापा से इजाजत लेकर आओ। क्या कमाल का प्रावधान है भाई!

बहरहाल उत्तराखंड की जनता को यूसीसी मुबारक हो। उत्तराखंड देवभूमि है। देवता हिन्दू-मुसलमान करते हैं या नहीं ,ये मै नहीं जानता। लेकिन मुझे इतना पता है कि ये कानून देश की समरसता को प्रभावित करेगा,इसलिए भाजपा को आग का ये खेल खेलने से पहले एक बार फिर इस कानून पर पुनर्विचार करना चाहिये। हम केवल सुझाव दे सकते हैं,सरकार का हाथ नहीं पकड़ सकत। ये काम तो जनता का है। जनता अपना काम करे या न करे, जनता की मर्जी है।

# मुफ्त की रेवड़ियों से बनती सरकार कितनी लाचार-कितनी दमदार



ऋतुपर्ण दवे

दरअसल दिल्ली विधानसभा चुनाव, गठन के बाद से ही बेहद अलग, दिलचस्प और इतर राजनीतिक पहचान को लेकर चर्चित रहे हैं। यह सही है कि मौजूदा सरकार के सुप्रीमों केजरीवाल जैसी मुफ्त की रेवड़ियों का वादा सभी पार्टियां और राज्य न केवल करने लगे हैं बल्कि पूरा भी करते हैं। ऐसे में इस बार के चुनाव वाकई दिल्ली वालों के लिए हर हाथ में लड्डू जैसे होंगे। इतना है कि इस बार मुकाबला न केवल कांटे का बल्कि त्रिकोणीय सा बनता जा रहा है। लेकिन यह भी सच है कि सरकार किसी की बने लुभावनी योजनाओं का अंबार होगा। इससे दिल्ली की कितनी तकदीर बदलेगी यही देखने लायक होगा।

दिल्ली का चुनावी सफर भी दिलचस्प है। 1952 में पहली बार राज्य विधानसभा का गठन हुआ तब 48 सीटें थीं। कांग्रेस ने 36 सीटों पर जबरदस्त जीत दर्ज की। 34 वर्ष के चौधरी ब्रम्ह प्रकाश मुख्यमंत्री बने जो नेहरू जी की पसंद थे। दरअसल कांग्रेस देशबंधु गुप्ता को मुख्यमंत्री बनाना चाह रही थी लेकिन एक हादसे में उनकी मृत्यु के चलते ब्रम्ह प्रकाश एक्सीडेण्टल मुख्यमंत्री बने। बेहद साधारण पृष्ठभूमि से आने वाले रेवाड़ी के निवासी ब्रम्ह प्रकाश कभी भी मुख्यमंत्री आवास में नहीं रहे। बिना तामझाम काम करते और जनसाधारण के बीच रहते। 1955 में कांग्रेस ने गुरमुख निहाल सिंह को मुख्यमंत्री बनाया जो 1956 तक रहे। राज्य पुनर्गठन आयोग की सिफारिशों के चलते साल भर बाद दिल्ली विधानसभा भंग हुई। 1966 में इसकी जगह मेट्रोपोलिटन काउंसिल बनी। इसमें 56 निर्वाचित और पांच मनोनीत सदस्यों का प्रावधान था। लेकिन 1991 में 69वें संविधान संशोधन के जरिए दिल्ली विधानसभा की व्यवस्था हुई और 1992 में परिसीमन और 1993 में चुनाव हुए।

1993 में भाजपा बहुमत में आई। मदन लाल खुराना मुख्यमंत्री बने और 1956 के बाद दिल्ली को कोई मुख्यमंत्री मिला। लेकिन 5 साल में 3 मुख्यमंत्री बदले गए। खुराना को घोटाले के आरोपों के चलते कुर्सी छोड़नी पड़ी फिर साहिब सिंह वर्मा आए और महंगाई के मुद्दे पर ऐसे घिरे कि उन्हें भी इस्तीफा देना पड़ा। इनके बाद सुषमा स्वराज को कमान मिली जो महज 52 दिन मुख्यमंत्री रहीं।

1998 के चुनाव में भाजपा ने सुषमा स्वराज को तो कांग्रेस ने शीला दीक्षित को आगे किया। कांग्रेस की जीत हुई और शीला दीक्षित मुख्यमंत्री बनीं। दिल्ली में फ्लाई ओवरों का जाल, मेट्रो रेल का विस्तार, डीजल की जगह सीएनजी के उपयोग को बढ़ावा और हरियाली पर खास ध्यान सहित दूसरे काम उनकी पहचान बने। 1998 से 2013 तक तीन बार लगातार दिल्ली की सत्ता पर कांग्रेस और शीला दीक्षित काबिज रहीं। इस बीच 2011 में जन लोकपाल विधेयक की मांग पर दिल्ली में अन्ना आंदोलन हुआ। अप्रेल में 5 दिन का आमरण अनशन और दोबारा 16 अगस्त से फिर अनशन बैठते ही देश भर में आन्दोलनों की दस्तक हुई। आखिर संसद में बिल पास हुआ और देखते-देखते अरविन्द केजरीवाल, मनीष सिसोदिया, संजय सिंह, आतिशी और कई चेहरे भारतीय राजनीति के नए हीरो बन गए। आम आदमी पार्टी ने 2013 का दिल्ली चुनाव लड़ा और 15 वर्षों से काबिज कांग्रेस सरकार गिरा दी। 70 सीटों में भाजपा ने 32 जीती फिर भी बहुमत से दूर रही। आम आदमी पार्टी 28 सीटें जीतने के बाद कांग्रेस की 7 सीटों के समर्थन से सरकार बनाने में कामियाब रही और अन्ना आन्दोलन से उपजे केजरीवाल पहली बार मुख्यमंत्री बने।

कहते हैं राजनीति शह-मात का खेल है। आप और कांग्रेस की नहीं निभी। आखिर 49 दिन में सरकार गिर गई और राष्ट्रपति शासन लग गया। 2015 में फिर चुनाव हुए। इसमें दिल वालों की दिल्ली ने केजरीवाल पर अपनी उम्मीदों की बख्शीस खूब लुटाई। 70 में से 67 रिकॉर्ड सीटें जीतकर केजरीवाल भारतीय राजनीति के नए सितारे बन गए। भाजपा केवल 3 सीटें तो कांग्रेस खाता भी नहीं खोल पाई। केजरीवाल भी अपनी तमाम घोषणाओं पर अमल करते रहे। नतीजन 2020 में एक बार आम फिर आदमी पार्टी ने 62 सीटें तो भाजपा 8 से आगे नहीं बढ़ पाई। कांग्रेस शून्य पर ही रही। लुभावनी योजनाओं का असर दिखा। आप को फिर बहुमत मिला और केजरीवाल मुख्यमंत्री बने। इसके बाद विवादों में घिरे, जेल गए और मुख्यमंत्री पद छोड़ा। अब दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी भले हैं लेकिन पार्टी सुप्रीमो केजरीवाल ही हैं।

बेहतरीन सरकारी स्कूल, मोहल्ला क्लीनिक, महिलाओं को मुफ्त बस सुविधा, 200 यूनिट बिजली फ्री, 20 हजार लीटर मुफ्त पानी, बुजुर्गों का मुफ्त तीर्थ दर्शन जैसी अन्य योजनाओं के साथ नई-नई घोषणाएं करते केजरीवाल तो 1998 से 2013 तक के कार्यकाल को दिल्ली का स्वर्णिम काल बता कांग्रेस असली विकास और उपलब्धियां गिनाते नहीं थकती, आगे तमाम मुफ्त योजनाओं से भी परहेज करते नहीं दिखती। वहीं भाजपा मध्यप्रदेश और महाराष्ट्र की तर्ज पर महिलाओं को हर महीने धनराशि देने, मौजूदा योजनाओं को न केवल जारी रखने बल्कि उसमें बढ़ोत्तरी करने जैसा संकल्प यानी एक से एक




लुभावनी घोषणाओं का पिटारा खोल आम आदमी पार्टी को चुनौती देने में कोई कसर छोड़ते नहीं दिखती। मुफ्त की रेवड़ियों, लोक-लुभावन घोषणाओं के बीच दिल्ली का प्रदूषण, यमुना की गंदगी, बदहाल सड़कें, बरसात में डूबते पुल-पुलिया, पीने के पानी की किल्लत, बढ़ते अपराध और इन सबसे ऊपर दिल्ली को पूर्ण राज्य का दर्जा जैसे अहम मुद्दे काफी पीछे छूट गए हैं। काश! एक करोड़ की आबादी खातिर मौजूदा संसाधनों वाली दिल्ली में तीन करोड़ लोग कैसे रहते हैं को देखने, सुनने वाले जैसे आम आदमी के मुद्दों की भी बात होती! लेकिन फिलाहाल माल-ए-मुफ्त, दिल-ए-बेरहम की तर्ज पर मतदाताओं को लुभाने में कोई पीछे नहीं दिखता। अब दिल्ली की बात कौन करे? देखने लायक होगा कि त्रिकोणीय मुकाबले में कौन किसको कितना नुकसान पहुंचाता है और बाजी जीतता है।




# आईआईएम से चाहते हैं पढ़ना तो इस ट्रिक से करें कैट की तैयारी

एमबीए करने के लिए कई लोग आईआईएम (इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट) जैसे संस्थान से पढ़ाई करना चाहते हैं। आईआईएम में एडमिशन लेना इतना आसान नहीं हैं। इसके लिए आपको कैट की तैयारी करनी होती हैं। कई लोग कैट का एग्जाम आसानी से क्लियर कर लेते हैं। वहीं कई लोग 2 साल तक तैयारी करते हैं लेकिन इसके बाद भी कैट के एग्जाम को किल्यर नहीं कर पाते हैं। चलिए जानते हैं कैसे आप आसानी से कर सकते हैं कैट की तैयारी।

## क्या आईआईएम में एडमिशन लेना है आसान

आईआईएम से पढ़ने का सपना हर किसी का होता है। ऐसे में इस कॉलेज में एडमिशन लेना काफी छात्र चाहते हैं लेकिन हर किसी का एडमिशन इस कॉलेज में नहीं हो पाता है।

## कैट का एग्जाम कब होता है

आईआईएम तक पहुंचने के लिए कैट का एग्जाम क्लियर करना पड़ता है। हर साल कैट की परीक्षा नवंबर महीने से दिसंबर महीने के बीच होती है। वहीं इसके ऑनलाईन फॉर्म अगस्त के आसपास उपलब्ध होते हैं।

## एग्जाम पैटर्न

इस परीक्षा में आपसे ऑब्जेक्टिव तथा सब्जेक्टिव दोनों तरह के सवाल पूछे जाते हैं। यह परीक्षा के तीन भागों में बांटा जाता है और आपको हर एक भाग के लिए 60 मिनट का समय भी दिया जाता है। कुल मिलाकर आपको 180 मिनट मिलते हैं और आपको 180 मिनट में 100 सवालों के जवाब देने होते हैं।

कैट का एग्जाम के लिए कैसे तैयारी करें

कैट के एग्जाम को क्लियर करने के लिए आपको रोजाना छह से आठ घंटे पढ़ाई करनी होगी। अगर आप कैट के लिए अच्छे से पढ़ाई करते हैं तो आप महज 6 महीने में कैट एग्जाम को क्लियर कर सकते हैं। कैट की तैयारी के लिए आप कोचिंग भी कर सकते हैं।

विषय की पूरी जानकारी हैं जरूरी

आप जिस भी विषय की पढ़ाई कर रहे हो आपको उस विषय में अच्छी पकड़ रखनी होगी। पढ़ने के बाद उसी विषय से संबंधित ऑब्जेक्टिव टाइप के प्रश्नों का हल करें।

## इंग्लिश पर दें ध्यान

आपको अपनी इंग्लिश पर भी ध्यान देना चाहिए। कैट के एग्जाम में थोड़ी टफ इंग्लिश पूछी जाती है इसलिए इंग्लिश की प्रैक्टिस अच्छे से करें। रोजाना इंग्लिश न्यूज़ पेपर पढ़े और ज्यादा से ज्यादा अपनी वोकैबलरी पर काम करे।



# शॉपहॉलिक हैं आप तो इन फील्ड में बनाएं अपना करियर

**ऐसे बहुत से लोग होते हैं, जिन्हें शॉपिंग करना काफी अच्छा लगता है। जिसमें वे ढेर सारे पैसे खर्च कर देते हैं। हालांकि, ऐसे कई करियर ऑप्शन होते हैं, जो शॉपहॉलिक इंसान के लिए काफी अच्छे माने जाते हैं।**

करियर ऑप्शन चुनते समय यह बेहद जरूरी है कि आप अपनी पसंद-नापसंद और स्वभाव को जरूर देखें। हर व्यक्ति अलग तरह का होता है और इसलिए अगर वह अपने अनुसार करियर ऑप्शन चुनता है तो वह सफलता के नए मुकाम हासिल करता है। मसलन, अगर आप शॉपहॉलिक हैं तो ऐसे में आप अपने काफी सारे पैसे सिर्फ और सिर्फ शॉपिंग में ही खर्च कर देते हैं। जिससे बाद में आपको दुख होता है, लेकिन फिर भी आप खुद को रोक नहीं पाते हैं।

ऐसे में सबसे अच्छा तरीका है कि आप अपनी इसी आदत को अपना करियर ऑप्शन बना लें। जी हां, आज के समय में एक शॉपहॉलिक व्यक्ति के लिए भी करियर ऑप्शन की कोई कमी नहीं है। ऐसा व्यक्ति फैशन, ट्रेंड और रिटेल की दुनिया में अपनी एक अलग पहचान बना सकता है।

इससे ना केवल उन्हें शॉपिंग को एन्जॉय करने का मौका मिलता है, बल्कि इसके लिए वे अच्छे खासे पैसे भी कमाते हैं। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको कुछ ऐसे ही करियर ऑप्शन के बारे में बता रहे हैं, जो एक शॉपहॉलिक व्यक्ति के लिए बेहतर ऑप्शन रहेंगे

## फैशन बायर

एक शॉपहॉलिक व्यक्ति के लिए फैशन बायर बेहतरीन करियर ऑप्शन है। जो फैशन बायर होता है, वह रिटेल स्टोर्स के लिए कपड़े व एक्सेसरीज खरीदता है। इसके लिए जरूरी है कि वह लेटेस्ट फैशन ट्रेन्ड्स की जानकारी रखता हो। साथ ही साथ, सप्लायर्स से नेगोशिएट करने से लेकर सेल्स डाटा को एनालाइज कर सके। एक सक्सेसफुल फैशन बायर बनने के लिए आपको कस्टमर्स की पसंद-नापसंद का अंदाजा लगाना आना बेहद जरूरी है। अगर आप बतौर फैशन बायर अपना करियर आगे बढ़ाना चाहते हैं तो ऐसे में आप फैशन मर्चेंडाइजिंग, बिजनेस या उससे संबंधित फील्ड में डिग्री हासिल करें।

## पर्सनल शॉपर

अगर आपको फैशन की गही समझ है और आप लेटेस्ट ट्रेन्ड्स पर अपनी पैनी नजर रखते हैं तो ऐसे में पर्सनल शॉपर या स्टाइलिस्ट बनकर भी अच्छा खासा पैसा कमा सकते हैं। ऐसे पर्सनल शॉपर अपने क्लाइंट के लिए कपड़ों से लेकर एक्सेसरीज तक के लिए शॉपिंग करता है। उसका काम अपने क्लाइंट की पसंद-नापसंद को समझते हुए उसके ओवरऑल स्टाइल को इंप्रूव करना होता है। इस फील्ड में करियर बनाने के लिए किसी कोर्स को करने की खास जरूरत नहीं है, लेकिन फिर भी फैशन व स्टाइलिंग से जुड़ा कोर्स आपको पर्सनल स्टाइलिंग की बेहतर समझ देगा।


## फैशन ब्लॉगर

फैशन ब्लॉगर या इन्फ्लुएंसर बनकर भी आप अच्छी खासी कमाई कर सकते हैं। एक फैशन ब्लॉगर या इन्फ्लुएंसर स्पोन्सर्ड कंटेंट की मदद से काफी अच्छा पैसा कमा सकते हैं। वे लोगों को बेहतर तरीके से स्टाइल करने के टिप्स देते हैं और इसके लिए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म की मदद लेते हैं। अगर आप बतौर फैशन ब्लॉगर या इन्फ्लुएंसर काम करना चाहते हैं तो सोशल मीडिया पर ब्लॉगिंग शुरू करें। इसमें आप हाई क्वालिटी कंटेंट पेश करें। जिससे लोग आपसे जुड़ने लगें और कई ब्रांड्स आपके साथ कोलेबोरेशन करना चाहें।

## फैशन इवेंट को-ऑर्डिनेटर

एक शॉपहॉलिक व्यक्ति फैशन इवेंट को-ऑर्डिनेटर बनकर भी अपना करियर आगे बढ़ा सकता है। इनका मुख्य काम फैशन शो, प्रोडक्ट लॉन्च या अन्य फैशन से जुड़े इवेंट को प्लॉन व को-ऑर्डिनेट करना होता है। इस भूमिका में लॉजिस्टिक्स से लेकर मार्केटिंग तक कई चीजों को हैंडल करना होता है। इवेंट मैनेजमेंट, मार्केटिंग से इससे जुड़े फील्ड में डिग्री हासिल करके आप इस फील्ड में अपना कदम रख सकते हैं।





# फेलोशिप प्रोग्राम का हिस्सा बनकर आप उठा सकते हैं लाभ

**भारत समेत तमाम देशों में कई सारे फेलोशिप प्रोग्राम चलते हैं, जो स्टूडेंट्स की काफी मदद कर सकते हैं। आइए जानते हैं इन फेलोशिप प्रोग्राम के बारे में विस्तार से।**

आज जीवन में सफलता पानेवके लिए जरूरी है कि आप किताबी ज्ञान के साथ-साथ और भी पहलूओं को समझें। भारत में ढेर सारी फेलोशिप ऑफर की जाती है, जिनका आप हिस्सा बनकर खुद को अन्य लोगों ने अलग दिखा सकते हो। अब सवाल यह है कि भारत में कौन-कौन सी फेलोशिफ ऑफर की जाती है और उसका हिस्सा हम कैसे बन सकते हैं। आइए जानते हैं इस ऑर्टिकल में।

## प्रधानमंत्री रिसर्च फेलोशिप

प्रधानमंत्री रिसर्च फेलोशिप इनोवेशन और रिसर्च को बढ़ावा देने के मकसद से शुरू की गई है। साल 2018-19 के बजट में पेश की गई यह योजना उच्च शिक्षण संस्थानों को लक्षित करती है। यह फेलोशिप विशेष रूप से पीएचडी करने वालों के लिए तैयार की गई है। इस फेलोशिप के तहत उम्मीदवारों को 70 हजार तक की राशि दी जाती है।

## अजीम प्रेमजी फाउंडेशन फेलोशिप


अजीम प्रेमजी फाउंडेशन फेलोशिप सामाजिक परिवर्तन में योगदान देने के इच्छुक लोगों के लिए। 4 से 10 साल के कार्य अनुभव वाले लोगों के लिए डिज़ाइन इसे डिजाइन किया गया है। फेलोशिप प्रतिभागियों को सार्वजनिक शिक्षा के क्षेत्र में आगे बढ़ाती है।

## इंडिया फेलो प्रोग्राम

इंडिया फेलो प्रोग्राम 18 महीने की अवधि की होती है और इस फेलोशिप में प्रतिभागियों को जमीनी स्तर पर सामाजिक चुनौतियों से जुड़ने के लिए तैयार करती है। किसी भी विषय से स्नातकों या जल्द ही स्नातक होने वाले लोगों के लिए खुला, यह कार्यक्रम व्यक्तियों को सामाजिक नेताओं में ढालता है, वास्तविक दुनिया के मुद्दों और समाधानों की गहरी समझ को बढ़ावा देता है।

## एसबीआई फेलोशिप

एसबीआई यूथ फॉर इंडिया फ़ेलोशिप शहरी-ग्रामीण विभाजन को पाटने के राष्ट्र के आह्वान की प्रतिध्वनि है। यह फ़ेलोशिप प्रतिभाशाली दिमागों को ग्रामीण समुदायों के साथ सहयोग करने और सतत विकास समाधान बनाने के लिए एक मंच प्रदान करती है। 13 महीने तक चलने वाला यह कार्यक्रम परिवर्तनकारी सीखने के अनुभवों को विकसित करता है, सहानुभूति को बढ़ावा देता है और ग्रामीण भारत की जटिलताओं को समझने वाले नेताओं का पोषण करता है।



**अगर आपको बेकिंग करना काफी अच्छा लगता है और आपने इससे जुड़ा प्रोफेशनल कोर्स किया है तो अब आप कई जगहों पर काम के अवसर तलाश कर सकते हैं।**

# बेकिंग कोर्स करने के बाद इन फील्ड्स में बनाएं करियर

जब भी हम किसी खास अवसर को सेलिब्रेट करना चाहते हैं तो ऐसे में कुछ ना कुछ मीठा अवश्य खाते हैं। आज के समय में लोग इस तरह के अवसर पर केक काटते हैं या फिर पेस्ट्री आदि खाकर सेलिब्रेट करते हैं। जिसके लिए अक्सर पेस्ट्री शॉप का रुख करते हैं। वहीं कुछ लोग ऐसे भी होते हैं, जिन्हें सिर्फ केक या पेस्ट्री खाना ही नहीं, बल्कि उन्हें बनाना भी काफी अच्छा लगता है। ऐसे में बेकिंग एंड पेस्ट्री में प्रोफेशनल कोर्स करते हैं।

हो सकता है कि आपको यह लगता हो कि बेकिंग एंड पेस्ट्री कोर्स करके आप सिर्फ शॉप में ही काम कर सकते हैं। जबकि वास्तव में ऐसा नहीं है। अगर आपने बेकिंग में प्रोफेशनल कोर्स किया है तो आपके पास अवसरों की कमी नहीं है। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको बता रहे हैं कि बेकिंग एंड पेस्ट्री कोर्स करने के बाद आप कहां-कहां अपना करियर देख सकते हैं-

## बेकर

अगर आपने बेकिंग एंड पेस्ट्री में प्रोफेशनल कोर्स किया है तो ऐसे में आप बतौर बेकर या पेस्ट्री शेफ के रूप में काम कर सकते हैं। आप बेकरी, स्वीट शॉप या फिर रेस्त्रां आदि में काम कर सकते हैं। आपकी जॉब रिस्पॉन्सिबिलिटीज में अलग-अलग तरह की ब्रेड, पेस्ट्री, केक और अन्य बेक किए गए सामान को तैयार करना और उसे पकाना शामिल हो सकता है।

## केक डेकोरेटर

केक डेकोरेटर एक स्पेशलाइज्ड पर्सन होता है, जिसका मुख्य कारण केक आदि की डिजाइनिंग व डेकोरेशन के लिए यूनिक आइडियाज तैयार करना होता है। खासतौर से, विशेष अवसरों के लिए वे खास डिजाइन तैयार करते हैं। आप बतौर केक डेकोरेटर बेकरी या केक शॉप्स में काम कर सकते हैं। इसके अलावा, आप अपना खुद का बिजनेस भी शुरू कर सकते हैं।

## चॉकलेटियर

बेकिंग एंड पेस्ट्री में प्रोफेशनल कोर्स करने के बाद आप चॉकलेटियर बनकर भी अपना करियर देख सकते हैं। एक चॉकलेटियर का काम होता है कि वह कई अलग-अलग चॉकलेट प्रोडक्ट्स बनाते हैं। इसमें चॉकलेट के अलावा ट्रफ़ल्स और अन्य कन्फेक्शन शामिल हैं। एक चॉकलेटियर चॉकलेट प्रोडक्ट्स को बनाने के साथ उन्हें डिजाइन करने और उन्हें डेकोरेट करने का काम भी करता है।

## फूड स्टाइलिस्ट

बेकिंग और पेस्ट्री में ग्रेजुएशन करने के बाद आप बतौर फूड स्टाइलिस्ट बनकर काम कर सकते हैं। यहां पर आप अपने बेकिंग स्किल्स को काम में ला सकते हैं। एक फूड स्टाइलिस्ट का काम फोटोग्राफर व डिजाइनर के साथ मिलकर काम करते हैं। उनका मुख्य काम एडवरटाइजमेंट, कुकबुक और मैगजीन के लिए फूड आइटम्स को और भी ज्यादा अपीलिंग बनाना होता है।



## फूड ब्लॉगर

अगर आपको लिखना अच्छा लगता है और आप अपने लेखन में अपने बेकिंग स्किल्स को भी शामिल करना चाहते हैं तो ऐसे में फूड ब्लॉगर बनकर भी अपना करियर संवार सकते हैं। जब आप बेकिंग एंड पेस्ट्री में प्रोफेशनल कोर्स करते हैं तो आपका ज्ञान आपके लेखन को और भी अधिक बेहतर व गहन बनाता है। आप ब्लॉग से लेकर यूट्यूब या सोशल मीडिया जैसे प्लेटफार्मों पर आपकी बेक्ड आइटम्स की रेसिपी, ट्यूटोरियल व सीक्रेट्स आदि शेयर कर सकते हैं।



# मुख्यमंत्री ने पूर्णिया को दी 581 करोड़ की योजनाओं की सौगात

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने आज प्रगति यात्रा के तीसरे चरण में पूर्णिया जिले के कृत्यानंद नगर प्रखंड की मजरा पंचायत के भवानीपुर गांव स्थित कामाख्या मंदिर प्रांगण से 580.87 करोड़ रुपये से अधिक की कुल 62 विकासात्मक योजनाओं का रिमोट के माध्यम से उद्घाटन एवं शिलान्यास किया। मुख्यमंत्री मंत्री ने कृत्यानंद नगर प्रखंड की मजरा पंचायत के भवानीपुर ग्राम में विभिन्न विकासात्मक कार्यों का जायजा लिया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान के तहत अपशिष्ट प्लास्टिक के उपयोग से सड़क निर्माण कार्य के संबंध में जानकारी ली। जल-जीवन-हरियाली अभियान के अंतर्गत मां कामाख्या पोखरा के सौंदर्गीकरण कार्य का शिलापट्ट अनावरण कर उद्घाटन किया और इसका जायजा लिया। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह तालाब बहुत

## 62 योजनाओं का किया उद्घाटन एवं शिलान्यास



अच्छा बना है। लोग यहां आकर घूम सकते हैं। इस अवसर पर मुख्यमंत्री प्रखंड परिवहन योजना के लाभुकों को मुख्यमंत्री ने चाबी और सांकेतिक चेक प्रदान की।
इसके पश्चात् मुख्यमंत्री ने किलकारी बिहार बाल भवन, पूर्णिया के बच्चों द्वारा किए गए सृजनात्मक कार्यों पेंटिंग, चित्र प्रदर्शनी, अभिनय, नृत्य विधा, जूट आर्ट और सिक्की आर्ट के बने उत्पादों एवं विभिन्न सृजनात्मक कार्यों का अवलोकन किया। बच्चों के सृजनात्मक कार्यों की प्रशंसा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि आप सब बहुत अच्छा सृजनात्मक कार्य कर रहे हैं, आप सब को बहुत-बहुत बधाई।
मुख्यमंत्री ने 1 लाख 43 हजार 88 जीविका दीदियों को 204 करोड़ रुपये का सांकेतिक चेक, 1127 जीविका दीदियों को 5 करोड़ 32 लाख रुपये का सांकेतिक चेक, 13 हजार 605 जीविका दीदियों को 27 करोड़ 21 लाख रुपये का सांकेतिक चेक प्रदान किया तथा समेकित मुर्गी विकास हेतु 700 लाभुकों को 3 लाख 78 हजार रुपये का सांकेतिक चेक प्रदान किया। साथ ही जीविका दीदियों के स्टॉल पर लगाए गए विभिन्न उत्पादों को देखा और उनसे बातचीत की। मुख्यमंत्री ने उद्योग विभाग, स्वास्थ्य विभाग, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, समाज कल्याण विभाग, शिक्षा विभाग आदि के स्टॉलों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मुख्यमंत्री उद्यमी योजना, आयुष्मान भारत कार्ड योजना, बाल हृदय योजना, स्टूडेंट क्रेडिट कार्ड योजना, मुख्यमंत्री ग्रामीण आवास योजना, बासगीत पर्चा आदि के लाभुकों को सांकेतिक चेक प्रदान किया। साथ ही मुख्यमंत्री ने नवजात बच्चा की गोद भराई की। मुख्यमंत्री ने उन्नयन बिहार पूर्णिया के लाइव क्लासेज का अवलोकन किया।

## अनियंत्रित वाहन ने छह को मारी टक्कर, एक की मौत

**हजारीबाग।** हजारीबाग पटना मार्ग के डीवीसी चौक के पास भारत सरकार लिखा एसयूवी वाहन ने मंगलवार को छह लोगों को टक्कर मार दी। टक्कर में इब्राहिम अंसारी(22) की मौत घटना स्थल पर ही हो गई। जानकारी के अनुसार अनियंत्रित एक्सयूवी वाहन झील की तरफ से तेज रफ्तार से आ रही थी। इसी दौरान छह लोगों को टक्कर मार दी और फरार हो गयी। अन्य पांच घायलों को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना के बाद आक्रोशित लोगों ने वाहन को पीछा कर नगवां टोल प्लाजा के पास वाहन को पकड़ लिया। वहीं दूसरी ओर मृतक के परिजनों ने डिस्ट्रिक्ट बोर्ड चौक स्थित ट्रैफिक थाना के पास सड़क जाम कर दिया। आक्रोशित लोग वाहन चालक की गिरफ्तारी की मांग कर रहे थे। उग्र लोगों ने कई बाइक सवार लोगों पर लाठियां भी बरसाया। सड़क जाम देखते ही ट्रैफिक पुलिस भी अपने कार्यालय से फरार हो गए। उग्र लोगों के जरिये हजारीबाग यातायात पुलिस के खिलाफ भी जमकर नारेबाजी की गयी। दो घंटे बाद पहुंची लोहसिंघना पुलिस प्रभारी संदीप मंडल, सदर सीओ मयंक भूषण सहित जवान जाम स्थल पर पहुंच कर जाम को हटा दिया।

# लातेहार में दो लाख का इनामी नक्सली जितेंद्र सिंह हथियार के साथ गिरफ्तार

प्रातः नागपुरी प्रतिनिधि



**लातेहार।** झारखंड के लातेहार जिले में पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल करते हुए झारखंड जनमुक्ति परिषद के कमांडर जितेंद्र सिंह को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार उग्रवादी सदर थाना क्षेत्र के सेमरीताड़ गांव का रहने वाला है। सरकार की ओर से इस पर 2 लाख रुपए का इनाम भी घोषित है।
दरअसल, लातेहार एसपी कुमार गौरव को गुप्त सूचना मिली थी कि जेजेएमपी का एरिया कमांडर किसी घटना को अंजाम देने के लिए क्षेत्र में अपने सहयोगियों के साथ भ्रमणशील है। इस सूचना के बाद एसपी के निर्देश पर डीएसपी अरविंद कुमार और थाना प्रभारी दुलड़ चौड़े के नेतृत्व में पुलिस की एक टीम बनाई गई और नक्सलियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की गई। पुलिस की टीम ने सूचना के आधार पर एक ईंट भट्ठे के पास घेराबंदी कर उग्रवादी को गिरफ्तार कर लिया। छानबीन के बाद उसके पास से पुलिस ने एक देसी बंदूक और चार गोलियां भी बरामद कीं। हालांकि उसके अन्य सहयोगी घटनास्थल से भागने में सफल रहे।

**गुप्त सूचना पर हुई कार्रवाई :** इधर इस संबंध में एसपी कुमार गौरव ने मंगलवार को प्रेस वार्ता करते हुए बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि जेजेएमपी का एरिया कमांडर किसी घटना को अंजाम देने के लिए अपने सहयोगियों के साथ क्षेत्र में भ्रमणशील है। इसी सूचना पर पुलिस की टीम ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। एसपी ने बताया कि गिरफ्तार उग्रवादी पर लातेहार जिले के विभिन्न थाना क्षेत्र में एक दर्जन से अधिक मामले दर्ज हैं। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार उग्रवादी से पुलिस को कई अन्य महत्वपूर्ण जानकारी भी प्राप्त हुई है, जिसके आधार पर पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है।

**एक सप्ताह पूर्व ही दिया था घटना को अंजाम :** बता दें कि, एरिया कमांडर ने अपने सहयोगियों के साथ एक सप्ताह पूर्व ही सदर थाना क्षेत्र के सेमरीताड़ गांव में एक पारा टीचर के घर में तोड़फोड़ की थी। पारा टीचर के द्वारा इस संबंध में पुलिस के समक्ष लिखित आवेदन भी दिया गया था। जिसके बाद पुलिस ने उग्रवादियों की गिरफ्तारी के लिए सघन छापेमारी आरंभ की थी। बताया जाता है कि उग्रवादी फिर से किसी घटना को अंजाम देने की योजना बना रहा था। लेकिन एसपी कुमार गौरव को मिली गुप्त सूचना पर पुलिस ने कार्रवाई कर उसे गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी में थाना प्रभारी दुलड़ चौड़े की अलावे एएसआई रविंद्र महली, उमापद महतो समेत अन्य की भूमिका महत्वपूर्ण रही।

## नवादा में सड़क दुर्घटना में युवक की मौत

**नवादा।** जिले में मुफस्सिल थाना क्षेत्र के खरांठ मोड़ के पास मंगलवार को अज्ञात वाहन की चपेट में आने से युवक की मौत हो गई। मौत के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव बरामद कर पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया। मृतक की पहचान नालंदा जिला अंतर्गत दीपनगर थाना क्षेत्र के राणा बीघा गांव निवासी कल्लू साव के बेटे कौशल साव(30) के रूप में की है। मृतक बाइक से अपने ससुराल फतेहपुर आ रहा था। अचानक अज्ञात वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी ।जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। स्थानीय लोगों ने इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया ,जहां से चिकित्सकों ने पावापुरी बिम्स स्थानांतरित कर दिया। बिम्स ले जाने के क्रम में रास्ते में मौत हो गयी।

## शव दफनाने से रोकने पर दो पक्षों में तनाव, पुलिस ने स्थिति को संभाला

**पूर्वी चंपारण।** जिले के कोटवा थाना क्षेत्र के बेलवा माधो टकटका पुर गांव में दो समुदाय के बीच उस समय तनाव उत्पन्न हो गया जब एक व्यक्ति अपने घर के बगल में शव दफनाने से मना कर उक्त भूमि का पर्चा होने का दावा कर दिया। सूचना पर पहुंची कोटवा थाना पुलिस और प्रशासन द्वारा मामले की गंभीरता को देख स्थानीय जन प्रतिनिधियो व प्रबुद्धजनो के सहयोग से स्थिति को नियंत्रित करते हुए शव को दफनाया गया। इस बीच विरोध कर रहे व्यक्ति सहित तीन लोगों ने उक्त भूमि का वासगीत पर्चा होने का दावा करते हुए अपना कागजात दिखाए। जबकि दूसरा पक्ष उक्त भूमि को कब्रिस्तान होने का दावा कर रहा है ।मामले में सीओ मोनिका आनंद और थानाध्यक्ष राजरूप राय ने दोनों पक्षों को बुधवार को थाना पर कागजात के साथ बुलाया है ।मिली जानकारी के अनुसार उक्त गांव निवासी वकील मियां की पत्नी का निधन हो गया था ।वे लोग शव दफनाने जैसे ही पहुंचे तभी सुनील राम आदि ने उसके घर के बगल में शव दफनाने से मना कर दिया ।इसी बात पर विवाद बढ़ा ।सूचना पर पहुंचे प्रशासन ने समय से पूर्व ही विवाद को सुलझाने का दावा किया है। थानाध्यक्ष राजरूप राय ने बताया कि दोनों पक्षों को थाना पर बुलाया गया है ।मौके पर मुखिया प्रतिनिधि उमाकांत सिंह,सुरेंद्र महतो,कांग्रेस महतो,विजय सिंह,वार्ड सदस्य सहित बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद थे।

## दानापुर में दिनदहाड़े युवक को मारी गोली

**पटना।** दानापुर स्थित लखनिबीघा में बाइक सवार बदमाशों ने एक युवक को दिन दहाड़े गोली मारकर गंभीर रुप से जख्मी कर दिया। घायल युवक रौशन कुमार खगौल रोड स्थित वाटर पार्क में टिकट काउंटर पर काम करता है। घायल को इलाज के लिए अनुमंडल अस्पताल पहुंचाया गया, जहां से उसे चीएमसीएच रेफर कर दिया गया। जानकारी अनुसार यह घटना सुबह 11 बजे हुई, जबकि रौशन बाइक से खगौल जा रहा था। तभी अचानक बाइक सवार बदमाशों ने उस पर फायर कर दिए। गोली उसके दाहिने हाथ में लगी है। स्थानीय लोगों ने मदद करते हुए घायल युवक को दानापुर अनुमंडल अस्पताल पहुंचाया, जहां से उसे प्राथमिक उपचार के बाद पीएमसीएच रेफर कर दिया गया।

# रांची में सीसीएल के दो घूसखोर क्लर्कों को तीन साल की कैद



- जुर्माने की राशि नहीं देने पर दो माह की अतिरिक्त सजा काटनी होगी
- सीबीआइ के विशेष न्यायालय ने दोनों को सुनाई तीन साल की सजा

प्रातः नागपुरी संवाददाता

**रांची।** सीबीआइ के विशेष न्यायाधीश पीके शर्मा की अदालत ने मंगलवार को रिश्वत लेने के मामले की सुनवाई करते हुए सीसीएल रामगढ़ के तत्कालीन यूडीसी दिलीप कुमार और सेवानिवृत्त लिपिक सुरेश कुमार को दोषी पाकर तीन साल कारावास की सजा सुनाई है। अदालत ने दोनों पर पांच-पांच हजार का जुर्माना लगाया है। जुर्माने की राशि नहीं देने पर दो माह की अतिरिक्त सजा काटनी होगी।

**साल 2019 का है मामला :** आरोप था कि सीसीएल कर्मचारी के एरियर बकाया की प्रक्रिया करने के एवज में दिलीप कुमार ने 2500 रुपये रिश्वत की मांग की थी। जिसकी शिकायत सीसीएल कर्मचारी विदेशिया घासी ने 21 फरवरी 2019 को की थी। उसकी शिकायत पर सीबीआइ टीम ने दूसरे दिन रिश्वत की राशि के साथ गिरफ्तार किया था। सजा के बाद कोर्ट ने अभियुक्तों को तत्काल जमानत की सुविधा प्रदान कर दी।

### जल संसाधन विभाग के रिश्वतखोर इंजीनियर बृज बिहारी सिंह दोषी करार, भेजे गए जेल

रांची। रांची एसीबी के स्पेशल कोर्ट ने जल संसाधन विभाग के तत्कालीन सहायक अभियंता बृज बिहारी सिंह को रिश्वत लेने के जुर्म में दोषी करार दिया है। कोर्ट उन्हें 31 जनवरी को सजा सुनाएगा। फिलहाल दोषी करार देने के बाद सहायक इंजीनियर को जेल भेज दिया गया है। सहायक इंजीनियर बृज बिहारी सिंह को एसीबी की टीम ने 15 हजार रुपये रिश्वत लेते 24 जुलाई 2014 को गिरफ्तार किया था। एसीबी के मुताबिक यह रिश्वत वह चेक डैम के निर्माण की बकाया राशि का आवंटन के लिए ठेकेदार कालेश्वर महतो से ले रहा था। बृज बिहारी ने ठेकेदार से 50 हजार रुपए रिश्वत की मांग की थी। जिसके बाद दोनों के बीच 15 हजार रुपये में सौदा तय हुआ था। एसीबी ने बृज बिहारी को रिश्वत की रकम लेते हुए रंगे हाथ पकड़ा था।

# पेज एक का शेष

## महाकुंभ में मची...

आनन-फानन पैरामिलिट्री फोर्स, एबुंलेंस को अलग-अलग स्थान से संगम की ओर रवाना किया गया। इसके बाद एंबुलेंस में तमाम श्रद्धालुओं को भरकर लाया गया। केंद्रीय अस्पताल में कई लोगों को जमीन पर लिटाया गया था, जिनके बारे में एक अस्पताल कर्मी ने कहा कि उनकी मौत हो गई है।

**संगम पर न आने की अपील :** भगदड़ हादसे के बाद सभी तीर्थयात्रियों से विनम्र आग्रह किया जा रहा है कि संगम की ओर आने की कोशिश ना करें। अन्य घाटों पर स्नान करें और अपने गंतव्य की ओर प्रस्थान करें। महाकुंभ क्षेत्र में लगे सैकड़ों माइक पर यही आवाज गूंज रही है, जो भगदड़ की दिल दहलाने वाली तस्वीर की गवाही भी है।

**कृपया बच्चों को कंधे पर बैठाएं :** यह भी बार-बार माइक से अनाउंस किया जा रहा है कि श्रद्धालु अपने बच्चों को कंधे पर बैठा कर चलें, किसी को धक्का न मारें। धीरे-धीरे बढ़ें।

**पांटून पुल नंबर 12 पर बढ़ी भीड़ :** पांटून पुल नंबर 12 झूंसी की तरफ खड़े श्रद्धालुगण कृपया ध्यान दें कि समीप के घाटों पर स्नान कर अपने गंतव्य की ओर जाएं। अचानक पांटून पुल 12 पर भीड़ बढ़ने के बाद उन्हें आगाह किया जा रहा है।

## दूसरा अमृत स्नान...

25 जनवरी से ही लगभग एक करोड़ यात्री प्रतिदिन महाकुंभ में आने लगे हैं। इतनी भारी संख्या में आने वाले श्रद्धालुओं की सुरक्षा और उनकी सुगम निकासी के लिए प्रयागराज रेल मंडल ने शहर के सभी स्टेशनों के लिए विशेष योजना और कुछ प्रतिबंध लागू किये हैं। रेलवे की ओर से ये प्रतिबंध मौनी अमावस्या से एक दिन पहले और दो दिन बाद तक लागू रहेंगे।
एक आधिकारिक बयान में कहा गया है कि मौनी अमावस्या के स्नान पर्व के दिन प्रयागराज जंक्शन पर प्रवेश केवल सिटी की तरफ वाले दरवाजे से और प्लेटफॉर्म नं.-एक की ओर से दिया जाएगा। निकास केवल सिविल लाइंस और प्लेटफार्म नंबर छह की ओर से होगा। आरक्षित यात्रियों, जिनका पहले से टिकट आरक्षित है, उन्हें सिटी की तरफ स्थित गेट नंबर पांच से अलग से प्रवेश दिया जाएगा, जबकि अनारक्षित यात्रियों को दिशावर कलर कोडेड आश्रय स्थलों के माध्यम से प्रवेश कराया जाएगा। वहीं टिकट के लिए आश्रय स्थलों में ही अनारक्षित टिकट काउंटर, एटीवीएम और मोबाइल टिकटिंग की व्यवस्था रहेगी। इसमें कहा गया है कि भीड़ के अतिरिक्त दबाव का प्रबंधन करने के लिए खुसरो बाग में एक लाख लोगों के ठहरने की व्यवस्था का इंतजाम किया गया है।
मौनी अमावस्या पर्व पर नैनी जंक्शन में प्रवेश केवल स्टेशन रोड से और निकास केवल मालगोदाम की ओर से होगा। इसी तरह आरक्षित यात्रियों को गेट नंबर दो से अलग से प्रवेश दिया जाएगा, जबकि प्रयागराज छिवकी स्टेशन पर प्रवेश केवल प्रयागराज-मिर्जापुर राजमार्ग को जोड़ने वाले सीओडी मार्ग से और निकास केवल जी.ई। सी नैनी रोड की ओर से होगा। आरक्षित यात्री गेट नंबर दो से प्रवेश करेंगे।
सूबेदारगंज स्टेशन में प्रवेश झलवा, कौशांबी रोड की ओर से होगा, जबकि निकास केवल जी.टी। रोड की ओर होगा। आरक्षित यात्री गेट नंबर तीन से प्रवेश करेंगे। अनारक्षित यात्रियों के लिए सभी स्टेशनों पर दिशावार 'कलर कोडेड' आश्रय स्थल बनाए गए हैं, जहां से यात्रियों को उनके अलग-अलग रंग के टिकट के हिसाब से प्लेटफार्म पर पहुंचाया जाएगा। जहां से कई नियमित और मेला स्पेशल ट्रेन से यात्रियों को उनके गंतव्य स्टेशन तक पहुचांया जाएगा।
मौनी अमावस्या के मद्देनजर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर मेले के हर सेक्टर में आधुनिक चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं। यहां 1000 से अधिक मेडिकल कर्मियों को तैनात किया है। महाकुम्भनगर में 300 विशेषज्ञ डॉक्टर सुपर स्पेशल हॉस्पिटल में तैनात किए गए हैं। ये डॉक्टर किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए तैयार हैं। अब तक 2 लाख से अधिक मरीज यहां के केंद्रीय समेत अन्य अस्पतालों में ओपीडी सेवाओं का लाभ उठा चुके हैं। साथ ही ढाई लाख से अधिक पैथोलॉजी टेस्ट अब तक किए जा चुके हैं।"

## 20,000 करोड़ के...

हमारे अध्यक्ष की व्यक्तिगत प्रतिबद्धता के कारण हम इस प्लांट में बड़ा निवेश कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि देश में इस्पात उत्पादन और बिक्री के क्षेत्र में भविष्य में बोकारो स्टील प्लांट का महत्वपूर्ण योगदान होगा। केन्द्रीय इस्पात मंत्री ने कहा कि यह विस्तार इस्पात उत्पादन में आत्मनिर्भरता के लिए भारत की प्रतिबद्धता का प्रमाण है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 2030 तक 300 मिलियन टन इस्पात उत्पादन का है और सेल (स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड) इस लक्ष्य को प्राप्त करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि, बोकारो में तकनीकी प्रगति के निवेश से इस्पात क्षेत्र को मजबूती मिलेगी और भारत की आर्थिक वृद्धि में महत्वपूर्ण योगदान मिलेगा। उन्होंने कहा कि, हर महीने हमारे मंत्रालय में इस पर चर्चा हो रही है कि किस तरह से चीन से आयातित स्टील और निजी क्षेत्र के स्टील उद्योग से प्रतिस्पर्धा का सामना किया जाए।

**समस्याओं के निराकरण में राज्य सरकार का लेंगे सहयोग :** कुमारस्वामी ने कहा कि कल हमने प्लांट का दौरा किया और सारी जानकारी ली और शाम को बोकारो स्टील प्लांट परिवार के साथ एक बैठक की, जिसमें यहां के विकास और प्रगति के बारे में बताया गया। बैठक में कई यूनियन नेताओं ने प्लांट के भीतर कुछ चिंताओं को साझा किया। 1965 में जब प्लांट स्थापित हुआ था, तो 6000 से अधिक परिवारों और 15 गांवों ने अपनी जमीन खो दी थी। हालांकि, अब वे इन परिवारों की दूसरी और तीसरी पीढ़ी के लिए रोजगार की मांग कर रहे हैं। इसके अलावा, अस्पताल और आवास संबंधी समस्याएं भी सामने आईं और उन्होंने कई मुद्दों पर मुझे पत्र दिए हैं। इन सभी समस्याओं को हल करने का विश्वास मैंने उन्हें दिया।
एक प्रश्न के जवाब में उन्होंने कहा कि भविष्य में जो भी समस्याएं होंगी, हम राज्य सरकार से सहयोग प्राप्त करने के लिए तैयार हैं और यदि आवश्यक हुआ तो मैं मुख्यमंत्री से भी मिलूंगा। उन्होंने अगले दो महीने में पुनः बोकारो आने का भरोसा दिया। पत्रकार वार्ता में उनके साथ केन्द्रीय इस्पात राज्यमंत्री भूपतिराजू श्रीनिवास राव, सेल के चेयरमैन अमरेंदु प्रकाश और बोकारो स्टील प्लांट के निदेशक प्रभारी बीरेन्द्र कुमार तिवारी भी मौजूद थे।

## अबुआ बजट की...

संगोष्ठी में सरकार द्वारा चलाई जा रही योजना का लाभ कितना लोगों को मिला है, इसका अध्ययन करने पर जोर दिया गया। विशेषज्ञों की राय को स्वीकार करते हुए सरकार ने इसे अपनाने का मन बना लिया है।
संगोष्ठी के बाद मीडियाकर्मियों से बात करते हुए वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने कहा कि अबुआ बजट को लेकर पहले भी लोगों से सुझाव मांगे गए थे। झारखंड सरकार ने अबुआ बजट पोर्टल निर्धारित किया था। जिसके माध्यम से सुझाव आया था। दो दिन का कार्यशाला था जिसमें विभिन्न विभागों के विषयों पर सुझाव आमंत्रित किया गया था और आज मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इसमें कई राज्यों से यहां आए विशेषज्ञों ने बजट को लेकर काफी बहुमूल्य सुझाव दिए हैं।
राधाकृष्ण किशोर ने कहा कि राज्य की आर्थिक समृद्धि कैसे हो, ग्रामीण क्षेत्र की अर्थव्यवस्था कैसे मजबूत हो, इन तमाम चीजों पर चर्चा की गई है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने बहुत स्पष्ट रूप से कहा है कि जो हमारा वित्तीय प्रबंधन है वह काफी मजबूत हुआ है। आगामी बजट मुख्य रूप से ग्रामीण अर्थव्यवस्था की मजबूती को ध्यान में रखकर तैयार किया जा रहा है, जिसमें कृषि के अलावे शिक्षा, स्वास्थ्य और सिंचाई पर केंद्रित रहेगा। सतही जल को बचा कर रखने के लिए भूगर्भ जल को कैसे संरक्षित रखा जाए, इस पर योजना तैयार की जा रही है। इस मौके पर बजट को लेकर सर्वोत्कृष्ट सुझाव देने वाले अनीश कुमार मुरारका, नीतीश कुमार, राम प्रवेश राम को सम्मानित किया गया।

## माओवादी गुट...

यह घटना चंदवा थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले बारी गांव में सोमवार रात हुई। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि प्रतिबंधित संगठन झारखंड संघर्ष मुक्ति मोर्चा के सदस्यों और ग्रामीणों के बीच वसूली को लेकर झड़प हुई। लातेहार के पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव ने कहा कि गुट के सात सदस्य गांव के एक ईंट भट्ठे पर वसूली के लिए गए थे, जिसके बाद झड़प शुरू हो गई। इस दौरान झासमुमो के सरगना किशोर उर्फ अभय नायक और दो अन्य सदस्यों को ग्रामीणों ने पीट दिया, जबकि चार अन्य मौके से भागने में सफल रहे।
उन्होंने बताया कि नायक ने चंदवा अस्पताल में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। घायलों का इलाज जारी है। अधिकारी ने कहा कि नायक के खिलाफ कई आपराधिक मामले दर्ज थे और वह पहले भी जेल जा चुका था।

## 35 लाख के...

पति-पत्नी दोनों कुछ दिन पहले गांव गये थे। मंगलवार को सोसाइटी में चोरी की घटना को लेकर हल्ला-हंगामा हुआ। उसके बाद उसी सोसाइटी में रहनेवाली उनकी बेटी वहां पहुंची और फोन कर चोरी की सूचना दी। चोरों ने सभी अलमारी को तोड़कर उसमें रखे करीब 12 लाख रुपए के गहने और कुछ नकद रुपए ले गए। सोसाइटी में आने के बाद उनकी पत्नी बेहोश हो गयी। उन्होंने बताया कि उनकी बेटी का पूरा गहना भी उन्हीं के पास रखा हुआ था।

**इनके घर से सात लाख के गहने की चोरी :** अनिल कुमार सिन्हा ने फोन पर बताया कि वह टाटा मोटर्स के रिटायर्ड कर्मचारी हैं। उनकी पत्नी ओडिशा में शिक्षिका हैं। इस कारण वे लोग ओडिशा में रह रहे थे। वे लोग छठ में आये थे। फोन पर पड़ोसी ने चोरी की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि उनके घर से करीब 7 लाख रुपए के गहने की चोरी हुई है। राम कुमार सिंह अपने बेटे के पास बेंगलुरु गए हुए हैं। उनके घर से करीब चार लाख रुपये के गहने की चोरी हुई है। इसके अलावा पाल बाबू और फ्लैट नंबर 304 से भी चोरों ने गहने और अन्य सामान की चोरी की है।

**राष्ट्रपति अवॉर्ड में मिले गोल्ड मेडल को भी ले गये चोर :** इमरॉल्ड ब्लॉक के फ्लैट नंबर 104 के एमएम महतो ने बताया कि वे लोग अपने गांव धालभूमगढ़ गये थे। उन्हें पड़ोसी से चोरी की सूचना मिली। उन्होंने बताया कि चोरों ने उनके घर से करीब दो लाख रुपये के गहने और करीब एक लाख रुपये नकद की चोरी कर ली है। उन्होंने बताया कि वर्ष 1986 में टाटा अपरेंटिस के ऑल इंडिया स्किल प्रतियोगिता में उन्होंने प्रथम स्थान प्राप्त किया था। जिसमें उन्हें राष्ट्रपति द्वारा गोल्ड मेडल दिया गया था। चोरों ने राष्ट्रपति पदक की भी चोरी कर ली। इसके अलावे भी उनके पास कई चांदी के मेडल थे। उसकी भी चोरी कर ली गयी।

## झारखंड के कल्याण...

**जनजातीय बच्चों के लिए नामांकन की योजना :** मंत्री चमरा लिंडा ने आदिवासी कल्याण आयुक्त को निर्देश दिया कि 1 मई 2025 से झारखंड में कुल 59 एकलव्य मॉडल विद्यालयों में कक्षा 6 से 8 तक के जनजातीय बच्चों का नामांकन कार्य पूर्ण करें और अध्यापन कार्य सुनिश्चित करें।

**शिक्षा में सकारात्मक परिवर्तन की दिशा :** मंत्री ने कहा कि पहले झारखंड में केवल 7 एकलव्य मॉडल विद्यालय संचालित थे, जिसमें अनुसूचित जनजाति वर्ग के विद्यार्थियों का नामांकन किया जाता था। इस व्यवस्था से बड़ी संख्या में जनजातीय बच्चे शिक्षा ग्रहण नहीं कर पाते थे। उन्होंने पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि कल्याण विभाग द्वारा संचालित सभी एकलव्य मॉडल एवं आश्रम विद्यालयों को सेंटर ऑफ एक्सीलेंस की तर्ज पर संचालित किया जाए। मंत्री ने यह भी कहा कि राज्य सरकार जनजातीय बच्चों के शिक्षा एवं स्वास्थ्य के प्रति गंभीरता से कार्य कर रही है और शिक्षा तथा स्वास्थ्य में सकारात्मक परिवर्तन लाना सरकार का लक्ष्य है।

**गृह जिले में स्थानांतरित करने का विकल्प :** मंत्री ने पूर्व के नामांकित छात्र-छात्राओं को, जो अपने गृह जिले से दूर के विद्यालय में अध्ययनरत हैं (कक्षा 9 एवं 10 को छोड़कर), उन्हें उनके गृह जिले के एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय में स्थानांतरित करने का विकल्प देने का निर्देश दिया। उन्होंने यह विकल्प 15 से 25 फरवरी 2025 तक प्राप्त कर लेने का निर्देश दिया है। इसके साथ ही, विकल्प के आधार पर उत्पन्न होने वाली रिक्तियों का समायोजन कक्षावार अप्रैल 2025 के लिए नामांकन के क्रम में पूरा करने का निर्देश दिया।

## बेफिक्र होकर यहां...

उत्कर्ष ओडिशा में भी ओडिशा के टुरिजम को हमें फोकस करना है। इसके लिए ओडिशा की नेचर, प्राकृतिक सुंदरता काफी मददगार है। आज भारत में कान्फ्रेंस टुरिजिम का भी प्रोटेंशियल बन रहा है। दिल्ली में भारत मंडपम इसके बड़े सेंटर बन रहे हैं। भुवनेश्वर में भी कन्वेशन सेंटर का लाभ मिल सकता है। जिस देश में म्यूजिक डांस की विरासत है, जहां युवाओं का पुल है, जो बहुत बड़ा कंज्यूमर है, वहां इकोनमी की अनेक संभावनाएं हैं।
मैं पूर्वी भारत को देश के विकास का ग्रोथ इंजन मानता हूं: मैं पूर्वी भारत को देश के विकास का ग्रोथ इंजन मानता हूं और ओडिशा की इसमें एक बड़ी भूमिका है। इतिहास गवाह है, जब ग्लोबल ग्रोथ में भारत की एक बड़ी हिस्सेदारी थी, तब पूर्वी भारत का अहम योगदान था। पूर्वी भारत में देश के बड़े औद्योगिक हब थे। ट्रेड हब थे। ओडिशा की इसमें बड़ी हिस्सेदारी भी थी। ओडिशा साउथ इस्ट एशिया में ट्रेड का प्रमुख सेंटर था। यहां की प्राचीन पोर्ट भारत की गेटवे हुआ करती थी। आज भी ओडिशा में हर वर्ष बालीयात्रा मनायी जाती है। इंडोनेशिया के राष्ट्रपति जी आए थे और वह कह गए कि शायद मेरे डीएनए में ओडिशा है।
पीएम मोदी ने उद्योगपतियों को दी गारंटीः पीएम मोदी ने कहा कि ओडिशा की विकास यात्रा में आपका निवेश आपको सफलता की नई ऊंचाइयों पर पहुंचाएगा और यह मोदी की गारंटी है। आज भारत विकास के ऐसे पथ पर चल रहा है, जिसको करोड़ों लोगों की एस्प्रेशन ड्राइव कर रही है। एआई का युग है। आर्टिफिसियल इंटेलिजेंस की चर्चा है। लेकिन भारत के लिए एस्प्रेशन आफ इंडिया हमारी ताकत है। यह तब बढ़ती है, जब लोगों को नीड पूरी होती है।
पीएम मोदी बोले- यह अब तक का सबसे बड़ा समिट : पीएम मोदी ने कहा कि जनवरी महीने में 2025 के प्रारंभ में ही ओडिशा का यह मेरा दूसरा दौरा है। कुछ दिन पहले ही मैं यहां प्रवासी भारतीय दिवस के आयोजन का हिस्सा बना था। अब आज यहां उत्कर्ष ओडिशा कान्क्लेव में आपके बीच आया हूं। मुझे बताया गया है कि ओडिशा में यह अब तक का सबसे बड़ा बिजनेस समिट है। पहले के मुकाबले पांच छह गुना ज्यादा इनवेस्टर इसमें भाग ले रहे हैं। मैं ओडिशा के लोगों और ओडिशा सरकार को इस शानदार आयोजन के लिए बहुत-बहुत बधाई देता हूं। इससे पहले एयरपोर्ट पर राज्यपाल डा.हरिबाबू कम्भमपति, मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी, उपमुख्यमंत्री प्रभाति परिड़ा, उप मुख्यमंत्री कनक वर्द्धन सिंहदेव ने स्वागत किया।
इससे पहले 9 जनवरी को आए थे पीएम मोदी : नौ जनवरी को इसी स्थान पर प्रवासी भारतीयों को संबोधित किए थे। ऐसे में प्रधानमंत्री का इसी महीने राज्य का यह दूसरा दौरा है। प्रधानमंत्री के दौरे को देखते हुए पुलिस ने बीजू पटनायक अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे से जनता मैदान तक पूरे मार्ग पर 'नो फ्लाइंग जोन' घोषित किया है।

## देहरादून में पीएम...

प्लेबैक सिंगर जुबिन नौटियाल ने 25 हजार दर्शकों के बीच परफॉर्म किया। श्री मोदी ने कहा कि देवभूमि आज और दिव्य हो उठी है। बाबा केदार की पूजा के साथ नेशनल गेम्स शुरू हो रहे हैं। ये उत्तराखंड का 25वां वर्ष है। इन गेम्स में देश के कोने-कोने से आए युवा अपना हुनर दिखाएंगे। यहां एक भारत, श्रेष्ठ भारत की तस्वीर दिख रही है। इस बार के नेशनल गेम्स एकता के ग्रीन गेम्स भी हैं। इनमें एनवायरमेंट फ्रेंडली चीजों का उपयोग हो रहा है। देश के कोने-कोने से आए युवा अपना समर्थ दिखाएंगे। नेशनल गेम्स में इस बार कई पारम्परिक खेलों को शामिल किया गया है। इसे ग्रीन गेम भी कहा गया है। मैं सभी खिलाड़ियों को अच्छे परफॉरमेंस के लिए शुभकामनाएं देता हूं। आज साल भर में कई सारे टूर्नामेंट आयोजित किए जा रहे हैं। खेल इंडिया यूथ गेम्स से कई युवाओं को आगे जाने का मौका मिला। अब कुछ दिन पहले खेलो इंडिया विंटर गेम्स के पांचवें संस्करण का आयोजन किया गया। उन्होंने का कि अभी कुछ दिन पहले हमारी खो-खो टीम ने वर्ल्ड कप जीता है। चेस में गुकेश सबसे कम उम्र के वर्ल्ड चैंपियन बने हैं। भारत 2036 ओलिंपिक की मेजबानी के लिए पूरा जोर लगा रहा है।

## चुनाव आयोग ने...

इसके बाद आम आदमी पार्टी का प्रतिनिधिमंडल चुनाव आयोग से मिला और यमुना के पानी को जहरीला करने का आरोप लगाया। वहीं हरियाणा की नायब सैनी सरकार ने इन आरोपों को खारिज करते हुए चुनाव आयोग में शिकायत। साथ ही हरियाणा सरकार केजरीवाल के खिलाफ कानूनी कार्रवाई पर भी विचार कर रही है।

# दाऊद इब्राहिम से संबंध के कारण अनमोल बिश्नोई ने करवाई बाबा सिद्दीकी की हत्या

## शूटर गौतम ने किया कबूल, कहा : बाबा या बेटे जीशान को मारने का मिला था आदेश

**मुंबई (एजेंसी)।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के नेता रहे बाबा सिद्दीकी की हत्या मामले में बड़ा खुलासा हुआ है। शूटर ने कबूल किया है कि बाबा सिद्दीकी की हत्या की साजिश रची गई थी। उसने पुलिस को गैंगस्टर अनमोल बिश्नोई का नाम बताया है। पुलिस ने इस मामले में 25 से ज्यादा आरोपियों को गिरफ्तार किया है।

कुख्यात अपराधी अनमोल बिश्नोई ने 'दाऊद इब्राहिम से कथित संबंध को लेकर एनसीपी के दबंग नेता बाबा सिद्दीकी पर हमला करने का आदेश दिया था। सिद्दीकी पर हमले के आरोपी मुख्य शूटर शिवकुमार गौतम ने अपने इकबालिया बयान में यह बात कही। गौतम का बयान महाराष्ट्र के पूर्व मंत्री सिद्दीकी की 12 अक्टूबर को हुई हत्या के सिलसिले में दायर आरोपपत्र का हिस्सा है। मुंबई के बांद्रा ईस्ट इलाके में सिद्दीकी की उनके बेटे जीशान सिद्दीकी के कार्यालय के बाहर तीन हमलावरों ने गोली मारकर हत्या कर दी थी।



गौतम ने कहा कि उसे बाबा सिद्दीकी या जीशान सिद्दीकी को मारने के लिए कहा गया था और इसके बदले उसे 15 लाख रुपए देने का वादा किया था। उसने बताया है कि वह पुणे में कबाड़ इकट्ठा करता था और सह-आरोपी हरीश कुमार कश्यप को बेचता था। कबाड़ की दुकान संचालित करने वाले हरीश कश्यप ने उसके रहने की व्यवस्था की थी और इस दौरान उसकी जान-पहचान प्रवीण लोनकर और उसके भाई शुभम लोनकर से हुई थी।

गौतम ने बयान में कहा कि एक दिन शुभम लोनकर ने शूटर को बताया कि वह और उसका भाई बिश्नोई गिरोह के लिए काम करते हैं। जून 2024 में शुभम लोनकर (शुब्बू) ने मुझे और धर्मराज कश्यप को बताया कि अगर हम उसके कहने पर काम करेंगे तो हमें 10 से 15 लाख रुपए मिलेंगे। जब काम के बारे में पूछा तो शुभम ने बताया कि बाबा सिद्दीकी या उसके बेटे ज़ीशान सिद्दीकी की हत्या करनी है, लेकिन उसने कोई और जानकारी नहीं दी।

मुंबई पुलिस ने बाबा सिद्दीकी की हत्या के मामले में आरोप-पत्र दायर किया है। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक चार्जशीट में कहा गया है कि अनमोल की अगुवाई चलाए जाने वाले अपराध सिंडिकेट ने बाबा सिद्दीकी की हत्या की थी। आरोपी ने पुलिस को अनमोल के साथ हुई बातचीत के बारे में भी बताया।

एक रिपोर्ट के मुताबिक बातचीत का एक अंश है, राम राम भाई लोग आप सबको लॉरेंस भाई ने भी राम राम बोलने को बोला है। क्या चल रहा है। अपने को एक काम करना है, हिम्मत रखो। बांद्रा में घर के पास रेकी करना है, उसी एरिया में घर भाड़े से ले लो। अपना काम होने के बाद एक फोर व्हीलर गाड़ी और एक फ्लैट हर एक को मिलेगा...। उससे पहले 5 लाख रुपए एडवांस दूंगा। अपने भाई का बदला लेना है। रिपोर्ट के मुताबिक पुलिस ने दावा किया है कि ये बातचीत शुभम लोनकर और अनमोल के बीच स्पीकर पर हुई है और उस दौरान तीन और आरोपी भी मौजूद थे। चार्जशीट में कहा गया है कि अनमोल ने हत्या की प्लानिंग अपने सहयोगी अनुज थापन की मौत का बदला के लिए की थी।

# केजरीवाल संग मंच साझा करेंगे अखिलेश, 30 जनवरी को रोड शो में दिखेगी विपक्षी एकता

नई दिल्ली। दिल्ली विधानसभा चुनाव की सरगर्मी के बीच विपक्षी दलों की एकजुटता का नया नज़ारा देखने को मिलेगा। समाजवादी पार्टी (सपा) प्रमुख अखिलेश यादव और आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल मंच साझा करने के साथ ही 30 जनवरी को रिठाला विधानसभा क्षेत्र में एक साथ रोड शो करेंगे। गौरतलब है कि दिल्ली विधानसभा चुनाव 2025 में समाजवादी पार्टी ने आम आदमी पार्टी का समर्थन करने का ऐलान किया है। ऐसे में अब सपा के नेता और सांसद अरविंद केजरीवाल के साथ चुनाव प्रचार करने जमीन पर उतरेंगे। खबर है कि कैराना से सांसद इकरा हसन भी आप के लिए चुनाव प्रचार में भाग लेंगी। दिल्ली में सत्तारूढ़ आप को पहले ही तृणमूल कांग्रेस, शिवसेना (यूबीटी), और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद पवार गुट) का समर्थन मिल चुका है। हालांकि आप और कांग्रेस, दोनों ही पार्टियां भारत गठबंधन का हिस्सा रही हैं, लेकिन दिल्ली विधानसभा चुनाव में ये पार्टियां अलग-अलग चुनाव लड़ रही हैं। इस रोड शो के जरिए अखिलेश यादव और अरविंद केजरीवाल अपनी एकता का प्रदर्शन कर भाजपा और कांग्रेस को चुनौती देंगे। यह कदम क्षेत्रीय दलों की ताकत को प्रदर्शित करने और आगामी चुनावों के लिए विपक्षी एकता को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण माना जा रहा है। यह रोड शो दिल्ली की सियासत में नया मोड़ ला सकता है और इसके परिणाम आगामी विधानसभा चुनावों पर प्रभाव डाल सकते हैं। दिल्ली विधानसभा चुनाव 5 फरवरी को एक ही चरण में होंगे, जबकि मतों की गिनती 8 फरवरी को की जाएगी।



# सुनारिया जेल से बाहर आया राम रहीम

### - राम रहीम सिरसा के डेरे में 10 दिन रहेंगे

सिरसा। हरियाणा के सुनारिया जेल से बाबा राम रहीम सिंह, जिन्हें एक यौन शोषण और मर्डर केस में सजा हुई है, मंगलवार को 30 दिन की परोल दी गई है। इस संदर्भ में यह अद्वितीय है कि राम रहीम को उनकी 16वीं पैरोल मिल रही है, जिसमें उन्हें सुनारिया जेल से बाहर जाने के लिए अनुमति दी गई है। जेल सुप्रिन्टेंडेंट द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार राम रहीम सिरसा के डेरे में 10 दिन रहेंगे, फिर उन्हें बागपत आश्रम भेजा जाएगा जहां वे 20 दिन गुजारेंगे। यह सोचने की बात है कि पूर्व में राम रहीम को इस अनौपचारिक अवकाश के दौरान बागपत की संस्था परियोजना आश्रम में रवाना होने की इजाजत नहीं दी गई थी। इस बार यह भाजपा सरकार के लिए एक महत्वपूर्ण और समाचार में लाये जाने वाले बदलाव की दिशा में हो सकता है। राम रहीम के पैरोल मिलने के बाद से सिरसा डेरे मुख्यालय में एक उत्सव जैसा माहौल है जिसमें उनके अनुयायी उत्साहित हैं। भावनात्मक एवं नैतिक विचारों के संदर्भ में दर्जनों लोग सरकारी नीतियों और कानूनों के खिलाफ यह चिंता कर रहे हैं कि राम रहीम को बार-बार पैरोल क्यों दी जा रही है। इसी संदेश को लेकर गहरा चिंतन विधायकों और समाज के विचारकों में उत्पन्न हुआ है।

# कुंभ स्पेशल ट्रेन पर पथराव, गेट नहीं खुलने पर यात्रियों ने जमकर किया हंगामा

झांसी। झांसी से प्रयागराज जा रही एक विशेष ट्रेन पर हरपालपुर स्टेशन पर तब पथराव किया गया, जब प्लेटफार्म पर इंतजार कर रहे यात्रियों ने डिब्बों के दरवाजे बंद मिले। वीडियो में हमलावरों को ट्रेन पर पत्थर फेंकते और उसकी खिड़कियां तोड़ते हुए दिखाई दिए है, जबकि यात्री डर के मारे चीख रहे हैं। वीडियो में एक यात्री यह कहते हुए सुना जा सकता है कि ट्रेन कल रात करीब 8 बजे झांसी स्टेशन से प्रयागराज के लिए रवाना हुई थी। ट्रेन हरपालपुर पहुंची और तभी हमला हुआ। उन्होंने ट्रेन को नुकसान पहुंचाया और अंदर पत्थर फेंके। उन्होंने यात्रियों को मारने की कोशिश की। यहां महिलाएं और बच्चे भी हैं। यह विशेष ट्रेन प्रयागराज में महाकुंभ के लिए चलाई जा रही है, जिसमें देश भर से पर्यटक आ रहे हैं। ट्रेन में सवार होने वाले ज़्यादातर यात्री आध्यात्मिक उत्सव में शामिल होने जा रहे हैं। रिपोर्ट में बताया गया कि कई लोग हरपालपुर (झांसी से करीब दो घंटे की दूरी पर) में ट्रेन में चढ़ने के लिए इंतजार कर रहे थे। लेकिन जब उन्होंने ट्रेन में चढ़ने की कोशिश की तब उन्हें दरवाजे बंद मिले। इसके बाद यात्री हिंसक हो गए और डिब्बों पर पत्थर फेंकना शुरु कर दिया। उन्होंने ट्रेन के दरवाजों की खिड़कियां भी तोड़ दीं, जिससे अंदर बैठे यात्रियों में दहशत फैल गई।

# राजस्थान में जारी है कड़ाके की सर्दी का दौर, फरवरी में बारिश की आशंका

जयपुर। राजस्थान में अब दिन में सर्दी से थोड़ी राहत मिलने लगी है। हालांकि, रात का तापमान में अब भी कई जिलों में 5 डिग्री के पास बना हुआ है। वहीं फसलों पर जम रही ओस ने भी किसानों की चिंता बढ़ा दी है। मौसम विशेषज्ञों ने पाला पड़ने की भी आशंका जाहिर की है। वहीं, मौसम केंद्र ने फरवरी के पहले सप्ताह में बारिश का भी अलर्ट जारी किया है। मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक राज्य में 29 जनवरी से न्यूनतम तापमान में भी बढ़ोतरी होनी शुरू होगी।

29 जनवरी से सुबह-शाम की सर्दी होगी कम

राजस्थान में पिछले दो-तीन दिन से लगातार न्यूनतम तापमान गिर रहे और सुबह-शाम की सर्दी तेज हो रही है। लेकिन 29 जनवरी से कड़ाके की सर्दी से भी थोड़ी राहत मिलेगी है। मौसम विशेषज्ञों के मुताबिक कल से उत्तर भारत पर एक पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होगा, इससे हवाओं की दिशा में बदलाव होगा। पश्चिमी हवा चलने लगेगी, जिससे न्यूनतम तापमान में भी 2 से 3 डिग्री सेल्सियस तक बढ़ोतरी होने की संभावना है। राजस्थान में फरवरी के पहले सप्ताह (4-5 फरवरी) के आसपास के सक्रिय पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने की संभावना है। इस सिस्टम के असर से राजस्थान के कई हिस्सों में मेघगर्जना के साथ बारिश हो सकती है। इस सिस्टम का असर दो या तीन दिन रह सकता है।

# राजौरी में तीन बहनें ठीक होकर घर लौटीं, पूरे जिले में राहत और खुशी की लहर

राजौरी। राजौरी के बडाल इलाके की दर्दनाक घटना के बाद पूरे क्षेत्र में शोक का माहौल था, वहीं तीन बहनों के चमत्कारिक रूप से स्वस्थ होने पर पूरे जिले में राहत और खुशी की लहर दौड़ पड़ी है। राजौरी के जिला विकास आयुक्त अभिषेक शर्मा ने राजौरी के अस्पताल का दौरा कर इन बहनों से मुलाकात की और उनके बेहतर स्वास्थ्य की कामना की। बता दें कि पहले 2 बहनों के स्वस्थ होने की सूचना मिली थी इसके बाद तीसरी बहन के भी स्वस्थ होने पर तीनों को अस्पताल से छुट्टी दे दी गई। प्रिंसिपल जी.एम.सी. राजौरी डॉ ए.एस भाटिया ने कहा कि तीनों बहनों को अस्पताल से छुट्टी मिलने के बाद उनके परिवार और स्थानीय लोगों में खुशी का माहौल है। उन्होंने इस डॉक्टरों का प्रयास बताया। बडाल घटना ने पूरे क्षेत्र को झकझोर कर रख दिया था, लेकिन इन बहनों की स्वस्थ वापसी ने साबित कर दिया कि जीवन में उम्मीदें कभी खत्म नहीं होतीं। उन्होंने ने कहा कि हमारे डॉक्टरों, पैरामेडिकल स्टाफ ने दिन रात मेहनत की है, जिसका यह नतीजा है कि सभी बीमार लोग ठीक हो रहे हैं।

# कोलकाता: संजय राय को अब फांसी देने के खिलाफ पीड़िता के माता-पिता

कोलकाता। कोलकाता रेप-मर्डर केस में पीड़ित मेडिकल स्टूडेंट के माता-पिता दोषी संजय रॉय को अब फांसी की सजा देने के खिलाफ हैं। पीड़ित के माता-पिता की वकील गार्गी गोस्वामी ने कलकत्ता हाईकोर्ट को बताया कि उनका कहना है कि हमारी बेटी की जान गई, इसका मतलब नहीं कि संजय की जान जाए। सियालदह कोर्ट ने संजय रॉय को उम्रकैद की सजा सुनाई थी।

### महाराष्ट्र सरकार का फैसला

# अगले एक साल तक अटल सेतु पुल पर नहीं बढ़ेगा टोल टैक्स

**मुंबई (एजेंसी)।** महाराष्ट्र सरकार ने महत्वपूर्ण फैसला लेकर अटल सेतु पर टोल दर को अगले एक साल तक बढ़ाने पर रोक लगा दी है। राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में फैसला लिया गया कि अटल बिहारी वाजपेयी शिवड़ी-न्हावा शेवा अटल सेतु के टोल टैक्स को 250 रुपये की दर पर एक और वर्ष तक जारी रहेगा।

बता दें कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक साल पहले 12 जनवरी, 2024 को करीब 22 किलोमीटर लंबे पुल का उद्घाटन किया था। यह पुल महाराष्ट्र में एक प्रमुख बुनियादी ढांचा परियोजना के पूरा होने का प्रतीक है। पुल दक्षिण मुंबई के सेवरी से शुरू होकर एलीफेंटा द्वीप के उत्तर में ठाणे क्रीक को पार कर चिर्ले गांव में समाप्त होता है

यह फैसला मुंबई और एमएमआर क्षेत्र के लाखों यात्रियों के लिए सुखद खबर है। महाराष्ट्र सरकार ने स्पष्ट किया कि अगले 12 महीनों तक टोल में किसी भी प्रकार की वृद्धि नहीं होगी। गौरतलब है कि हाल ही में अटल सेतु पुल के जरिए मुंबई और नवी मुंबई के बीच यात्रा करना काफी किफायती हुआ है, क्योंकि नवी मुंबई नगर परिवहन (एनएमएमटी) ने किराए में 50 प्रतिशत से ज्यादा की कटौती की है। यह पुल क्षेत्र में यात्रा समय को कम करने और कनेक्टिविटी में सुधार लाने में एक अहम भूमिका निभाता है। करीब 17,840 करोड़ रुपये की लागत से निर्मित 'अटल बिहारी वाजपेयी शिवड़ी-न्हावा शेवा अटल सेतु' भारत का सबसे लंबा पुल है और देश में समुद्र पर बनी सबसे लंबी संरचना भी है। समुद्र पर करीब 16.5 किलोमीटर और जमीन पर 5.5 किलोमीटर की लंबाई वाला छह लेन का यह पुल मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे और आगामी नवी मुंबई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे (इस वर्ष के अंत में चालू होने की उम्मीद) के बीच तेज संपर्क प्रदान करेगा। इस पुल का निर्माण होने ने मुंबई से पुणे, गोवा और दक्षिण भारत की यात्रा का समय कम हो गया है, साथ ही मुंबई बंदरगाह और जवाहरलाल नेहरू बंदरगाह के बीच संपर्क में सुधार हुआ है।

# सीमा विवाद सुलझाने के बाद और करीब आए भारत और चीन

## कैलाश मानसरोवर यात्रा होगी शुरू, दोनों देश सीधी उड़ान पर हुए सहमत

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारत और चीन अब दोस्ती का हाथ बढ़ा रहे हैं। पुरानी बातें भूलकर दोनों रिश्तों की नई पटकथा लिख रहे हैं। इसका असर दिखने भी लगा है। पहले तो एलएसी पर सीमा विवाद सुलझा। दोनों देशों के सैनिक पीछे हटे। जहां-जहां तनाव था, वहां से डिसइंगेजमेंट हो गया। अब भारत और चीन फिर से कैलाश मानसरोवर की यात्रा शुरू करेंगे। दोनों देश सीधी उड़ान पर सहमत हो गए हैं। भारत और चीन ने सोमवार को अपने रिश्तों के पुनर्निर्माण की दिशा में यह घोषणा की। इसके तहत इस साल गर्मी के मौसम में कैलाश मानसरोवर की यात्रा फिर से शुरू हो सकती है।

2020 के बाद से ही कैलाश मानसरोवर यात्रा के साथ दोनों देशों के बीच सीधी उड़ानें बंद हैं। कैलाश मानसरोवर यात्रा पांच साल बाद शुरू होगी। साल 2020 में भारत और चीन के बीच पूर्वी लद्दाख में गलवान घाटी और पैंगोंग त्सो झील के पास झड़पें हुई थीं। इन झड़पों के बाद दोनों देशों के बीच तनाव बढ़ गया था। हर तरह के संबंध तोड़ दिए थे। भारत और चीन के बीच सीधी उड़ान की सेवा बंद थी, लेकिन अब सब नॉर्मल होने जा रहा है। ऐसे में सवाल उठता है कि आखिर यात्रा फिर से शुरू करने पर कैसे चीन मान गया?

भारत और चीन के बीच रिश्ते सुधरने की सबसे अहम वजह है बातचीत। 2020 में रिश्तों में दरार पड़ने के बाद दोनों देशों ने लगातार बातचीत की। बातचीत का नतीजा है कि अब दोनों देशों के बीच रिश्ते सामान्य होते नजर आ रहे हैं। पिछले साल अक्टूबर महीने पीएम मोदी और शी जिनपिंग कजान शहर में ब्रिक्स समिट में मिले थे। दोनों नेताओं के बीच करीब एक घंटे तक बातचीत हुई। इस मुलाकात में ही सीमा पर शांति और दोनों देशों के बीच रिश्ते सुधारने पर सहमति बनी थी। इस दौरान सीमा पर तनाव कम करने, कैलाश मानसरोवर यात्रा और डायरेक्ट फ्लाइट की बहाली पर मोदी ने जिनपिंग को समझाया था। जिसके बाद भारत और चीन के बीच बातचीत हुई थी।

भारतीय विदेश मंत्रालय ने कहा है कि कैलाश मानसरोवर यात्रा की फिर से बहाली और सीधी उड़ानों को शुरू होने के पीछे पीएम मोदी और शी जिनिपंग के बीच मुलाकात है।

पीएम मोदी और जिनपिंग की उस मुलाकात के बाद विदेश मंत्री एस जयशंकर और चीनी समकक्ष वांग यी की मुलाकात हुई थी। दोनों के बीच भारत-चीन सीमा पर सैनिकों की वापसी पर चर्चा हुई साथ ही भारत और चीन के रिश्तों को 2020 से पहले वाली स्थिति में करने पर भी बातचीत हुई थी। इतना ही नहीं, पिछले महीने एनएसए अजीत डोभाल ने बीजिंग का दौरा किया था। इन बातचीत और मुलाकातों ने भारत और चीन के बीच रिश्तों को नया मुकाम दिया। इसका असर हुआ कि अब भारत और चीन के बीच रिश्ते सुधर रहे हैं। इसका एक और उदाहरण यह भी है कि चीन अब भारत का सबसे बड़ा कारोबारी भागीदार बन चुका है। पहले यह तमगा अमेरिका के पास था।

# दिल्ली में आप के समर्थन में प्रचार करने उतरेंगे बिहारी बाबू शत्रुघ्न सिन्हा

नई दिल्ली (ईएमएस)। तृणमूल कांग्रेस सांसद शत्रुघ्न सिन्हा 5 फरवरी को होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले दिल्ली में आम आदमी पार्टी के लिए प्रचार करते दिखाई देने वाले है। पार्टी सूत्रों ने इसकी जानकारी दी है। आप के सूत्र के अनुसार, आसनसोल से टीएमसी सांसद सिन्हा 1 और 2 फरवरी को करीब तीन निर्वाचन क्षेत्रों में आप के लिए प्रचार करने वाले है। इसमें पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल का नई दिल्ली निर्वाचन क्षेत्र, मुख्यमंत्री आतिशी का कालकाजी निर्वाचन क्षेत्र और मनीष सिसोदिया का जंगपुरा विधानसभा क्षेत्र शामिल हैं। टीएमसी का मानना है कि अभिनेता से नेता बने, जो बिहार से हैं, दिल्ली के पूर्वांचली मतदाताओं को एकजुट कर सकते हैं। शहर में पूर्वांचली एक प्रभावशाली मतदाता हैं। सूत्र ने कहा कि एक या दो और टीएमसी नेता दिल्ली में चुनाव प्रचार में शामिल हो सकते हैं। टीएमसी ने दिल्ली चुनाव के लिए आप को समर्थन दिया था, जहां भाजपा और कांग्रेस भी मैदान में हैं, इससे मुकाबला त्रिकोणीय हो गया है। टीएमसी और आप इंडिया ब्लॉक का हिस्सा हैं, जिसकी सबसे बड़ी पार्टी कांग्रेस है। टीएमसी के एक वरिष्ठ नेता ने कहा कि पार्टी न केवल भाजपा बल्कि कांग्रेस के खिलाफ भी अभियान चलाएगी, जो विपक्षी गठबंधन के भीतर बढ़ती दरार को दिखाता है।



# पुणे में जीबीएस का प्रकोप, एक मरीज की मौत, केंद्र सरकार ने टीम भेजी

**पुणे (एजेंसी)।** पिछले कुछ दिनों से महाराष्ट्र के पुणे में जीबीएस संक्रमण फैल रहा है। अब तक पुणे में 111 मरीज पाए गए हैं। इनमें 1 मरीज की मौत हो गई है। इसके अलावा सोलापुर और कोल्हापुर में दो-दो मरीज मिले हैं। जबकि नागपुर में 6 मरीज मिले हैं। जीबीएस रोग के बढ़ते प्रसार को देखते हुए केंद्र सरकार द्वारा भी कदम उठाए गए हैं। केंद्र सरकार ने जीबीएस बीमारी के संबंध में एक केंद्रीय टीम नियुक्त की है। यह दल महाराष्ट्र आ चुका है। बताया गया है कि केंद्र सरकार ने गिलियन-बैरे सिंड्रोम (जीबीएस) के मामलों से निपटने में राज्य की सहायता के लिए एक उच्च स्तरीय और बहु-विषयक टीम महाराष्ट्र भेजी है। जीबीएस के संदिग्ध और पुष्ट मामलों में वृद्धि को देखते हुए, राज्य के स्वास्थ्य अधिकारियों को सलाह और सहायता देने के लिए विशेषज्ञों की एक टीम पुणे भेजी गई है। पुणे में इस समय गिलियन-बैरे सिंड्रोम का प्रकोप है और नागरिकों में भय का माहौल बन गया है। बताया जा रहा है कि

केंद्रीय टीम में राष्ट्रीय रोग नियंत्रण केंद्र, दिल्ली, निम्हान्स, बेंगलुरु, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण के क्षेत्रीय कार्यालय और पुणे स्थित राष्ट्रीय विषाणु विज्ञान संस्थान के सात विशेषज्ञ शामिल हैं।

पुणे स्थित एनआईवी के तीन विशेषज्ञ स्थानीय प्रशासन की सहायता कर रहे हैं।

यह टीम राज्य स्वास्थ्य विभाग के साथ मिलकर जमीनी स्थिति का आकलन करेगी तथा आवश्यक सार्वजनिक स्वास्थ्य उपायों की सिफारिश करेगी। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय स्थिति पर नजर रख रहा है और राज्य के साथ समन्वय करके सक्रिय कदम उठा रहा है।

### स्वास्थ्य मंत्री ने समीक्षा की, स्वास्थ्य अधिकारियों को जारी किए निर्देश

महाराष्ट्र के स्वास्थ्य मंत्री प्रकाश आबीटकर और विभागीय आयुक्त डॉ. पुलकुंडवार ने राज्य सरकार के स्वास्थ्य विभाग और पुणे महानगरपालिका के अधिकारियों के साथ स्थिति की समीक्षा की। आज तक इस रोग के 111 मामले सामने आए हैं तथा ससून अस्पताल द्वारा सोमवार को दी गई सूचना के अनुसार 10 संदिग्ध मामले सामने आए हैं। मरीज मुख्य रूप से पुणे मनपा क्षेत्र के सिंहगढ़ रोड, खड़कवासला, किरकिटवाडी, नांदेड़गांव, नांदेड़ सिटी, धायरी, आंबेगांव से हैं, जबकि कुछ मरीज पिंपरी चिंचवड़ मनपा और अन्य जिलों से हैं। स्वास्थ मंत्री ने निर्देश दिया है कि इन मरीजों का उचित तरीके से पता लगाने की व्यवस्था की जानी चाहिए ताकि वे समझ सकें कि इस बीमारी का कारण क्या है। रोगियों की दैनिक संख्या और ठीक होने वाले रोगियों की संख्या को हर शाम बिना चूके अद्यतन किया जाना चाहिए। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग और मनपा संपर्क अधिकारी नियुक्त करें जो उन अस्पतालों से संपर्क करें जहां मरीज उपचार करा रहे हैं। बोतलबंद पानी के नमूनों का परीक्षण खाद्य एवं औषधि प्रशासन द्वारा किया जाना चाहिए। इस दौरान यह भी निर्देश दिए गए कि मनपा के स्वास्थ्य विभाग जार में बिकने वाले पानी का निरीक्षण करें।

# ईसी ने जारी की वार्षिक ऑडिट रिपोर्ट : 170 %बढ़ी कांग्रेस की इनकम, भाजपा की हुई रिकॉर्ड कमाई

**पुणे (एजेंसी)।** चुनाव आयोग के पास दाखिल पार्टी की हालिया वार्षिक ऑडिट रिपोर्ट के मुताबिक भाजपा की सालाना कमाई 2022-23 में 2360.8 करोड़ रुपये से 83त्र बढ़कर 2023-24 में 4340.5 करोड़ रुपये हो गई है। जिसमें से 1685.6 करोड़ रुपये चुनावी बॉन्ड के माध्यम से आए। यह किसी भी पार्टी के ज़रिए घोषित बॉन्ड से अब तक की सबसे ज्यादा कमाई है। भारत के चुनाव आयोग ने डेटा उपलब्ध कराया जिससे पता चला कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपाके पास 7,113.80 करोड़ रुपये की भारी नकदी और बैंक बैलेंस है। 31 मार्च 2024 तक 857.15 करोड़ रुपये के साथ भारत की दूसरी सबसे अमीर राजनीतिक पार्टी कांग्रेस है।



### बीजेपी ने 2023-24 के दौरान 1,754.06 करोड़ रुपये खर्च किए

चुनाव आयोग को उपलब्ध कराए गए आंकड़ों के अनुसार, भगवा पार्टी ने 2023-24 के दौरान 1,754.06 करोड़ रुपये खर्च किए, जब लोकसभा चुनावों की घोषणा हुई, जो 2022-23 में खर्च किए गए 1,092 करोड़ रुपये से 60 प्रतिशत अधिक है। 16 मार्च 2024 को लोकसभा चुनाव की घोषणा हुई।

### कांग्रेस ने 2023-24 के दौरान 619.67 करोड़ रुपये खर्च किये

दूसरी तरफ, सबसे पुरानी पार्टी ने 2023-24 के दौरान 619.67 करोड़ रुपये खर्च किए, जबकि 2022-23 में 192.56 करोड़ रुपये खर्च किए। चुनाव आयोग की वार्षिक ऑडिट रिपोर्ट से पता चला है कि भाजपा को 2023-24 के दौरान अब प्रतिबंधित चुनावी बांड के माध्यम से 1,685.69 करोड़ रुपये का स्वैच्छिक योगदान प्राप्त हुआ है, जबकि पिछले वर्ष यह 1294.15 करोड़ रुपये था। सत्तारूढ़ दल ने वर्ष के दौरान 2,042.75 करोड़ रुपये का अन्य योगदान भी प्राप्त किया है, जबकि पिछले वर्ष 2022-23 में 648.42 करोड़ रुपये प्राप्त हुआ था। चुनाव आयोग को अपनी ऑडिट रिपोर्ट में कांग्रेस ने 2023-24 के दौरान कुल 1,225.11 करोड़ रुपये का योगदान प्राप्त किया है, जिसमें अनुदान, दान और अंशदान के माध्यम से 1129.67 करोड़ रुपये शामिल हैं।

# प्रदूषण के कारण मुंबई में डीजल-पेट्रोल की गाड़ियां होंगी बैन, कमेटी गठित

### -सात सदस्यीय कमेटी तीन महीने में सौंपेगी अपने सुझाव, एक्सपर्ट्स भी होंगे शामिल

**मुंबई (एजेंसी)।** महाराष्ट्र सरकार ने बढ़ते प्रदूषण के चलते मुंबई महानगर पालिका क्षेत्र में डीजल-पेट्रोल गाड़ियों पर प्रतिबंध लगाने की तैयारी शुरू कर दी है। राज्य सरकार ने इसके लिए 7 सदस्यों की एक कमेटी गठित की है, जो तीन महीने में अपने सुझाव पेश करेगी। 22 जनवरी को जारी आदेश के मुताबिक रिटायर्ड आईएएस सुधीर श्रीवास्तव कमेटी को लीड करेंगे। इसमें ट्रांसपोर्ट कमिश्नर, जॉइंट पुलिस कमिश्नर ट्रैफिक, महानगर गैस लिमिटेड के एमडी, पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के प्रोजेक्ट मैनेजर, सोसाइटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैन्युफैक्चरर्स (के अध्यक्ष और जॉइंट ट्रांसपोर्ट कमिश्नर सदस्य शामिल होंगे।

आदेश के मुताबिक कमेटी स्टडी के लिए अलग-अलग एक्सपर्ट्स को भी पैनल में शामिल कर सकती है। मुंबई महानगर में पड़ोसी ठाणे, रायगढ़ और पालघर जिले के क्षेत्र भी शामिल हैं। यानी डीजल-पेट्रोल गाड़ियों पर प्रतिबंध को लेकर इन इलाकों में भी स्टडी की जाएगी। कोर्ट ने बृहन्मुंबई नगर निगम और महाराष्ट्र प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड को निर्देश दिया है कि लकड़ी और कोयले का इस्तेमाल करने वाली शहर की बेकरी एक साल की समय सीमा के बजाय 6 महीने में गैस या अन्य हरित ईंधन का इस्तेमाल करना शुरू करें।

कोर्ट ने कहा था कि अब से कोयले या लकड़ी पर चलने वाली बेकरी या इस तरह के व्यवसाय खोलने के लिए मंजूरी नहीं देगी। नए लाइसेंस इस शर्त का पालन करने के बाद दिए जाएंगे कि वे केवल हरित ईंधन का इस्तेमाल करें। इसके बाद राज्य सरकार ने मुंबई महानगर क्षेत्र में पेट्रोल-डीजल वाहनों पर प्रतिबंध लगाने, सीएनजी और इलेक्ट्रिक वाहनों को अनुमति देने पर स्टडी करने और रिपोर्ट प्रस्तुत करने के लिए एक्सपर्ट्स कमेटी बनाई है। कोर्ट ने बीएमसी और एमपीसीबी को निर्माण स्थलों पर प्रदूषण इंडिकेटर्स लगाने का भी निर्देश दिए हैं।



# तृषा का शतक, भारत ने स्कॉटलैंड को हराया

**कुआलालंपुर (एजेंसी)।** सलामी बल्लेबाज तृषा गोंगाडी ने अंडर-19 महिला टी20 विश्व कप का पहला शतक जड़कर इतिहास के पन्नों में अपना नाम दर्ज कराया जिससे भारत ने मंगलवार को यहां स्कॉटलैंड को 150 रन से करारी शिकस्त दी। सलामी बल्लेबाज तृषा ने 59 गेंद की नाबाद पारी में 13 चौके और चार छक्के की मदद से 110 रन की पारी खेली। उन्होंने पहले विकेट के



लिए कमालिनि जी (42 गेंद में 51 रन) के साथ 147 रन की साझेदारी करने के बाद सानिका चालके (20 गेंद में नाबाद 29 रन) के साथ दूसरे विकेट के लिए 61 रन की अटूट साझेदारी की।

भारत ने ग्रुप एक के इस मैच में 20 ओवर में एक विकेट पर 208 रन बनाने के बाद स्कॉटलैंड को 14 ओवर में 58 रन पर आउट कर दिया। स्कॉटलैंड के लिए सलामी बल्लेबाज पिप्पा केली (12) और एम्मा वालसिंघम (12) शीर्ष स्कोरर रहीं। बायें हाथ की स्पिनर आयुषी शुक्ला (आठ रन पर चार विकेट) की अगुवाई में भारतीय गेंदबाजों ने स्कॉटलैंड को मैच में वापसी का कोई मौका नहीं दिया। वैष्णवी शर्मा ने पांच रन पर तीन विकेट लिये जबकि बल्ले से कमाल करने वाली तृषा ने छह रन देकर तीन बल्लेबाजों को चलता किया।

ग्रुप के अन्य मैच में बांग्लादेश ने अपने अभियान का अंत सुपर सिक्स चरण में वेस्टइंडीज पर 10 विकेट की जीत के साथ किया। वेस्टइंडीज को छह विकेट पर 54 रन पर रोकने के बाद बांग्लादेश ने जुएरिया फिरदौस के नाबाद 25 रन की मदद से 13 ओवर में जीत दर्ज की। इस जीत से टीम ग्रुप एक में तीसरे स्थान पर रही। ग्रुप दो में बारिश के कारण दक्षिण अफ्रीका और अमेरिका का मैच शुरू हुए बिना रद्द हो गया। दक्षिण अफ्रीका की टीम पहले ही सेमीफाइनल में पहुंच चुकी है। इस मैच से एक अंक मिलने के बाद अमेरिका ग्रुप तालिका में तीसरे स्थान पर पहुंच गया।

# मोहम्मद सिराज की डेटिंग की अफवाह छूमंत्र, स्टोरी शेयर कर लिखा- वो मेरी बहन है

**मुंबई (एजेंसी)।** भारत के तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज की आशा भोसले की पोती जानाई भोसले के साथ बीते दिनों एक तस्वीर सोशल मीडिया पर खूब वायरल हुई। मशहूर युवा गायिका जानाई ने अपने 23वें जन्मदिन पर इंस्टाग्राम पर तस्वीरें शेयर की थी। एक तस्वीर में उनके साथ सिराज भी थे। उक्त खास तस्वीर में दोनों हंसी-मजाक करते नजर आए। कुछ ही समय में, फोटो इंटरनेट पर सामने आ गई और कई प्रशंसकों ने यह मान लिया कि दोनों एक-दूसरे को डेट कर रहे हैं। इससे पहले कि अफवाहें और बढ़ें। जानाई ने सिराज के साथ भाई-बहन वाले रिश्ते का खुलासा कर दिया। जानाई ने सिराज से मुलाकात करते हुए अपनी पोस्ट साझा करने के लिए अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी का सहारा लिया। तेज गेंदबाज ने भी उनका दोबारा जिक्र करते हुए उन्हें 'बहन' कहा।



ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट सीरीज में खराब प्रदर्शन के बाद सिराज फिलहाल भारतीय क्रिकेट टीम से बाहर हैं। उन्हें इंग्लैंड के खिलाफ भारत की मौजूदा सफेद गेंद श्रृंखला और आगामी चैंपियंस ट्रॉफी के लिए नहीं चुना गया है। भारत के पूर्व तेज गेंदबाज इरफान पठान ने चैंपियंस ट्रॉफी के लिए जाने वाली टीम में तेज गेंदबाजी बैकअप की कमी पर चिंता व्यक्त की और सुझाव दिया कि जसप्रीत बुमराह की अनिश्चित फिटनेस को देखते हुए सिराज को शामिल किया जा सकता था। बुमराह इस समय चोट से उबर रहे हैं। इरफान ने कहा कि आपको एक बैकअप तेज गेंदबाज की जरूरत है। सिराज एक अच्छा विकल्प हो सकता था। दुबई में, चार स्पिनरों को खिलाना व्यवहार्य नहीं है। उम्मीद है कि चयनकर्ता उनका समर्थन करेंगे।जानाई भोसले जल्द ही 'द प्राइड ऑफ भारत-छत्रपति शिवाजी महाराज' में नजर आएंगी। वह संदीप सिंह की फिल्म में छत्रपति शिवाजी महाराज की पत्नी रानी साईं भोंसले की भूमिका निभाती नजर आएंगी। वह एक गायिका और नर्तकी हैं। युवा स्टार जल्द अपना गाना 'केहंदी है' रिलीज करने के लिए तैयार है। जानाई ने बीते दिनों अपना 23वां जन्मदिन मनाया था। उनके जन्मदिन समारोह की एक तस्वीर में श्रेयस अय्यर, सिद्धेश लाड और सुयश प्रभुदेसाई सहित अन्य क्रिकेटर भी दिखे थे। उक्त पार्टी में बिग बॉस की प्रतियोगी आयशा खान, 'मुंज्या' अभिनेता अभय वर्मा, जैकी श्रॉफ और आशा भोंसले भी मौजूद रहीं।

# पार्ल रॉयल्स की एसए-20 में रिकॉर्ड जीत, डरबन्स सुपर जाइंट्स बाहर

**पार्ल (एजेंसी)।** पार्ल रॉयल्स ने एसए-20 लीग में डरबन्स सुपर जाइंट्स (डीएसजी) को छह विकेट से हराकर घरेलू मैदान पर सभी पांच मैच जीतने का नया रिकॉर्ड बनाया। यह पहली बार है जब प्रतियोगिता के लीग चरण में कोई टीम घरेलू मैदान पर अजेय रही है। डीएसजी की टीम प्रतियोगिता से बाहर हो गई है क्योंकि पिछले सत्र की उप विजेता टीम अब प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई नहीं कर सकती। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरे सुपर जाइंट्स ने 33 रन तक तीन विकेट गंवा दिए थे लेकिन मार्कस स्टोइनिस (नाबाद 55) के नाबाद अर्धशतक और केन विलियमसन (45) के साथ उनकी 53 रन की साझेदारी की बदौलत टीम सात विकेट पर 143 रन बनाने में सफल रही। रॉयल्स की ओर से ब्योर्न फोरटुइन ने 20 जबकि क्वेन मफाका ने 22 रन देकर दो-दो विकेट चटकाए।



रॉयल्स ने इसके जवाब में रूबिन हरमन की 59 रन की पारी और हुआन ड्रे-प्रिटोरियस (43) के साथ उनकी दूसरे विकेट की 91 रन की साझेदारी से 19.5 ओवर में चार विकेट पर 147 रन बनाकर जीत दर्ज की। इस जीत से रॉयल्स की टीम आठ मैच में सात जीत से 28 अंक के साथ अंक तालिका के शीर्ष पर बरकरार है। डीएसजी की टीम नौ मैच में सिर्फ एक जीत से आठ अंक के साथ अंतिम पायदान पर है।

## दिनेश कार्तिक ने धोनी को पछाड़ा, सबसे ज्यादा रन बनाने वाले विकेटकीपर बने



**नईदिल्ली (एजेंसी)।** पूर्व भारतीय विकेटकीपर-बल्लेबाज दिनेश कार्तिक जो वर्तमान में एसए 20 2025 में पार्ल रॉयल्स के लिए खेल रहे हैं, ने एक बड़ा रिकॉर्ड अपने नाम किया। 39 वर्षीय कार्तिक 27 जनवरी को डरबन सुपर जायंट्स के खिलाफ 15 गेंदों पर 21 रन बनाकर टी20 क्रिकेट में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले भारतीय विकेटकीपर बन गए। कार्तिक ने अब टी20 में 361 पारियों में 7,451 रन बनाए हैं और इस तरह उन्होंने भारत के दिग्गज विकेटकीपर एमएस धोनी को पीछे छोड़ दिया है जिन्होंने अब तक 342 पारियों में 7,432 रन बनाए हैं। धोनी के पास आगामी आईपीएल सीजन में चेन्नई सुपर किंग्स के लिए खेलते हुए इस रिकॉर्ड को फिर से अपने नाम करने का मौका होगा।

कार्तिक अब टी20 में सबसे ज़्यादा रन बनाने वाले भारतीय विकेटकीपरों में सबसे आगे हैं, लेकिन आईपीएल में सबसे ज़्यादा रन बनाने वाले विकेटकीपरों का रिकॉर्ड अभी भी धोनी के नाम है। लीग में धोनी के नाम 5,125 रन हैं और दूसरे नंबर पर कार्तिक हैं जिनके नाम 4,463 रन हैं। एसए20 में कार्तिक की टीम पार्ल रॉयल्स ने मौजूदा सीजन में अब तक शानदार प्रदर्शन किया है। उन्होंने अब तक अपने 8 में से 7 मैच जीते हैं और फिलहाल 28 अंकों के साथ तालिका में शीर्ष पर हैं। दिलचस्प बात यह है कि पार्ल रॉयल्स हाल ही में फ्रैंचाइजी क्रिकेट में पहली ऐसी टीम भी बनी है जिसने अपने सभी ओवर केवल स्पिनरों से ही कराए।

# ऑस्ट्रेलियाई ओपन चैंपियन मैडिसन कीज विश्व रैंकिंग में शीर्ष 10 में शामिल

**मेलबर्न (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलियाई ओपन में महिला एकल चैंपियन मैडिसन कीज ने सोमवार को जारी डब्ल्यूटीए विश्व रैंकिंग में अपनी सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग हासिल करते हुए फिर से शीर्ष 10 में जगह बनाई जबकि पुरुष वर्ग के चैंपियन यानिक सिनर ने एटीपी सूची में अपनी महत्वपूर्ण बढ़त बनाए रखी। कीज ने शनिवार को शीर्ष रैंकिंग पर काबिज आर्यना सबालेंका पर तीन सेट की जीत के साथ अपना पहला ग्रैंड स्लैम खिताब जीता।



इससे वह सात स्थान की छलांग लगाकर सातवें स्थान पर पहुंच गई हैं जो उनके करियर की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग है। कीज महिला वर्ग में शीर्ष 10 में जगह बनाने वाली अमेरिका की चौथी खिलाड़ी है। उनके अलावा कोको गॉफ (नंबर तीन), जेसिका पेगुला (नंबर छह) और एम्मा नवारो (नंबर नौ) शीर्ष 10 में शामिल अन्य अमेरिकी खिलाड़ी हैं। सबालेंका ऑस्ट्रेलियाई ओपन में खिताब की हैट्रिक पूरी नहीं कर पाई लेकिन वह नंबर एक पर बनी हुई हैं। उनके बाद इगा स्वियातेक का नंबर आता है जो सेमीफाइनल में कीज से हार गई थी।

ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता झेंग क्विनवेन तीन स्थान गिरकर आठवें स्थान पर खिसक गई है जबकि पाओला बडोसा मेलबर्न पार्क में सेमीफाइनल में पहुंचने के बाद दो स्थान ऊपर चढ़कर शीर्ष 10 में पहुंच गईं। पुरुषों के वर्ग में चोटी के चार खिलाड़ियों की रैंकिंग में कोई बदलाव नहीं हुआ है। पिछले साल जून से नंबर एक पर काबिज सिनर इस स्थान पर बने हुए हैं जबकि फाइनल में उनसे हारने वाले अलेक्जेंडर ज्वेरेव दूसरे स्थान पर बने हुए हैं।

उनके बाद कार्लोस अलकराज और टेलर फ्रिट्ज का नंबर आता है। पांव की मांसपेशियों में खिंचाव के कारण सेमीफाइनल से हटने वाले नोवाक जोकोविच एक पायदान ऊपर छठे स्थान पर पहुंच गए हैं जबकि दानिल मेदवेदेव दो पायदान नीचे सातवें स्थान पर फिसल गए हैं।

# न्यूजीलैंड की स्टार ऑलराउंडर को चुना गया आईसीसी महिला क्रिकेटर ऑफ द ईयर

**दुबई (एजेंसी)।** न्यूजीलैंड की ऑलराउंडर एमेलिया केर ने मंगलवार को प्रतिष्ठित राशेल हेहोई फ्लिंट ट्रॉफी पाने वाली अपने देश की पहली क्रिकेटर बनकर इतिहास रच दिया जब उन्हें 2024 में बेहतरीन प्रदर्शन के लिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की साल की सर्वश्रेष्ठ महिला क्रिकेटर चुना गया।



24 साल की एमेलिया ने लॉरा वोलवार्ट, चामरी अटापट्टू और अनाबेल सदरलैंड जैसी स्टार खिलाड़ियों को पीछे छोड़कर महिला क्रिकेट का शीर्ष सम्मान हासिल किया। अमेलिया ना केवल राशेल हेहोई फ्लिंट ट्रॉफी जीतने वाली न्यूजीलैंड की पहली खिलाड़ी हैं, बल्कि किसी भी श्रेणी में आईसीसी की साल की सर्वश्रेष्ठ महिला क्रिकेटर बनने वाली अपने देश की पहली खिलाड़ी भी हैं।

पूरे साल के दौरान अमेलिया ने खेल के हर विभाग में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए विश्व स्तरीय ऑलराउंडर के रूप में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। उनके बेहतरीन क्षेत्ररक्षण ने न्यूजीलैंड को कई मौकों पर मुश्किल से उबारा जबकि लेग स्पिनर के रूप में उनके कौशल ने उन्हें दुनिया की सबसे खतरनाक गेंदबाजों में से एक के रूप में स्थापित किया।

अमेलिया ने कई मौकों पर गेंद से अपनी टीम के लिए मैच विजेता की भूमिका निभाई। बल्ले से वह न्यूजीलैंड के बल्लेबाजी क्रम का अहम हिस्सा रहीं। उन्होंने शीर्ष क्रम की अच्छी शुरुआत का फायदा भी उठाया और शीर्ष क्रम के लड़खड़ाने पर पारी को संभालने में भी सक्षम रहीं।

पहली बार 2017 में शुरू की गई राशेल हेहोई फ्लिंट ट्रॉफी को अमेलिया से पहले सिर्फ तीन खिलाड़ियों को दिया गया है जिसमें ऑस्ट्रेलिया की एलिस पैरी, भारत की स्मृति मंधाना और इंग्लैंड की नैट स्काइवर-ब्रंट शामिल हैं। इन तीनों ने 2-2 बार यह पुरस्कार जीता है।

कोंस्टास या हेड

# श्रीलंका के खिलाफ किसे मिलेगी टीम में जगह, स्मिथ ने कर दिया खुलासा

**गॉल (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया के कप्तान स्टीव स्मिथ ने पुष्टि की है कि बुधवार से श्रीलंका के खिलाफ शुरू हो रहे पहले टेस्ट मैच में ऑस्ट्रेलिया के बल्लेबाजी क्रम में उस्मान ख्वाजा के साथ सैम कोंस्टास की जगह ट्रेविस हेड बल्लेबाजी करेंगे। इस बीच, ऑस्ट्रेलिया ने अपनी टीम की पुष्टि नहीं की है और स्मिथ ने कहा कि गॉल की पिच की लगातार बदलती प्रकृति के कारण लाइन-अप को अंतिम रूप देने में देरी होगी।



कोंस्टास ने अपने पहले दो टेस्ट मैचों में प्रभावित किया और ऑस्ट्रेलिया को एक दशक में भारत पर पहली बार सीरीज जीतने में मदद की। लेकिन 2023 में ऑस्ट्रेलिया के सबसे हालिया उप-महाद्वीप भारत दौरे के अंतिम दो टेस्ट मैचों में चोटिल सलामी बल्लेबाज डेविड वार्नर की जगह भरने के दौरान हेड के प्रयासों ने उन्हें सलामी बल्लेबाज के तौर पर जगह दिलाई।

स्मिथ ने अंतिम प्री-टेस्ट प्रशिक्षण सत्र से पहले कहा, ट्रैविस शीर्ष पर जाएगा, मुझे लगता है कि इसके अलावा यह काफी स्थिर रहेगा। मुझे नहीं लगता कि इसमें बहुत ज़्यादा बदलाव होगा। चयनकर्ताओं को भारत में जो कुछ देखने को मिला, वह उन्हें पसंद आया, जब उसे (हेड को) मौका मिला। वह नई गेंद के पीछे गया, तेज़ी से रन बनाए और तुरंत ही उन पर दबाव बनाया, इसलिए मुझे लगता है कि यहां भी यही सोच है। यह स्पष्ट नहीं है कि कोंस्टास मध्य-क्रम बल्लेबाज के रूप में अपनी जगह बनाए रखेंगे या नहीं। मध्य-क्रम की खाली जगह के लिए नाथन मैकस्वीनी और जोश इंगलिस दोनों दावेदार हैं।

# छोले-पूरी खाने से इंकार, विराट कोहली ने दिल्ली के साथियों संग ट्रेनिंग के बाद यह देसी डिश खाई

**कोटला (एजेंसी)।** मंगलवार को विराट कोहली ठीक 9 बजे फिरोज शाह कोटला मैदान पर अभ्यास के लिए पहुंचे। वह 12 साल से भी अधिक समय के बाद अपनी प्रथम श्रेणी टीम के साथ ट्रेनिंग के लिए आए थे। तेज गेंदबाज नवदीप सैनी को छोड़कर दिल्ली की टीम के अन्य सभी 18 सदस्यों के साथ ट्रेनिंग की और फुटबॉल खेला। वह लगभग तीन घंटे तक अपने घरेलू मैदान पर रहे और अपने आस-पास के सभी लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। चाहे युवा खिलाड़ी हों या अनुभवी मुख्य कोच सरनदीप सिंह या बल्लेबाजी कोच बंटू सिंह - सभी स्पष्ट रूप से उनके करीब रहना चाहते थे।

सभी के साथ विनम्र होने के बावजूद पूर्व भारतीय कप्तान अपने पूर्व अंडर-19 कोच महेश भाटी के साथ अधिक सहज दिखे, जो इस टीम के प्रशासनिक प्रबंधक भी हैं। डीडीसीए (दिल्ली और जिला क्रिकेट संघ) के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया, वो बदला नहीं है। उसको छोले-पूरी पसंद थे और हमने मंगवाकर रखा था। उसने बोला छोले पूरी नहीं खाऊंगा। उन्होंने जो खोजा, वह भी उनका पुराना पसंदीदा था। अधिकारी ने खुलासा किया,



अभ्यास के बाद पुराने समय की तरह कढ़ी चावल सबके साथ खाया।

हर कोई इस आइकन के पीछे पड़ा था, जैसे कि यह कोई इवेंट हो। रणजी ट्रॉफी के मैचों को घरेलू क्रिकेट के कुछ चुनिंदा प्रशंसक कवर करते हैं, लेकिन सोमवार को यह संख्या तीन गुनी हो गई। किंग की हर हरकत पर नजर रखी गई। दो कोच - सरनदीप और बंटू - पूरे समय उनके साथ थे और फोटोग्राफरों या वीडियोग्राफरों के लिए उन्हें फ्रेम से एडिट करना मुश्किल था।

डीडीसीए सचिव अशोक शर्मा ने याद करते हुए कहा जैसे कि यह कल की ही बात हो। उन्होंने कहा, मुझे याद है कि दिल्ली रणजी टीम के तत्कालीन मैनेजर अजीत चौधरी ने 2006-07 में उन्हें 'चीकू' नाम दिया था। उन्होंने कोहली को तब से देखा है, जब वे पहली बार अंडर-15 ट्रायल के लिए यहां आए थे।

## विराट कोहली ने रणजी ट्रॉफी में वापसी से पहले ट्रेनिंग की, साथियों संग खेला फुटबॉल

स्टार भारतीय बल्लेबाज विराट कोहली ने 12 साल बाद रणजी ट्रॉफी में वापसी से पूर्व मंगलवार को यहां दिल्ली टीम के साथ ट्रेनिंग शुरू की। पिछले कुछ समय से खराब फॉर्म से जूझ रहे 36 वर्षीय कोहली 30 जनवरी से रेलवे के खिलाफ रणजी ट्रॉफी मैच खेलेंगे जिससे इस प्रमुख घरेलू प्रतियोगिता में उनकी वापसी होगी। उन्होंने अपना पिछला रणजी मुकाबला 2012 में गाजियाबाद में उत्तर प्रदेश के खिलाफ खेला था। कोहली आज सुबह ठीक 9 बजे अरुण जेटली स्टेडियम पहुंचे और टीम से मिलने तथा 'वार्म अप' के बाद उन्होंने टीम के साथियों के साथ करीब 15 मिनट तक फुटबॉल खेला। यह स्टार खिलाड़ी अपने नए साथियों के साथ सहज दिखा। दिल्ली के लगभग सभी खिलाड़ी पहली बार कोहली के साथ ड्रेसिंग रूम साझा कर रहे हैं और उन्हें अपने बीच पाकर काफी उत्साहित दिखे। अभ्यास ड्रिल दिल्ली के मुख्य कोच सरनदीप सिंह के मार्गदर्शन में हुई। हाल ही में ऑस्ट्रेलिया के निराशाजनक टेस्ट दौरे के बाद एकदिवसीय और टेस्ट टीम के कप्तान रोहित शर्मा सहित भारत के सभी स्टार खिलाड़ी अपनी रणजी टीमों के लिए खेल रहे हैं। ऐसा भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के इस आदेश के कारण हुआ है कि खिलाड़ियों को अपने अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रम से समय मिलने पर घरेलू क्रिकेट को प्राथमिकता देनी चाहिए।

# एबी डिविलियर्स की चार साल बाद क्रिकेट में वापसी, इस लीग में करेंगे टीम की कप्तानी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दक्षिण अफ्रीका के दिग्गज बल्लेबाज एबी डिविलियर्स ने लगभग चार साल बाद खेल में अपनी लंबे समय से प्रतीक्षित वापसी की घोषणा की है। डिविलियर्स, जिन्हें अब तक के सबसे अभिनव और रोमांचक क्रिकेटरों में से एक माना जाता है, वर्ल्ड चैंपियनशिप ऑफ लीजेंड्स (डब्ल्यूसीएल) के दूसरे संस्करण में गेम चेंजर्स साउथ अफ्रीका चैंपियंस की कप्तानी करेंगे।

संन्यास और गैर-अनुबंधित क्रिकेट दिग्गजों की विशेषता वाला यह प्रीमियर टी20 टूर्नामेंट दुनिया भर के प्रशंसकों के लिए पुरानी यादों को ताजा करने वाला लेकिन रोमांच पेश करता है। अपनी वापसी पर डिविलियर्स ने कहा, चार साल पहले मैंने सभी क्रिकेट प्रारूप से संन्यास ले लिया था क्योंकि मुझे अब और खेलने की इच्छा नहीं थी। खैर, समय बीत चुका है और मेरे छोटे बेटे खेल खेलने लगे हैं। हम बगीचे में अधिक से अधिक खेल रहे हैं और ऐसा लगता है जैसे किसी तरह की लौ फिर से जल गई है। उन्होंने कहा, इसलिए मैं जिम और नेट्स पर वापस जा रहा हूं और मैं जुलाई में डब्ल्यूसीएल के लिए तैयार हो जाऊंगा। अपनी बेजोड़ बहुमुखी प्रतिभा और निडर बल्लेबाजी के लिए जाने जाने वाले डिविलियर्स की वापसी ने क्रिकेट



जगत में उत्साह जगा दिया है। गेम चेंजर्स टीम, जिसमें उद्घाटन सत्र में जैक्स कैलिस, हर्शल गिब्स, डेल स्टेन और इमरान ताहिर जैसे दिग्गज शामिल थे, अब डिविलियर्स की कप्तानी में और भी उज्जवल भविष्य है।

साउथ अफ्रीका चैंपियंस के सह-मालिक और गेम चेंजर्स के संस्थापक अमनदीप सिंह ने अपनी खुशी साझा करते हुए कहा, हम वर्ल्ड चैंपियनशिप ऑफ लीजेंड्स में प्रतिस्पर्धा करने और अपने महान क्रिकेटरों की अविश्वसनीय प्रतिभा को प्रदर्शित करने के लिए सम्मानित महसूस कर रहे हैं। हमारे कप्तान के रूप में एबी डिविलियर्स की वापसी हमारी टीम के लिए एक बड़ी उपलब्धि है और उनका नेतृत्व निस्संदेह हमें नई ऊंचाइयों पर ले जाएगा।

साउथ अफ्रीका चैंपियंस के सह-मालिक हैरी सिंह ने कहा, एबी डिविलियर्स सिर्फ एक खिलाड़ी नहीं हैं; वे एक आइकन हैं जिन्होंने दुनिया भर में लाखों लोगों को प्रेरित किया है। हमारी टीम का नेतृत्व करने का उनका निर्णय खेल के प्रति उनके प्यार का प्रमाण है और हम उन्हें टीम में शामिल करके बहुत खुश हैं। यह टीम और लीग के लिए एक ऐतिहासिक क्षण है। वर्ल्ड चैंपियनशिप ऑफ लीजेंड्स के संस्थापक और सीईओ हर्षित तोमर ने उत्साह व्यक्त करते हुए कहा, यही कारण है कि हमने डब्ल्यूसीएल की शुरुआत की - उन दिग्गजों को वापस लाने के लिए जिन्हें हम बहुत याद करते हैं। एबी डिविलियर्स के प्रशंसक के रूप में मैं उन्हें मैदान पर वापस आते देखकर रोमांचित हूं। मुझे यकीन है कि इंग्लैंड और उसके बाहर के क्रिकेट प्रेमी उनकी वापसी से खुश होंगे। डब्ल्यूसीएल के मुख्य संरक्षक निशांत पिट्टी ने कहा, वर्ल्ड चैंपियनशिप ऑफ लीजेंड्स के साथ हमारी साझेदारी क्रिकेट के स्वर्णिम युग का जश्न है। एबी डिविलियर्स की वापसी लीग की भावना को दर्शाती है और हमें इस ऐतिहासिक क्षण का गवाह बनने का सौभाग्य मिला है।

# देश में धड़ल्ले से क्रेडिट कार्ड से खर्च कर रहे लोग, सितंबर तिमाही में 34 % की बढ़ोतरी

**मुंबई ।**

भारत में क्रेडिट कार्ड के उपयोग में सितंबर तिमाही में 34 प्रतिशत की बढ़ोत्तरी हुई है, जबकि 2023 की समान अवधि में यह आंकड़ा 26 प्रतिशत के पास था। इसकी वजह ग्राहकों द्वारा अपनी खपत की जरूरतों को पूरा करने के लिए मौजूदा क्रेडिट कार्ड से अधिक खर्च करना है। यह जानकारी एक रिपोर्ट में दी गई।रिपोर्ट में कहा गया कि भारत की रिटेल क्रेडिट ग्रोथ में सितंबर 2024 को समाप्त हुई तिमाही में हल्की नरमी देखने को मिली है। इसकी वजह लोन मांग वृद्धि की दर में सामान्य गिरावट और अधिकांश लोन उत्पादों में क्रेडिट की आपूर्ति में कमी होना है।

एक आर्थिक जानकार ने बताया कि क्रेडिट कार्ड पर खर्च में मजबूत वृद्धि उपभोक्ताओं के बीच इसकी बढ़ती स्वीकार्यता को दिखाती है। यह केवल लेनदेन तक ही सीमित नहीं है, बल्कि क्रेडिट तक आसान पहुंच को भी दिखाती है। यह लेंडर्स के लिए एक मौका हो सकता है कि वे इसतरह के उपभोक्ताओं की पहचान करें जिन्हें अपने उपभोग के लिए अतिरिक्त लोन की आवश्यकता है और उन्हें बेहतर और किफायती समाधान उपलब्ध कराएं। रिपोर्ट के अनुसार, पर्सनल लोन में सालाना आधार पर दोहरे अंकों की वृद्धि दर्ज की गई, जो कि सितंबर 2024 में 11 प्रतिशत रही है। यह वृद्धि दर पिछले साल के समान अवधि के आंकड़े 32 प्रतिशत से काफी कम है।



रिपोर्ट में बताया गया है कि दोपहिया वाहनों और प्रॉपर्टी के बदले लोन में भी मजबूत वृद्धि दिखाई दी है। जानकार ने सुझाव दिया, बाजार की बदलती परिस्थितियों का मतलब है कि लेंडर्स को रिटेल लोन वृद्धि के लिए टारगेटेड एप्रोच अपनाने की आवश्यकता है।

## चीनी एआई स्टार्टअप से अमेरिकी शेयर बाजार में हलचल

**न्यूयार्क ।**

अमेरिकी शेयर बाजार में चीनी एआई स्टार्टअप डीपसीक की डीप लर्निंग तकनीक से बड़ी गिरावट आई। इसके परिणामस्वरूप नेस्डेक कम्पोजिट इंडेक्स 3 फीसदी से अधिक कम हो गया। नास्डैक में एनवीडिया कॉर्प के शेयर में 17 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई, जिससे उसका मार्केट कैप 2.90 लाख करोड़ डॉलर तक कम हो गया। तकनीकी कंपनियों में गिरावट के कारण एसएंडपी 500 टेक सेक्टर में 5.6 फीसदी की गिरावट भी दर्ज की गई। इसे लेकर मार्केट में निवेशकों की चिंता बढ़ी है। डीपसीक की क्षमता और कम लागत ने अमेरिकी टेक कंपनियों को चिंतित किया है। इसके अलावा, अमेरिका ने चीन को एडवांस्ड सेमीकंडक्टर तकनीक पर प्रतिबंध लगाया है, जिससे इस दिशा में भी खतरा बना रहा है। हालांकि डीपसीक का उच्च प्रदर्शन और लोकप्रियता के कारण यह अमेरिकी टेक इंडस्ट्री को एक नए चुनौती दे रहा है। निवेशक अब




इस स्थिति में सतर्क रहने के सुझाव पर ध्यान दें।

## कुंभ को लेकर मोटी कमाई कर रहीं विमानन कंपनियां, किराये में 200 से 700 % तक की बढ़ोतरी

### विश्व हिंदू परिषद के राष्ट्रीय प्रवक्ता ने किराए को लेकर केंद्र से की मांग

**नई दिल्ली ।** उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में चल रहे महाकुंभ में श्रद्धालुओं को तांता लगा है, अब तक 11 करोड़ से ज्यादा श्रद्धालु संगम में डुबकी लगा चुके हैं। देश ही नहीं, बल्कि विदेशों से भी लोग कुंभ पहुंचे रहे हैं, बढ़ती भीड़ के साथ ही महाकुंभ पहुंचने के लिए फ्लाइट के किराए में भी जोरदार बढ़ोतरी हुई है। दिल्ली या मुंबई से प्रयागराज जाने के लिए फ्लाइट टिकट इतना महंगा हो गया है कि इतने में आप सिंगापुर, दुबई या लंदन तक पहुंच जाएंगे। जी हां टिकट का दाम 50-60 हजार रुपये तक पहुंच गया है। महाकुंभ मेला में पवित्र स्नान के दिनों के लिए फ्लाइट टिकट में सबसे ज्यादा बढ़ोतरी देखने को मिली है। 13 जनवरी को शुरू हुए कुंभ में आने वाली 29 जनवरी को मौनी अमावस्या, 3 को बसंत पंचमी और 12 फरवरी को माघ पूर्णिमा जैसी तारीखों पर दिल्ली और मुंबई से प्रयागराज जाने वाली फ्लाइट की टिकट की कीमतें आसमान पर पहुंच गई हैं। सामान्य दिनों में दिल्ली से प्रयागराज आने और जाने का किराया 10-12 हजार रुपये के बीच होता है, वहीं मुंबई से प्रयागराज का हवाई किराया भी 15000 रुपये है। लेकिन अमृत स्नान के दिन महाकुंभ के लिए दिल्ली से प्रयागराज आने और जाने का किराया 50,000 रुपये, वहीं मुंबई से प्रयागराज की फ्लाइट टिकट की कीमतें 50-60 हजार रुपये तक पहुंच गई हैं। जी हां, दिल्ली से लंदन का किराया 3 फरवरी के लिए 30 से 37 हजार रुपये के आस-पास है, जबकि दिल्ली से सिंगापुर इस तारीख को फ्लाइट टिकट 24-25 रुपये के आस-पास है। महाकुंभ के लिए फ्लाइट टिकट की कीमतों में ताबड़तोड़ बढ़ोतरी को लेकर अब मोदी सरकार से इन पर लगाम लगाने की आवाज उठी है। विश्व हिंदू परिषद (विहिप) के राष्ट्रीय प्रवक्ता विनोद बंसल ने रॉकेट की रफ्तार से बढ़ रहे महाकुंभ के लिए हवाई किरायों पर विराम लगाने की गुहार सरकार से लगा दी है। उन्होंने पोस्ट शेयर कर कहा है कि महाकुंभ में आने वाले श्रद्धालुओं की सेवा, सुरक्षा और सुविधाओं का राज्य सरकार पूरा ध्यान रख ही रही है, लेकिन कुछ विमानन कंपनियां यात्रियों के बढ़ती संख्या का लाभ लेने के मकसद से हवाई किराए में बेतहाशा बढ़ोतरी कर रही हैं, जो अनुचित और अनैतिक है।

## रिपोर्ट में खुलासा : भारत में 30 से 35 प्रतिशत हो सकती है ईवी की बिक्री



**मुंबई ।**

इलेक्ट्रिक व्हीकल (ईवी) की हिस्सेदारी कुल बिक्री में वित्त वर्ष 30 तक बढ़कर 30 से 35 प्रतिशत हो सकती है, जो कि 2024 में 7.4 प्रतिशत और 2019 में एक प्रतिशत से भी कम थी। इसकी जानकारी एक रिपोर्ट में दी गई। रिपोर्ट में बताया गया कि जीवाश्म ईंधनों से चलने वाले वाहनों की हिस्सेदारी आने वाले वर्षों में भी कुल वाहनों की बिक्री में अधिक रहेगी, लेकिन ईवी इसमें जबरस्त बढ़ोत्तरी करेगी।

रिपोर्ट में बताया गया कि वाहनों की कम संख्या होने के कारण भारत के पास तेजी से वृद्धि का एक अनोखा मौका है। ईवी कई लोगों की पहली कार हो सकती है। यह कुछ ऐसा ही होगा, जैसे भारत में 4जी के लिए 3जी को छोड़ा। इस वजह से कुल बिक्री में ईवी की हिस्सेदारी वित्त वर्ष 30 तक 30 से 35 प्रतिशत होगी। बैटरी और इलेक्ट्रॉनिक ड्राइव यूनिट, किसी भी ईवी का मुख्य आधार इनकी हिस्सेदारी कुल लागत में करीब 50 प्रतिशत की होती है। ओईएम अपनी बैटरी की 75 प्रतिशत जरूरतों को आउटसोर्स करते हैं, लेकिन बैकवर्ड इंटीग्रेशन के कारण वित्त वर्ष 30 तक यह घटक 50 प्रतिशत होगी।

वर्ष 2030 तक 100 गीगावाट की ईवी बैटरी क्षमता प्राप्त करने के लिए करीब 500-600 अरब रुपये का पूंजीगत व्यय होने का अनुमान है।

इस दौरान चार्जिंग इंफ्रास्ट्रचर को बढ़ाने के लिए 200 अरब रुपये के निवेश की आवश्यकता होगी। रिपोर्ट में बताया गया कि भारत का ईवी इंसेंटिव काफी अच्छा है। पीएम ई-ड्राइव विशिष्ट वाहन वर्गों को बढ़ावा देता है और चार्जिंग इंफ्रास्ट्रक्चर के विस्तार को भी

# भारतीय विमान रखरखाव, मरम्मत व संरक्षण राजस्व 50 फीसदी बढ़ने की उम्मीदः क्रिसिल

### - राजस्व वित्त वर्ष 2025-26 में 4,500 करोड़ हो सकता है पार

**मुंबई।**

विमानन कंपनियों के अपने बेड़े का आकार बढ़ाने से पैदा हुई मांग के बीच भारतीय एमआरओ उद्योग को अगले वित्त वर्ष में 4,500 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त करने की उम्मीद है। रेटिंग एजेंसी क्रिसिल ने तीन एमआरओ परिचालकों पर आधारित एक अध्ययन में इस उत्थान की भविष्यवाणी की है। क्रिसिल की रिपोर्ट के अनुसार, घरेलू विमान रखरखाव, मरम्मत और संरक्षण उद्योग का राजस्व वित्त वर्ष 2025-26 में 4,500 करोड़ रुपये को पार कर जाएगा, जिसमें 2023-24 की तुलना में 50 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज होगी। एमआरओ कंपनियों को घरेलू एमआरओ कंपनियों के मुकाबले अधिक प्रतिस्पर्धी बनाने में मदद मिलेगी और उनकी कार्यशील पूंजी का संभावित बढ़ना भी होगा। भारतीय एमआरओ कंपनियां मुख्य रूप से तीन प्रकार की सेवाएं प्रदान करती हैं - लाइन चेक, एयर फ्रेम चेक और पुनर्वितरण जांच। रिपोर्ट के अनुसार, इन सेवाओं में वृद्धि की संभावना है और नए विमानों के शामिल होने से भारतीय परिचालकों के हवाई बेड़े में वृद्धि देखने की उम्मीद है।



क्रिसिल रेटिंग्स के निदेशक ने बताया कि पुनर्वितरण जांच की वृद्धि के समय प्रेरित होने से सभी विमान घटकों पर गीएसटी इनपुट टैक्स कम होगा। इस सुधार से भारतीय एमआरओ कंपनियों की उदारि और व्यापकता में वृद्धि की उम्मीद है।

## भारत-इंडोनेशिया के बीच व्यापार में 30 अरब डॉलर की हो सकती है वृद्धिः बाकरी

**नई दिल्ली ।**

इंडोनेशिया चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्री (केएडीआईएन) के प्रमुख अनिंद्य बाकरी ने दूसरे देशों के साथ भारत और इंडोनेशिया के बीच द्विपक्षीय व्यापार की संभावनाओं के बारे में व्यापक चर्चा की। बाकरी ने कहा कि दोनों देशों के बीच व्यापार का हो सकता है बड़ा बढ़ता हुआ संबंध जिससे भारत और इंडोनेशिया के बीच व्यापार करीब 30 अरब अमेरिकी डॉलर का हो सकता है। उन्होंने उम्मीद जताई कि दोनों देश एक साथ मिलकर वृद्धि करेंगे और प्रभावी तरीके से विश्व की सेवा करेंगे। इस व्यापार के बड़े मौके को देखते हुए भारत और इंडोनेशिया के बीच सांस्कृतिक संबंध, व्यापार व निवेश संबंधों को गहरा करने में केंद्रित कंपनी बाकरी एंड ब्रदर्स ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। इससे पहले भारत और इंडोनेशिया के इस वर्ष व्यापार व निवेश पर कार्य समूह की दूसरी बैठक होगी, जिसमें दोनों देशों के व्यापार मंत्रियों के समाधान के लिए उम्मीद है। इसके साथ ही अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के वक्ताओं ने ब्रिक्स देशों के साथ बातचीत की महत्वता को भी उजागर किया।



## भारत में निवेश की घोषणाओं में 39 फीसदी की वृद्धि

### वित्त वर्ष 25 के पहले 9 महीने में कुल निवेश 32 लाख करोड़

**मुंबई ।** भारत के निवेश पारिस्थितिकी तंत्र और बाहरी वाणिज्यिक ऋण में पिछले कुछ वर्षों में कुछ बदलाव देखा जा रहा है। वित्त मंत्रालय ने हाल ही में बताया है कि निवेश की घोषणाओं में वृद्धि हो रही है और निजी क्षेत्र का इसमें अहम योगदान है। वित्त वर्ष 2025 के पहले नौ महीनों (अप्रैल से दिसंबर 2024) में कुल निवेश घोषणाएं 32.01 लाख करोड़ रुपये रही। यह पिछले साल की तुलना में 39 फीसदी अधिक है, क्योंकि वित्त वर्ष 24 में ये घोषणाएँ 23 लाख करोड़ रुपये थीं। इस वृद्धि से निवेश पर सकारात्मक रुझान दिख रहे हैं। निवेश घोषणाओं में निजी क्षेत्र का योगदान बढ़कर 70 फीसदी तक पहुंच गया है, जबकि वित्त वर्ष 24 में यह आंकड़ा 56 फीसदी था। इसका मतलब है कि कॉर्पोरेट क्षेत्र में विश्वास मजबूत हो रहा है और कंपनियां ज्यादा निवेश करने के लिए तैयार हैं। मार्च 2024 तक भारतीय कॉर्पोरेट्स का कुल ग्रॉस ब्लॉक 106.50 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गया, जो मार्च 2020 में 73.94 लाख करोड़ रुपये था। पिछले 5 वर्षों में औसतन 8 लाख करोड़ रुपये से अधिक का इजाफा हर साल कॉर्पोरेट ग्रॉस ब्लॉक में हुआ है।

## डीपसीक के हमले से विश्व के अमीरों की संपत्ति में भारी गिरावट

### -जुकरबर्ग और बेजोस को हुआ फायदा

**मुंबई।** चीनी एआई डेवलपर डीपसीक ने दुनिया भर के टॉप अमीरों की संपत्ति में भारी नुकसान कर दिया है। डीपसीक के हमले के कारण अमेरिका समेत अन्य देशों की शेयर मार्केट में गिरावट आई है। डीपसीक के हमले के परिणाम स्वरुप दुनिया के टॉप 500 अमीरों की संपत्ति में गिरावट आ गई है। उनकी नेटवर्थ कुल मिलाकर 108 अरब डॉलर कम हो गई है। इस हमले से सबसे ज्यादा नुकसान अमेरिकी शेयर मार्केट को हुआ है। अमेरिकी शेयर मार्केट में 3.1 फीसदी की गिरावट आई है और उसके परिणामस्वरूप अमेरिकी अरबपतियों को भी भारी नुकसान हुआ है। इस गिरावट का सबसे ज्यादा प्रभाव ओरेकल कॉर्प के को-फाउंडर लैरी एलिसन और एनवीडिया कॉर्प के को-फाउंडर जेन्सन हुआंग पर दिखा है। इन दोनों धनकुबेरों की संपत्ति में 20 फीसदी से ज्यादा की गिरावट आई है। इस गिरावट के बाद भी कुछ टेक कंपनियों के अरबपति अपनी संपत्ति में इजाफा देख रहे हैं। इसके बावजूद यह हमला टेक सेक्टर के दिग्गजों को 94 अरब डॉलर का नुकसान पहुंचा चुका है। सोमवार को हुई गिरावट के बाद मार्क जुकरबर्ग की संपत्ति में बढ़ोतरी है जबकि जेफ बेजोस और बिल गेट्स भी इजाफा देख रहे हैं।

## टियर 2 और टियर 3 बाजारों में 24 मिलियन नए रोजगार के अवसर उत्पन्न होंगे

### भारत में पर्यटन उद्यम की जीडीपी अगले दशक में 7.1 प्रतिशत सालाना बढ़ेगी

**नई दिल्ली ।**

एक नवीनतम रिपोर्ट के अनुसार भारतीय छोटे शहरों के तेज विकास से साल 2033 तक टियर 2 और टियर 3 शहर के बाजारों में लगभग 24 मिलियन नए रोजगार के अवसर उत्पन्न होने की संभावना है। इसका 75 प्रतिशत हिस्सा पुरुष और 25 प्रतिशत हिस्सा महिलाएं होंगी। विश्व यात्रा और पर्यटन परिषद का अनुमान है कि भारत में पर्यटन उद्यम की जीडीपी अगले दशक में 7.1 प्रतिशत सालाना बढ़ेगी। वर्तमान में पर्यटन और आतिथ्य सेक्टर देश में रोजगार का लगभग 8 प्रतिशत योगदान करता है। रिपोर्ट के मुताबिक क्षेत्रीय खर्च 2034 तक 1.2 गुना बढ़ने की संभावना है और इससे देश में कुशल कार्यबल की मांग और अधिक बढ़ेगी। महामारी के प्रभाव के बाद अधिक कनेक्टिविटी और धार्मिक पर्यटन की लोकप्रियता के कारण टियर 2 और 3 शहर अब पर्यटन के प्रमुख केंद्र बन रहे हैं। रिपोर्ट में कहा गया है कि 2028 तक, इस क्षेत्र से 59 बिलियन डॉलर का राजस्व उत्पन्न होने की उम्मीद है और 2030 तक अस्थायी और स्थायी नौकरियां सृजित होंगी। धार्मिक पर्यटन केंद्र जैसे अयोध्या, वाराणसी, हरिद्वार और मथुरा इस वृद्धि का नेतृत्व कर रहे हैं। आगे बढ़ रहे शहरों में लखनऊ, जयपुर, कोच्चि और ऋषिकेश भी हैं। इन शहरों में नए ट्रेंड्स जैसे डेस्टिनेशन वेडिंग, एडवेंचर स्पोर्ट्स, इकोटूरिज्म और सांस्कृतिक पर्यटन भी उभर रहे हैं। इस क्षेत्र के विकास के लिए टूर गाइड, होटल स्टाफ और स्थानीय कारीगरों को अच्छे से प्रशिक्षित करने की आवश्यकता है।

# शेयर बाजार तेजी के साथ बंद

**मुम्बई ।**

भारतीय शेयर बाजार गत दिवस की भारी गिरावट से उबरते हुए मंगलवार को बढ़त पर बंद हुआ । सप्ताह के दूसरे ही कारोबारी दिन बाजार में ये उछाल दुनिया भर से मिले अच्छे संकेतों के साथ ही खरीदारी हावी रहने से आया है। दिन भर के कारोबार के बाद 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसक्स 535.24 अंक करीब 0.71 फीसदी की बढ़ोतरी लेकर 76,190.46 अंक पर बंद हुआ। वहीं इसी प्रकार 50 शेयरों वाला नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (निफ्टी ) भी अंत में 128.10 अंक तकरीबन 0.56 फीसदी ऊपर आकर 22,957.25 पर बंद हुआ। आज निफ्टी के 28 स्टॉक्स लाभ के साथ ही हरे निशान पर बंद हुए। सबसे ज्यादा बढ़त बजाज फाइनेंस, एक्सिस बैंक, श्रीराम फाइनेंस, बजाज फिनसर्व और एचडीएफसी बैंक के शेयरों में रही। इनकी बढ़त 4.32 फीसदी तक रही जबकि सन फार्मा, हिंदाल्को, ब्रिटानिया इंडस्ट्रीज, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स और ग्रासिम के स्टॉक्स गिरावट के साथ ही लाल निशान पर बंद हुए, जिनकी गिरावट 4.24 फीसदी तक रही।

बड़ी कंपनियों के बाजारों में मिडकैप 100 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 इंडेक्स में 0.51 फीसदी और 1.81 फीसदी की गिरावट रही। सेक्टोरल मार्केट में आज बैंकिंग शेयरों ने अच्छा प्रदर्शन किया। निफ्टी बैंक, पीएसबी (पब्लिक सेक्टर बैंक) और प्राइवेट बैंक इंडेक्स एक फीसदी से ज्यादा बढ़त के साथ बंद हुए। इसके अलावा, निफ्टी रियल्टी इंडेक्स 2 फीसदी से ज्यादा बढ़ा, जबकि निफ्टी वित्तीय सेवाओं और वाहन इंडेक्स 1 फीसदी से अधिक बढ़त के साथ बंद हुए। निफ्टी एफएमसीजी आईटी फार्मा, हेल्थकेयर और कंज्यूमर ड्यूरेबल्स इंडेक्स गिरावट पर बंद हुए। इसमें 2.12 फीसदी तक गिरावट रही।




सेंसेक्स के शेयरों में, बजाज फाइनेंस, एक्सिस बैंक, बजाज फिनसर्व, एचडीएफसी बैंक, टाटा मोटर्स, टाटा स्टील, आईसीआईसीआई बैंक, महिंद्रा एंड महिंद्रा, जोमैटो, इंडसइंड बैंक, मारुति सुजुकी इंडिया और भारती एयरटेल के शेयरों में बढ़त रही। वहीं, सन फार्मास्युटिकल, लार्सन एंड टुब्रो, आईटीसी, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, एनटीपसी, पावर ग्रिड, नेस्ले इंडिया, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज और एशियन पेंट्स के शेयरों में गिरावट रही।

एशियाई बाजारों की बात करें तो जापान के टोक्यो का बाजार गिरावट पर रहा जबकि हांगकांग के बाजार में तेजी रही। सियोल और शंघाई के बाजार छुट्टियों के कारण बंद रहे। यूरोपीय बाजारों ने शुरुआती सत्र में बढ़त दर्ज की। ब्रिटेन का एफटीएसहई 100 इंडेक्स 0.55फीसदी, जर्मनी का डीएएक्स 0.44 फीसदी और पेरिस का सीएसी 40 0.33 फीसदी की बढ़त पर थे। वहीं अमेरिकी बाजार गत दिवस गिरावट के साथ बंद हुए थे। इससे पहले आज सुबह बढ़त के साथ शेयर बाजार की शुरुआत हुई। सेंसेक्स 370.49 अंकों की बढ़त के साथ 75,736.66 पर कारोबार करता नजर आया, जबकि निफ्टी50 106.10 अंकों की बढ़त के साथ 22,935.25 पर कारोबार करता दिखा।

# मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में बिना लॉक इन और एग्जिट चार्ज के निवेश का मौका

### - निवेशक कभी भी अपने पैसे निकाल सकते हैं, कोई अतिरिक्त शुल्क नहीं देना होगा


**नई दिल्ली ।**

यूटीआई म्यूचुअल फंड ने अपना नया ओपन-एंडेड इक्विटी स्कीम 'यूटीआई निफ्टी इंडिया मैन्युफैक्चरिंग इंडेक्स फंड - रेगुलर प्लान' लॉन्च किया है। यह फंड निफ्टी इंडिया मैन्युफैक्चरिंग टीआरआई को ट्रैक करता है, जो भारत के मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर की कंपनियों का प्रदर्शन दर्शाता है। इसका उद्देश्य इंडेक्स की परफॉर्मेंस के अनुसार रिटर्न देना है, हालांकि ट्रैकिंग एरर के चलते कुछ अंतर हो सकता है। यह न्यू फंड ऑफर 28 जनवरी को लॉन्च हो गया और 10 फरवरी 2025 को बंद हो जाएगा। इस स्कीम की खासियत यह है कि इसमें कोई लॉक-इन पीरियड नहीं है और न ही एग्जिट लोड लगेगा। इसका मतलब है कि निवेशक कभी भी अपने पैसे निकाल सकते हैं, और इसके लिए कोई अतिरिक्त शुल्क नहीं देना होगा। एनएफओ और प्लान्स में मिनिमम इन्वेस्टमेंट 1,000 रुपए है, जिसके बाद 1 रुपए के मल्टीपल्स में इन्वेस्टमेंट किया जा सकता है। फोलियो में दोबारा इन्वेस्टमेंट के लिए भी मिनिमम अमाउंट 1,000 रुपए है और 1 रुपए के मल्टीपल्स में आगे इन्वेस्ट किया जा सकता है। मैक्सिमम इन्वेस्टमेंट की कोई लिमिट नहीं है। यूनिट्स का अलॉटमेंट एप्लिकेबल स्टांप ड्यूटी और ट्रांजैक्शन चार्जेज डिडक्ट करने के बाद ही किया जाएगा। एसआईपी (सिस्टेमैटिक इन्वेस्टमेंट प्लान) के ऑप्शन्स में डेली, वीकली और मंथली एसआईपी के लिए मिनिमम अमाउंट 500 रुपए है, जबकि क्वार्टरली एसआईपी के लिए 1,500 रुपए तय की गई है। दोनों ही केसेस में 1 रुपए के मल्टीपल्स में इन्वेस्टमेंट पॉसिबल है।

## सर्राफा बाजार में गिरावट जारी, सोना और चांदी की घटी कीमत

**नई दिल्ली।** घरेलू सर्राफा बाजार आज लगातार तीसरे दिन गिरावट नजर आ रही है। कीमत में गिरावट आने के कारण देश के ज्यादातर सर्राफा बाजारों में 24 कैरेट सोना आज 82,240 रुपये से लेकर 82,390 रुपये प्रति 10 ग्राम के दायरे में कारोबार कर रहा है। इसी तरह 22 कैरेट सोना भी आज 75,390 रुपये से लेकर 75,540 रुपये प्रति 10 ग्राम के बीच बिक रहा है। चांदी की कीमत में भी आज 1,000 रुपये प्रति 10 ग्राम की कमजोरी आई है, जिसके कारण दिल्ली सर्राफा बाजार में ये चमकीली धातु आज 96,400 रुपये प्रति किलोग्राम के स्तर पर कारोबार कर रही है। देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना 82,390 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 75,540 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। वहीं देश की आर्थिक राजधानी मुंबई में 24 कैरेट सोना 82,240 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 75,390 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर बिक रहा है। इसी तरह अहमदाबाद में 24 कैरेट सोने की रिटेल कीमत 82,290 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोने की कीमत 75,440 रुपये प्रति 10 ग्राम दर्ज की गई है। इन प्रमुख शहरों के अलावा चेन्नई में 24 कैरेट सोना आज 82,240 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर और 22 कैरेट सोना 75,390 रुपये प्रति 10 ग्राम की कीमत पर बिक रहा है। इसी तरह कोलकाता में भी 24 कैरेट सोना 82,240 रुपये प्रति 10 ग्राम और 22 कैरेट सोना 75,390 रुपये प्रति 10 ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है।

## फेडरल बैंक का मुनाफा तीसरी तिमाही में पांच प्रतिशत घटा




**नई दिल्ली ।** निजी क्षेत्र के फेडरल बैंक का मुनाफा चालू वित्त वर्ष की दिसंबर तिमाही में पांच प्रतिशत घटकर 955 करोड़ रुपये रह गया। एक साल पहले इसी तिमाही में बैंक ने 1,007 करोड़ रुपये का लाभ दर्ज किया था। शेयर बाजार को दी जानकारी के मुताबिक समीक्षाधीन तिमाही के दौरान बैंक की कुल आय बढ़कर 7,725 करोड़ रुपये हो गई, जो एक साल पहले इसी अवधि में 5,593 करोड़ रुपये थी। वित्त वर्ष 2024-25 की अक्टूबर-दिसंबर तिमाही में ब्याज आय भी बढ़कर 6,809 करोड़ रुपये हो गई, जो एक साल पहले इसी अवधि में 5,730 करोड़ रुपये थी। परिसंपत्ति गुणवत्ता के मोर्चे पर, बैंक का सकल एनपीए (गैर-निष्पादित परिसंपत्ति) सालाना आधार पर 2.29 प्रतिशत से सुधरकर 1.95 प्रतिशत हो गया। इसी तरह शुद्ध एनपीए 0.64 प्रतिशत से घटकर 0.49 प्रतिशत हो गया।

# टीएसएएफ जीतलक टाटा स्टील स्पोर्ट क्लाइम्बिंग चैंपियनसिप कप

**जमशेदपुर।** टाटा स्टील स्पोर्ट क्लाइम्बिंग चैंपियनशिप-2025 में खेलाड़ीमन पूरा एकाग्रता आउर जुनून कर संगे प्रतिस्पर्धा करलयं। बिभिन्न श्रेनी कर प्रतिभागीमन लीड, बोल्डर आउर स्पीड क्लाइम्बिंग में आपन सानदार कौसल कर परदरसन करलयं। उनकर ऊर्जा आउर जुनून माहौल के जीवंत आउर यादगार बनाय देलक। टीएसएएफ सउब से बेसी पदक जीत के अधिकतम अंक हासिल करलक आउर ई किसिम कर टाटा कप आपन नाव करलक। खेल आउर रास्ट्रीय गर्ब कर अद्भुत संगम कर संगे 76वां गणतंत्र दिवस 26 जनवरी के टीएसएएफ स्पोर्ट क्लाइम्बिंग एकेडमी में भव्यता कर संगे मनाल गेलक। टाटा स्टील कर वाइस प्रेसिडेंट (कॉरपोरेट सर्विसेज) चाणक्य चौधरी आउर खेल जगत कर अन्य गोतियामन आपन उपस्थिति से समारोह कर सोभा बढ़ालयं।



कार्जकरम कर सुरुआत रास्ट्रीय ध्वज फहरायेक कर संगे होलक, जेकर बाद एगो रंगारंग सांस्कृतिक कार्जकरम कर प्रस्तुति होलक। इकर में छउवामन आपन प्रतिभा कर सानदार परदरसन करलयं, जेकर से पूरा माहौल में जोस आउर उत्साह भइर गेलक।

खेल आउर रास्ट्रीय परब कर ई अनोखा समागम ई दिन के सउब ले याइदगार बनाय देलक। चाणक्य चौधरी जुवा बिजेतामन के पुरस्कार देइ के उनकर उत्साह बढ़ालयं।

टाटा स्टील स्पोर्ट क्लाइम्बिंग चैंपियनसिप 2025 कर समापन समारोह 27 जनवरी के टीएसएएफ स्पोर्ट क्लाइम्बिंग एकेडमी में आयोजित करल गेलक। ई अवसर में जेसीएपीसीपीएल कर प्रबंध निदेशक अभिजीत अविनाश ननोती, एसपी सिटी कुमार शिवाशिष, चीफ स्पोर्ट्स मुकुल विनायक चौधरी, हेड स्पोर्ट्स एकेडमीज एंड एडवेंचर प्रोग्राम हेमंत गुप्ता, आउर टाटा स्टील, जेसीएपीसीपीएल आउर क्लाइम्बिंग से जुड़ल सदस्यमन संगे आउर अधिकारी उपस्थित रहयं।



# झारखंड जिमनास्टिक एसोसिएशन कर खेलाड़ीमन सीएम से करलयं मुलाकात

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में झारखंड जिमनास्टिक एसोसिएशन कर खेलाड़ीमन 28 जनवरी के भेंट करलयं। ऊमन मुख्यमंत्री के बतालयं कि ई बछर 10 से 13 जनवरी तक जम्मू में आयोजित राष्ट्रीय एरोबिक जिम्नास्टिक चैंपियनसिप में झारखंड कर जिमनास्टमन सानदार परदरसन करते दू गो पदक हासिल करलयं। खेलाड़ीमन मुख्यमंत्री के ई भी बतालयं कि उत्तराखंड में आयोजित होवेक वाला नेसनल गेम्स कर ऐरो डांस इवेंट ले झारखंड कर पांच गो खेलाड़ीमन कर टीम क्वालीफाई कइर हे। मुख्यमंत्री खेलाड़ीमन के पदक जीतेक ले बधाई आउर सुभकामना देलयं।

ई मौका में झारखंड जिमनास्टिक एसोसिएशन कर एडमिन सेक्रेटरी दीपक कुमार साहू कर संगे जिमनास्ट विकास कुमार गोप, चाहत कुमार केरकेट्टा, सुश्री दीपिका लामा, आयुष, टोनू गोपाल, अमित गोप, अनुराग कुमार, सुश्री हेमा कुमारी आउर सुश्री प्रिया यादव सामिल रहयं।

# सीएमपीडीआई कर सीएसआर पहल कर अंतर्गत स्थापित वाटर कूलर कर उद्घाटन

**रांची।** सीएमपीडीआई कर क्षेत्रीय संस्थान-3, रांची कर द्वारा निगमित सामाजिक दायित्व (सीएसआर) कर अंतर्गत झारखंड कर रांची जिला कर कांके आउर बुढ़मू ब्लॉक कर बोरिया, मक्का, चकमे आउर मूरूपिरी संगे 4 गो पंचायत कर बिद्यालय, आंगनबाड़ी, सामुदायिक आउर सार्वजनिक अस्थलमन में 'यथासंभव प्रयास सम्पूर्ण विकास' (वाईपीएसवी) संस्था कर सहजोग से आरओ सिस्टम कर संगे 20 गो वाटर कूलर लगवालयं। ई सिस्टम कर माध्यम से सीएमपीडीआई कर कमांड एरिया/परिचालन छेतर में निवास करहेक वाला ग्रामीन आउर उकर आसपास कर स्थानीय समुदायमन के सफा आउर सुरछित पेयजल उपलब्ध होवी।

ई परिप्रेछ में बोरिया स्थित बिरसा मध्य बिद्यालय में आइज वाटर कूलर सिस्टम कर उद्घाटन समारोह आयोजित करल गेलक। मौका में सीएमपीडीआई कर क्षेत्रीय संस्थान-3-रांची कर महाप्रबंधक (माइनिंग) सैकत चटर्जी, उप प्रबंधक (कम्युनिटी डेवलपमेंट/सीएसआर) शैलेश चंद्र, बोरिया कर मुखिया सोमा उरांव, 'यथासंभव प्रयास सम्पूर्ण विकास' (वाईपीएसवी) संस्था कर सचिव इंद्रजीत संगे स्थानीय निवासी आउर सामुदायिक हितधारक उपस्थित रहयं।

ई अवसर में श्री चटर्जी कहलयं कि आपन कमांड एरिया/परिचालन छेतर में स्थानीय निवासी आउर समुदायमन ले सतत् बिकास, स्वच्छ आउर स्वस्थ बाताबरन तैयार करेक सीएमपीडीआई कर प्रतिबद्धता के देखायला। स्थानीय निवासीमन ई पहल ले सीएमपीडीआई कर प्रति आभार प्रकट करलयं। कहलयं कि इकर से इस्कूल कर बिद्यार्थीमन आउर स्थानीय निवासीमन दुईयों लाभप्रद होंबयं।



# सेल कर बारसिक खेल कर समापन, बिजेता होलयं पुरस्कृत



**रांची।** रांची में स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) इकाई आपन बहुप्रतीछित मेगा बारसिक खेल आयोजन कर समापन करलक। पिछला पखवाड़ा से आयोजित ई कार्जकरम में बिभिन्न श्रेनीमन में 78 गो प्रभावसाली कार्जकरम होलक, जेकर में करमचारीमन, उनकर जीवनसंगी आउर छउवामन हिस्सा लेलयं।

बाहरी कार्जकरम समारोह कर मुध आकरसन में दौड़ (100 मीटर, 200 मीटर आउर 400 मीटर), डिस्कस थ्रो, शॉट-पुट, बॉल थ्रो आउर लोकप्रिय सुई धागा प्रतिजोगिता जैसन गतिबिधि सामिल रहे। इकर में सउब आयु बर्ग कर प्रतिभागी सामिल होलयं। जोड़ामन ले बिसेस बैलून गेम भी रहे। जीवंत आउर प्रतिस्पर्धी माहौल सेल समुदाय कर बीच टीम वर्क आउर खेल भावना के परदरसित करलयं।




पुरस्कार बितरन आउर समापन समारोह में मुध गोतिया वेद प्रकाश, ईडी (डिजिटल ट्रांसफॉर्मेशन), संजय धर सीजीएम (एचआर-एलएंडडी), एमटीआई, एसके गुप्ता सीजीएम (आरएमजी), एसपी दास सीजीएम (सीईटी) ई कार्जकरम कर समन्वयन आउर निगरानी सेल रांची इकाई कर मुख्य महाप्रबंधक (मानव संसाधन) आउर अध्यछ (एसयूएससी) एस जे जाचुक कर द्वारा करल गेलक।

पुरस्कार बितरन समारोह कर माध्यम से इकर सुचारू क्रियान्वयन आउर सफलता के सुनिश्चित करल गेलक। सम्मानित गोतिया आउर आयोजन समिति के धन्यवाद महाप्रबंधक आउर उपाध्यछ (एसयूएससी) संजीव कुमार देलयं।

**नागपुरी कविता**

## मोंय जावान



संतोष महली

मोंय जावान,मोंय जावान
मोंय जावान,मोंय जावान !!
देश लेगिन करथों
खुद के कुरबान,
चाहे देवेक पड़ी मोंके
माटी लेगिन जान,
मोंय जावान मोंय जावान !!
आजादी कर सांझ
कभी,होवे नी देवब,
आंचरा निलाम मांय
कर,होवे नी देवब,
बोडर में गोड़ माड़ाय के
लइड़ लेबुं अपन मोंय
छाती के आंड़ाय के...
मोंय जावान मोय जावान !!
कटी अगर गरदन तो
कइट जाय देउ,
बांधु गोला बारूद मोंके
आगे बढ़े देउ,
दुश्मन के माइर भागाय के
देखाय देबुं ओहे जगन
तिरंगा फहराया के।
मोंय जावान,मोंय जावान
मोंय जावान,मोंय जावान !!



# कला, नृत्य आउर सिंगिंग कार्जकरम में छउवामन मचालयं धूम

**रांची।** रोटरी क्लब नॉर्थ, मेरी आवाज-मेरी पहचान आउर बाल संस्कारसाला कर संजुक्त तत्वावधान में कला, नृत्य आउर सिंगिंग कार्जकरम कांके इस्थित डेविस हॉस्पिटल कर एबी डेविस मेमोरियल हॉल में आयोजित करल गेलक। इकर में छउवामन रंगारंग प्रतिजोगिता में आर्ट आउर क्राफ्ट में हिस्सा लेवेक कर संगे-संगे आपन-आपन मनमोहक नृत्य से सउब के भाव बिभोर करलक।



सुलोचना शाहदेव कर संचालन में छउवामन जबरदस्त गीत गाय के समां बांधलयं। छोट छउवामन देसभक्ति गीत में जबरदस्त डांस करलयं। कार्जकरम में आवाल सउब मेहमानमन कर छउवामन खूब मनोरंजन करलयं। बाल संस्कारसाला कर 52 गो छउवामन चित्रकला गायन आउर नृत्य में भाइग लेलयं।

कार्जकरम कर मुध गोतिया बॉलीवुड एक्टर देवेश खान रहयं। ऊ कहलयं कि हियां कर छउवामन में ढेइरे प्रतिभा आहे। मायं-बाप के छउवामन उपरे मेहनत करेक चाही। पढ़ाई कर संगे-संगे संगीत भी जरूरी आहे। बिसिस्ट गोतिया आनंद जालान, किशन अग्रवाल, बुलंद अख्तर, गुलजार खान, सिछिका सुलोचना शाहदेव, कृति शाह, श्रीमती सुरभि रंजन आउर श्रीमती पूजा यादव उपस्थित रहयं। निरनायक मंडली में डेविस हॉस्पिटल कर प्रबंधक हेजल, मेरी आवाज मेरी पहचान कर संस्थापक कुमार गहलोत आउर सचिव कविता होरो, जुनैद आलम, राहुल कुमार, वीणा श्री, पिया बर्मन, राजीव रंजन, रोटरी क्लब ऑफ नॉर्थ रांची कर अध्यछ निहार कांता दास, सचिव रिचड दोलय आउर रोटरी क्लब कर सदस्य उपस्थित रहयं।




मुद्रक व प्रकाशक **नीलम सिंह** द्वारा झारखंड वनिता उद्योग एसएचजी के लिए श्याम नगर, गांधी नगर सीसीएल कॉलोनी डीएवी गांधी नगर स्कूल के पीछे, थाना गोंदा, जिला-रांची, राज्य झारखंड-834008 से प्रकाशित एवं शिवा साईं पब्लिकेश प्राइवेट लिमिटेड रातू, काठीटांड़ टेंडर बगीचा के नजदीक, एचपी पेट्रोल पंप, पोस्ट व थाना रातू, रांची, झारखंड-835222 में स्थित प्रिंटिंग प्रेस में मुद्रित। आरएनआई पंजीयन संख्या. **JHABIL/2023/86791**, **संपादक** : नीलम सिंह, **प्रबंध संपादक** : कृशन गोपालका, **सलाहकार संपादक** : रतन लाल अग्रवाल। **फोन नंबर** : 8210640230, 9934166306, **ईमेल आइडी** : jharkhandwanitaudyog@gmail.com